सेंसेक्स 71,106.96 ▲ +241.86
डॉलर 83.2325 ▼ -0.0325

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 11.0 | 13.0 |
| धनबाद | 25.0 | 13.0 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 12.0 | 16.0 |
| पलामू | 24.0 | 12.0 | 15.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 23 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 316, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — संसद में फैलाये गये धुएं पर हो रही ... 8


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


राहुल ने संसद में घुसपैठ करने वालों का ...12 — देश/विदेश


## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,600

चांदी (1 किलो) 81,000

# नए साल में सुरक्षा के लिए शक्ति कमांडो के साथ 700 जवान रहेंगे तैनात

**आरएनएम। रांची**

नव वर्ष के आगमन को लेकर राजधानी और उसके आसपास के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ उमड़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। सैलानियों की यह भीड़ नए साल के आगमन पर और बढ़ेगी। ऐसे में सैलानियो की सुरक्षा और हुड़दंगिओ पर नकेल कसने के लिए रांची पुलिस के तरफ से बड़ी तैयारी की गई है। सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। पूरे रांची में 700 से अधिक अतिरिक्त बल तैनात किए जा रहे हैं। महिलाओं से होने वाली छेड़खानी की घटनाओं को रोकने के लिए राजधानी में 50 शक्ति कमांडों भी तैनात किए गए हैं। 25 दिसंबर से लेकर 15 जनवरी तक शक्ति कमांडो शहर में स्थित सभी पार्कों पर नजर रखेंगी।



### पुलिस सहायता केंद्र

एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि रांची के आस पास स्थित दसम, जोन्हा फॉल जैसे सभी पिकनिक स्पॉट्स पर पुलिस सहायता केंद्र खोले जा रहे हैं। पर्यटन मित्रों के साथ भी इस कार्य मे मिलेगा। वही पुलिस के द्वारा नशे में वाहन चलाने वालों की जांच करने के लिए कुछ स्थान को चिन्हित किया गया है, जहां पर रात में चेकिंग की जायेगी। नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने पर पुलिस उनसे सख्ती से निबटेगी।



पिकनिक स्पॉट की सुरक्षा में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जिले के थानेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। आम लोगों से भी सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की गई है। जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर एक सूचना बोर्ड और फ्लेक्स लगाकर सावधानी बरतने की अपील की गई है ,उसमें स्थानीय थाना प्रभारी और डीएसपी का नंबर भी अंकित किया गया है, साथ ही इमरजेंसी की स्थिति में डायल 100 और 112 पर सूचना देने की अपील भी की गई है।

–चंदन सिन्हा, एसएसपी–रांची

### एनडीआरएफ और गोताखोर अलर्ट पर

एसएसपी ने बताया कि वैसे फॉल और झरनें जहां डूबने का खतरा बना रहता है, उन जगहों पर एनडीआरएफ टीम और गोताखोरों को अलर्ट पर रखा गया है, सैलानियो से अपील की गयी है कि खतरनाक स्थानों पर जाकर सेल्फी ना लें, डूबने वाले इलाके में स्नान के लिए न उतरे।

## एक नजर

### मानहानि से जुड़े मामले में राहुल गांधी की सुनवाई 4 जनवरी को



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में शुक्रवार को आंशिक सुनवाई हुई। जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए चार जनवरी की तिथि निर्धारित की है। नवीन झा की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार एवं अधिवक्ता विनोद साहू ने पक्ष रखा। पूर्व में अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह मामला साल 2018 का है। उस दौरान नई दिल्ली में कांग्रेस अधिवेशन के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर निशाना साधा था।

### आज से 39.50 रुपये सस्ता हुआ कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों में नरमी के बीच वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की कीमतों में शुक्रवार को प्रति सिलेंडर 39.50 रुपये की कटौती की गई। हालांकि, घरेलू इस्तेमाल वाले रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) का दाम 903 रुपये पर कायम है। स्थानीय कर के आधार पर दरें अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन्न होती हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार रिकॉर्ड 21वें महीने स्थिर बनी हैं।

### झारखंड की डिजिटल पंचायतों में अब 'डाक मित्र' भी रहेंगे




**रांची।** राज्य की डिजिटल पंचायतों में सीएससी केंद्रों के द्वारा डाक मित्र सेवाएं भी मिलनी शुरू हो गयी हैं। फिलहाल पहले फेज में इसे आईएसओ परियोजना के लिए चिन्हित पंचायतों में लागू किया गया है। धीरे धीरे बाकी सभी पंचायतों में भी डाक विभाग की सेवाएं मिलने लगेंगी, जिन 30 चयनित ग्राम पंचायतों में अभी (पहले फेज में) डाक सेवाएं शुरू की गई हैं, उनमें डाक विभाग के स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट की सुविधा सीएससी के जरिये मिलने लगी हैं। इससे अब ग्रामीणों को अपनी पंचायतों के जरिये ही डाक सेवाएं मिलने लगी हैं और शहरों की ओर दौडने के झंझट से छुटकारा मिलने भी लगा है।

# न दिल्ली से न रांची से गांव से चलेगी सरकार

**आरएनएम। रांची/धनबाद**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को धनबाद के बलियापुर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता से मुखातिब थे। गुरुवार विधानसभा में प्रदर्शित तेवर को जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार न दिल्ली से चलेगी और न ही रांची, झारखंड की सरकार गांव से चलेगी। उन्होंने सरकार के कार्यों में बाधा पहुंचाने के लिए विपक्षी दलों व नेताओं पर भी जमकर हमला बोला। सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने क्या किया यह देख कर चिंता होती है। इसलिए हम सरकार को ही आपके द्वार लेकर आये हैं ताकि आपकी समस्या का समाधान तत्काल आपके सामने हो सके। कहा कि लोगों को सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं इसका आकलन करने वे हर जगह पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी राज्य के ग्रामीणों को नहीं पता कि उनके प्रखंड के बीडीओ कौन है? डीसी, एसपी की जानकारी होना तो उनके लिए दूर की बात है। सीएम ने उत्तराखंड हादसे पर केंद्र की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि उत्तराखंड के टनल में किसी नेता अधिकारी का बेटा फंसा होता तो हम देखते कि कैसे उचित कार्रवाई में इतनी विलंब होती।

**उत्तराखंड हादसे पर केंद्र की कार्रवाई पर भी उठाया सवाल** | **पूर्ववर्ती सरकारों ने क्या काम किया यह देख कर चिंता होती है** | **राज्य में अब तक कुल 36 लाख लोगों को पेंशन दिया जा चुका है**



### उद्योग स्थापित होगा तो 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों मिलेगा लाभ

उन्होंने कहा कि अब झारखंड में कोई भी उद्योग को स्थापित होगा तो उसमें 75 फीसदी स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं, जैसे बिरसा और पशुधन योजना, गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना और छात्रों के लिए 15 लाख तक का लोन प्रदान किया जा रहा है। जनवरी 2019 में 16 लाख लोगों को पेंशन मिली है और अब तक 36 लाख पेंशन दी जा चुकी है। साथ ही किसानों को आठ लाख केसीसी कार्ड भी प्रदान किए गए हैं, जो डबल इंजन के किसी सरकार से कही बड़ा कदम है।

### डबल इंजन सरकार ने 11 लाख राशन कार्ड डिलीट कर दिया

सोरेन ने कहा कि राज्य अलग होने के बाद खजाना भरने की बजाए राज्य को गरीबी और पिछड़ापन मिला। उन्होंने पूर्व की रघुवर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने राशन के लिए 11 लाख गरीब गुरबा के राशन कार्ड को ही डिलीट कर दिया। केंद्र की सरकार ने तो लॉकडाउन के दौरान गरीब मजदूरों को भूख से मरने के लिए उन्हें सड़कों पर ही छोड़ दिया था लेकिन अपने राज्य के गरीब मजदूरों को उस विकट स्थिति में हवाई जहाज से उन्हें वापस घर पहुंचाने वाला देश का पहला राज्य बना।

### 408 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन

बलियापुर प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 408.39 करोड़ रुपये से अधिक की 71 योजनाओं का उद्घाटन तथा 122 करोड़ रुपये से अधिक की 135 योजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने 376497 लाभुकों के बीच 418 करोड़ रुपये से अधिक की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

# नक्सलियों ने गोइलकेरा-पोसैता रेलवे स्टेशन के बीच रेल पटरी को उड़ाया

## चक्रधरपुर मंडल में ट्रेनों का परिचालन ठप

**आरएनएम। प. सिंहभूम**

भाकपा माओवादियों ने गुरुवार रात करीब 11:00 बजे गोइलकेरा और पोसैता स्टेशन के बीच बम विस्फोट कर रेल पटरी को उड़ा दिया। इससे चक्रधरपुर रेल मंडल के हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलमार्ग में ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया। इसके बाद एहतियातन शालीमार-कुर्ला अप एक्सप्रेस ट्रेन (18030) को गोईलकेरा स्टेशन पर रोक दिया गया।

माओवादियों ने 22 दिसंबर को भारत बंद का आह्वान किया था। बंद शुरू होने से पहले ही नक्सलियों ने चक्रधरपुर रेल मंडल के गोइलकेरा और पोसैता रेलवे स्टेशनों के बीच पोल संख्या 356/29ए और 31ए के बीच थर्ड लाइन में विस्फोट कर रेल पटरी को उड़ा दिया। नक्सलियों ने इस स्थान को बैनर और पोस्टरों से पाट दिया है। विस्फोट की जानकारी इस रेल खंड की दूसरी लाइन से गुजर रही एक मालगाड़ी के क्रू और गार्ड ने नजदीकी स्टेशन को दी। इसके बाद चक्रधरपुर रेल मंडल में हड़कंप मच गया। इसके बाद फौरन मार्ग में ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। सीनियर डीसीएम गजराज सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही समूचे रेल मंडल में ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। सुरक्षाबलों की टीम को मौके पर भेजा गया। डीआरएम एजे राठौड़ ने बताया कि तड़के चार बजे के बाद से अब तक ट्रेनों का परिचालन बहाल नहीं हो पाया है। चक्रधरपुर राउरकेला सारंडा पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद्द कर दिया गया है।



### सभी रूट पर पुलिस गश्त बढ़ाई गई

घटना के बाद राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों की सभी रूटों पर पुलिस कि गश्त बढ़ा दी गई है। नक्सल प्रभावित जिलों में स्थापित रेलवे स्टेशन के बाहर और भीतर दोनों तरफ निगरानी बढ़ा दी गई है। हर ट्रेन की गहनता से जांच करवाई जा रही है। इसके लिए स्वान दस्ते की भी मदद ली जा रही है। स्टेशन में प्रवेश कर देने वाले यात्रियों को भी चेक किया जा रहा है। विस्फोट की वजह से हटिया से हावड़ा जाने वाली दो ट्रेनों को भी रद्द कर दिया गया है। बंद को लेकर भाकपा माओवादियों के द्वारा जारी किए गए पत्र में यह लिखा गया है कि नक्सल मुक्त झारखंड के नाम पर केंद्रीय बलों के साथ मिलकर झारखंड पुलिस आदिवासी बहुल इलाकों में अत्याचार कर रही है। अगस्त 2022 से लेकर अब तक लगातार लाल दस्ते पर बर्बर हमले किए जा रहे हैं। इन हमलों में हमारे साथियों को पकड़-पकड़ कर मारा जा रहा है। हमने पुलिस के नाजायज हमले के खिलाफ आवाज बुलंद किया है।

### ये ट्रेनें रद्द की गई

- 18478- योगनगरी ऋषिकेश पुरी उत्कल एक्स. - मनोहरपुर में
- 12905 - पोरबंदर शालीमार एक्स. - मनोहरपुर में
- 18006 - जगदलपुर हावड़ा एक्स. - मनोहरपुर में
- 18030 - शालीमार एलटीटी एक्स. - गोईलकेरा में
- 12102 - शालीमार एलटीटी एक्स. - टाटा में
- 12129 - पुणे हावड़ा एक्स. - राउरकेला में
- 12810 - हावड़ा सीएसएमटी एक्स. -चक्रधरपुर में
- 12222 - हावड़ा पुणे एक्स. - चक्रधरपुर में
- 12151 - एलटीटी शालीमार एक्स. - राउरकेला में
- 12130 - हावड़ा पुणे एक्स. - टाटा में

# लातेहार में हथियार-लेवी की राशि के साथ चार नक्सली गिरफ्तार



**आरएनएम। लातेहार**

लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सली संगठन जेजेएमपी के चार नक्सलियों को छिपादोहर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार नक्सलियों में सामदेव सिंह, अख्तर अंसारी, लक्ष्मण ठाकुर और राम सुंदर उरांव शामिल है। सभी लातेहार के रहने वाले हैं। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से एक देसी कट्टा, 2 जिंदा गोली, लेवी वसूले गए 71 हजार रुपए बरामद किया गया। शुक्रवार को प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव ने बताया कि लातेहार एसपी को सूचना मिली की कुछ लोग हथियार के साथ ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड प्रशासनिक सेवा के 37 अफसरों को मिलेगा प्रमोशन

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के 37 अफसरों को जल्द ही प्रमोशन मिलेगा। मुख्य सचिव एल ख्यांगते की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन कार्यालय में शुक्रवार को हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। अब राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस पर सहमति ली जायेगी। इसके बाद अधिसूचना जारी की जायेगी। जिन अफसरों को प्रमोशन मिलेगा उनमें अपर समाहर्ता कोटि से संयुक्त सचिव एवं समकक्ष कोटि में 14 अफसर शामिल हैं। संयुक्त सचिव से अपर सचिव कोटि में 14 और अपर सचिव से विशेष सचिव कोटि में नौ अधिकारी शामिल हैं।

# रेसलर बजरंग पूनिया ने फुटपाथ पर छोड़ा अपना पद्मश्री पदक

### मेडल लौटाने के लिए पहुंचे थे पीएम आवास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बनने के बाद बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट समेत कई रेसलर नाराज हैं। इन सभी की मांग थी कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद पर किसी महिला को होना चाहिए। साक्षी मलिक ने तो गुरुवार को ही कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के विरोध में रेसलर बजरंग पूनिया शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास के सामने फुटपाथ पर अपना पद्मश्री मेडल रख दिया। इससे पहले बजरंग ने सोशल मीडिया पोस्ट करके इसकी जानकारी दी थी।



### साल 2019 में मिला था पद्मश्री

29 वर्षीय बजरंग पूनिया को साल 2019 में पद्मश्री मिला था। पूनिया ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं, बजरंग ने 2019 में कजाखिस्तान के नूर सुल्तान में आयोजित विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था। उस चैम्पियनशिप में बजरंग ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

### संजय सिंह की बेल याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित शराब घोटाले में आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह आदेश विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने सुनाया। सिंह का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने पहले तर्क दिया था कि ईडी ने सिंह की गिरफ्तारी से पहले उनसे पूछताछ नहीं की थी। उन्होंने आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा और अन्य गवाहों के बयानों में विरोधाभास का भी हवाला दिया था। ईडी ने जांच का हवाला देते हुए जमानत याचिका का विरोध किया और चिंता व्यक्त की थी कि सिंह की रिहाई जांच में बाधा डाल सकती है।

# इंडिया — भारत की जाति जनगणना न्याय या राजनीतिक अवसर ?



सुनील बादल

***समतामूलक*** समाज के प्रवर्तक महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्तूबर को बिहार की जातीय जनगणना की रिपोर्ट सार्वजनिक कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक संदेश देने का प्रयास किया है कि 2024 के चुनाव के लिए वह अपने पुराने विकास के एजेंडे पर नहीं बल्कि ताजा पार्टनर लालू प्रसाद यादव के पुराने सफल जात-पात एजेंडे पर फिलहाल अपनी बिसात बिछा चुके हैं। इसी बिहार से शुरू हुई गांधी के डांडी यात्रा से लेकर जेपी के आंदोलन को जातिझधर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर लोगों का समर्थन मिला था और उनके वर्तमान पार्टनर चारा घोटाले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद ने जाति आधारित समता के नाम पर अपने परिवार और अपनी जाति के दबंग लोगों को राजनीति में उतार कर बिहार की दुर्दशा की थी जिसके बाद उनके विरोध में नीतीश कुमार आए और बिहार को जातीय जकड़न से दूर अपने विकास के एजेंडे से बदलकर रख दिया और सुशासन बाबू के नाम से मशहूर हुए थे। उनके इस नए बदले हुए रूप से राजद प्रमुख लालू यादव की बांछे खिल गई हैं क्योंकि अब उनकी पुरानी मांग पूरी होने के आसार दिखने लगे हैं जब उनका पुराना एमवाइ गठजोड़ यादव(14.26) और मुस्लिम (17.70) सरकारी आंकड़ों में दिखने लगा है और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (36.01) को तोड़कर अजेय लग रहे नरेंद्र मोदी के अभेद हिंदू (81.99) वोट को जातीय आधार



पर हिस्सेदारी देने का लालच देकर तोड़ने का प्रयास किया जा सकता है। प्रधानमंत्री बनने की आस लगाए नीतीश कुमार अपनी कुटिल राजनीतिक चालों के लिए जाने जाते हैं और बीच-बीच में कुछ ऐसा किया भी कि चर्चा तेज हो गई थी कि वे फिर भाजपा का दामन थाम लेंगे। जातीय जनगणना के आंखड़ों से जोखिम भी है क्योंकि मुस्लिम (17.70) एकमुश्त वोट देकर खेल कि दिशा बदल सकते हैं और खुद मुख्यमंत्री कि कुर्सी की दावेदारी कर सकते हैं जिससे लालू यादव बचाव की मुद्रा में आ सकते हैं। यदि भाजपा उनके ही आजमाए महिला आरक्षण को भुनाने में कामयाब हो गई तो वे बिना देर किए किए उनके खेमे में जाकर फिर मुख्यमंत्री या बड़े पद के लिए मोलभाव कर सकते हैं क्योंकि इंडी एलायंस अभी पकता हुआ नहीं दिख रहा है। इस तरह केस मुकद्दमे में उलझे लालू यादव को पार्टी की ताकत बढ़ाने का अवसर नहीं मिलेगा और नीतीश कुमार के दोनों हाथों में लड्डू वाली स्थिति होगी। चतुर खिलाड़ी लालू यादव इसे अच्छी तरह समझते हैं पर उन्हें विपक्षी इंडी एलायंस से भी उम्मीदें हैं कि वह यूपी,एमपी जैसे बड़े राज्यों में इसे उछालकर भाजपा की जड़ें खोद सकता है जबकि हाल में हुए राज्यों के चुनावों से उन्हें निराशा जरूर हुई होगी। झारखंड भी जातीय जनगणना करने की घोषणा कर दांव में कूद चुका है और भाजपा भी इससे इनकार नहीं कर रही पर आरएसएस ने कहा कि जाति जनगणना समाज के 'उत्थान' के लिए हो 'सामाजिक सद्भाव' न टूटे। इन सभी के बीच पेंच भी है कि बिहार सदैव से राजनैतिक रूप से परिपक्व रहा है और युवा भारत भी अब इस बात को समझ रहा है कि तेजी से हो रहे निजीकरण ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# पुंछ की हेलीकॉप्टर-ड्रोन से निगरानी

### सुरनकोट इलाके में सुरक्षा बलों का व्यापक सर्च ऑपरेशन

### जंगल युद्ध में उच्च प्रशिक्षित आतंकियों ने किया था दो सैन्य वाहनों पर हमला

### वन क्षेत्रों में लगभग 25-30 पाकिस्तानी आतंकियों के छिपे होने की आशंका

### राजौरी के हमले वाले इलाके में पहुंची एनआईए की टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पुंछ में गुरुवार को घात लगाकर किए गए आतंकी हमले में पांच सैनिकों के शहीद होने तथा दो अन्य के घायल होने के बाद सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को इलाके के वन क्षेत्र में व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। एनआईए की एक टीम भी वहां पहुंच चुकी है। इलाके के वन क्षेत्रों में लगभग 25-30 पाकिस्तानी आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है। खुफिया इनपुट में कहा गया है कि ये आतंकवादी जंगल युद्ध में उच्च प्रशिक्षित हैं और डिजिटल निशानों से बचने के लिए संचार के ऑफलाइन तरीकों का भी उपयोग कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि '16वीं कोर' के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने इलाके का दौरा किया तथा सेना और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। डेरा की गली के घने जंगलों में जमीनी सर्च ऑपरेशन के अलावा आसमान से हेलीकॉप्टर और ड्रोन के जरिए ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



# पंचायत स्वयंसेवकों पर लाठीचार्ज सरकार की असंवेदनशीलता

## हेमंत सोरेन फेल इसलिए लाठी से दबा रहे जनता की आवाज : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों पर लाठीचार्ज को लेकर राजनीति गरमा गई है। गुरुवार को झारखंड विधानसभा के समक्ष पांच मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे स्वयंसेवकों पर लाठीचार्ज हुई थी। इस मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करना हेमंत सरकार की असंवेदनशीलता और झुंझलाहट को दशार्ता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में बुरी तरह विफल साबित हुए हैं, इसलिए वे लाठी के बल पर जनता की आवाज को दबाना चाहते हैं ' बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इन निहत्थे, निर्दोष, असहाय महिलाओं एवं स्वयसेवक बंधुओं पर चलाई गई एक-एक लाठी का हिसाब जनता चुनाव में लेगी।



### झारखंड में लोकतंत्र नहीं ठोकतंत्र है : बाउरी

भाजपा विधायक दल के नेता व सदन में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि हजारों पंचायत स्वयंसेवकों शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, परंतु ठगबंधन सरकार ने पुलिस को पुनः सामने कर अपनी दमनकारी नीतियों को प्रदर्शित किया। इस निर्मम लाठीचार्ज ने युवाओ के प्रति गठबंधन सरकार की नफरती सोच की पोल खोल दी है।

### सरकार ने वादाखिलाफी की व युवाओं को ठगने का काम किया : सुदेश

आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने लाठीचार्ज पर कहा है कि अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने युवाओं के प्रति अपनी संकुचित सोच को एक बार फिर प्रदर्शित किया है। हेमंत सरकार ने युवाओं के साथ वादाखिलाफी कर उन्हें सिर्फ ठगने का काम किया है। युवाओं से नियुक्ति का वादा कर सत्ता में आई इस ठगबंधन सरकार का प्रदेश के युवाओं के साथ न्याय करने का कोई इरादा नहीं है, इनका उद्देश्य सिर्फ राज्य के हित से जुड़े विषयों को लटकाना और जनता की भावनाओं से खेलना है।

## कांग्रेस पार्टी आदिवासी, दलित, पिछड़ों का करती है अपमानः आदित्य साहू

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आदिवासी, दलित, पिछड़ों का अपमान किया। उन्होंने उप राष्ट्रपति की मिमिक्री और राहुल गांधी की रिकॉर्डिंग को पिछड़ा समाज का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस का चाल, चरित्र और चेहरा उजागर हुआ है। राहुल गांधी की अपरिपक्वता भी उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व देश के राष्ट्रपति के संबंध में भी कांग्रेस की टिप्पणी देश की जनता को मालूम है। उन्होंने कहा कि कभी इन्हीं की पार्टी के दलित नेता भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से अपमानित होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित इंडी एलायंस को न आदिवासी राष्ट्रपति बर्दाश्त है, न पिछड़ा उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री।उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच राजतंत्र की है। उसे एक परिवार की प्रशंसा से ज्यादा कोई पसंद नहीं। उन्होंने कहा कि देश के सांसदों को जनता जनहित में कानून बनाने, कल्याणकारी कार्यों के लिए भेजती है।

# सुरक्षा के साथ करें कोयला उत्पादन : बोंथा

## रोहिणी परियोजना में मनाया गया खान सुरक्षा सप्ताह

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
रोहिणी परियोजना में शुक्रवार को वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इस खान सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में परेज इस्ट कोल माइन से आए निरीक्षण दल के सदस्यों द्वारा रोहिणी खदान का निरीक्षण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीएमएस रांची रवीन्द्र बोंथा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। परियोजना सेफ्टी आफिसर नीतीश झा ने सभी को खान सुरक्षा की शपथ दिलाई। कोल इंडिया का



कारपोरेट गीत गाया गया। परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि खदान और कार्यस्थल पर सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे। सुरक्षित रहकर कार्य करें। बीडी महंत ने सुरक्षा संबंधित गीत प्रस्तुत किया। परियोजना के रेस्क्यू टीम द्वारा सुरक्षा संबंधित नुक्कड़ नाटिक प्रस्तुत किया गया। सुरक्षित कार्य करने वाले कई कामगारों को पुरस्कृत किया गया।


**झारखंड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)**
**झारखण्ड राज्य लघुवनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि॰ (झाम्फकोफेड) (झारखंड सरकार का उपक्रम)**
चतुर्थ तल, पशुपालन–सहकारिता भवन, हटिया, राँची– 834003, झारखंड
E.mail I.D.:- mdjhamfcofed@gmail.com Ph No :0651-3510563/7004790869
Web Site: - www.jhamfcofed.com

**लघुवनोपज की बिक्री हेतु अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण**

**झारखण्ड राज्य लघुवनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि. (झाम्फकोफेड)** एक राज्य स्तरीय शीर्ष सहकारी संघ है। वर्ष 2022 में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित "Mechanism for Marketing of Minor Forest Produce (MFP) through Minimum Support Price (MSP) and Development of Value Chain for MFP" योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर आहरित एवं रामराज शीतगृह राँची में भण्डारित **5000** Quintal (Aprox) बीज सहित इमली (Seeded Tamarind- Harvesting Season 2022) एवं 60 Quintal बीज रहित इमली (Deseeded tamarind- Harvesting Season 2022) की बिक्री Online e-Auction (e-निविदा) platforms एवं Offline के माध्यम से निष्पादन किया जाना है।

Online e-Auction (e-निविदा) platforms (www.bsebeam.com, www.c1india.com, www.gerpegov.com/EAUCTION) पर दिनांक **29.12.2023** को अपराहन 3:00 बजे से 4:30 बजे तक निष्पादित किया जाएगा। अतः इस व्यवसाय से जुड़े उद्यमी/व्यापारी/फर्म आदि से अनुरोध है कि Online e-Auction (e-निविदा) में भाग लेने हेतु निःशुल्क Registration दिनांक **28.12.2023** के अपराह्न **5 बजे** तक आवश्यक रूप में कर लिया जाए।

Offline भाग लेने हेतु इस व्यवसाय से जुड़े उद्यमी/व्यापारी/फर्म द्वारा अपना आवेदन एवं निविदा (क्रय दर कर सहित एवं कर रहित अंको एवं शब्दों में अंकित होना अनिवार्य) आवश्यक अभिलेखों (GST, PAN, AADHAR के छायाप्रति) के साथ सील बंद लिफाफे में दिनांक **29.12.2023** के अपराह्न् **05:00** बजे तक संघ कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

Online e-auction तथा Offline माध्यम से प्राप्त सभी निविदाओं का निष्पादन झाम्फकोफेड की निविदा/क्रय समिति द्वारा किया जाएगा। अधिक जानकारी **झाम्फकोफेड लि॰ के वेबसाईटः–** www.jhamfcofed.com से प्राप्त की जा सकती है अथवा **झाम्फकोफेड कार्यालय (दूरभाष :– 06513510563 / 8825331461)** से सम्पर्क किया जा सकता है।

बिना कारण e-निविदा रद्द करने/संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

ह०/–
प्रबंध निदेशक
झाम्फकोफेड लि०, राँची

PR314048 (Co-opretive)23-24*D


## एक नजर

### बाघवार एकेडमी की छात्रा परिधि शाहदेव को सामान्य ज्ञान में मिला 11वां अंतरराष्ट्रीय रैंक

**चान्हो।** गुरुवार को बाघवार अकादमी चान्हों के प्रांगण में सामान्य ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन द्वारा 9 अक्टूबर 2023 को आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के द्वारा प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश के विभिन्न विद्यालयों के लाखों बच्चे हिस्सा लेते हैं। इस वर्ष बाघवार अकादमी चान्हो के बच्चों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 3 से कक्षा 8 तक 59 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें परिधि सहदेव , लक्ष्मी प्रिया, तनु दुबे, ओलिव एक्का, अंजना कुमारी को पुरस्कृत किया गया।

### आईएचएम रांची में क्रिसमस गैदरिंग बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

**मांडर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बड़े ही धूमधाम के साथ क्रिसमस गैदरिंग 2023 का आयोजन किया गया। क्रिसमस उत्सव की शुरूआत रोड शो के द्वारा ब्रांबे, ठाकुरगांव, बुडमु एवं मांडर के वासियों को बधाई देने के बाद संस्थान में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हुआ। छात्रों के द्वारा प्रार्थना एवं क्रिसमस गीत गाए गए। साथ ही क्रिसमस आधारित गीत एवं नृत्य भी किया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस एक अनोखा पर्व है जो ईश्वर के प्रेम, आनंद एवं उद्धार का संदेश देता है तथा जीवन में हमें जो भी प्राप्त है उनका आभार करना सिखाता है।

### श्रीनिवास रामानुजन जयंती पर हुई गणित आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित



**खलारी।** खलारी के सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा के प्रांगण में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती गणित दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य शालीग्राम सिंह ने श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर किया। इसके बाद कक्षावार छात्र-छात्राओं के बीच पहाड़ा प्रतियोगिता, गणित दौड़ आदि का आयोजन किया गया। उच्च कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के बीच गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता हुई। अंत में एक जयंती सभा आयोजित की गई, जिसमें विविध कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा रामानुजन के जीवन तथा गणित में उनके द्वारा दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में युवराज, मोहित, सुनीता, निकिता, प्रियांशु, अंजनी आदि विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर आचार्य चंद्रभूषण सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, नूतन सिंह व प्रीति तिर्की उपस्थित थे।

### 8 जनवरी को मनाया जाएगा शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह दिवस



**खलारी।** खलारी पंचायत सचिवालय में शहीद शेख भिखारी, शहीद टिकैत उमरांव सिंह की शहादत दिवस मनाने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता भाजपा खलारी मंडल अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जफरुद्दीन अंसारी ने किया। बैठक में जफरुद्दीन अंसारी ने कहा कि शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमरांव सिंह झारखंड के वीर सपूतों में हैं। इनकी शहादत की गाथा जितनी कही जाए उतना कम है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक मत से खलारी में आगामी 8 जनवरी को शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह दिवस मनाने का निर्णय लिया। बैठक का संचालन तौहीद अंसारी ने किया। बैठक में तौहीद अंसारी, अय्यूब रजा, इकबाल अंसारी, सलामत अंसारी, असरारुल हक, सलामत अंसारी, फारुक नवाब, सुल्तान अंसारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### संत जेवियर्स हाई स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाया गया

**मांडर।** मांडर स्थित संत जेवियर्स हाई स्कूल मे क्रिसमस गैदरिंग धूम धाम से मनाया गय। इस अवसर पर एक आकर्षक चरनी बनाया गया था। फादर एडविन मिंज द्वारा चरनी आशीष किया गया। विद्यालय के प्राचार्य फादर जॉन शैलेन्द्र टोप्पो नें अपने संदेश मे कहा कि बालक येशु का जन्म एक गौशाला मे हुआ था। येशु मसीह हमारे मुक्ति दाता, शांति दाता और उधार करता के रुप मे प्रेम का संदेश लेकर आये। इस अवसर पर संत जैवियर इंटर कॉलेज, एवं हाई स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा क्रिसमस पर आधारित गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ बालक येसु के जन्म से संबंधित आकर्षक झांकी भी दिखाई गई। मौके पर फादर नीलम तिड़ू, जमालूद्दीन अंसारी, मैक्सिमा कुजूर,प्रीति कुजूर,, वॉइलीन टोप्पो, रवि उराव, अमोला खलखो, सुषमा कुजूर, शशि सिंधु कुजूर, निखत परवीन सहित अन्य उपस्थित थे।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 38/2023–24
दिनांक 21/12/2023
मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | ग्राम पंचायत नयाखाप अन्तर्गत एन0एच0–33 से अक्षयपात्रा रसोई घर तक पथ एवं नाली का निर्माण। | 9586300.00 | 10000.00 | 192000.00 | तीन माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 08.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 09.01.24 से 16.01.2024 अपराह्न् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17.01.2024 पूर्वाह्न् 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 314078 (District) 23-24 (D)



**कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना स. 19/23-24

विभाग का नाम – नगर पंचायत ,बुंडू
विज्ञापनदाता का पदनाम – कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर पंचायत ,बुंडू, (रांची)
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – नगर पंचायत कार्यालय, बुंडू, दिनांक – 28–12–2023 कार्यालय अवधि तक
निविदा प्राप्ति / खोलने का स्थान – कार्यालय नगर पंचायत, बुंडू
निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.01.2024 को 3:00 अपराह्न तक
निविदा खोलने की तिथि – दिनांक 05.01.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से

**कार्य का विवरण**

| क्रम | योजना का नाम | वार्ड | प्राक्कलित राशि (रु०) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यादेश की तिथि से कार्य पूर्ण कि तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of P.C.C. Road from Block road milk coolant center to flat of Manoj Singh underward No.-01. | 01 | 995300.00 | 20000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 2 | Construction of P.C.C. Road from Himanshu Hardware to house of Laxman Ahir under ward No. 08. | 08 | 704100.00 | 14100.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 3 | Construction of Paver Block road from Kabristan to Rani Chuwan under ward No.-08. | 08 | 792900.00 | 16000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 4 | Construction of Paver Block road from High School road to Kabristan under ward No.-08. | 08 | 701400.00 | 14100.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 6 | Construction of culvert at bundu bada talab north west side under ward 08 | 08 | 931700.00 | 19000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 7 | Construction of culvert at bundu bada talab on bhakuwadih road under ward 08 | 08 | 998600.00 | 20000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 8 | Construction of Paver Block road from house of Haradhan Pramanik to house of Roma Yadav in Tangar toli under ward No.-10. | 10 | 233300.00 | 5000.00 | 1000.00 | 45 दिन |
| 9 | Construction of Paver Block road from house of Shankar Munda to house of Rajaram Munda in Tangar toli under ward No.-10. | 10 | 163600.00 | 3500.00 | 1000.00 | 45 दिन |
| 10 | Construction of P.C.C. Road at PMAY V-III building under ward No.-10. | 10 | 839400.00 | 17000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 11 | Construction of Paver Block road in Bans toli under ward No.-10. | 10 | 857700.00 | 17200.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 12 | Construction of Boundry wall at Nawadih toli chowk under ward No.-11. | 11 | 231800.00 | 5000.00 | 1000.00 | 45 दिन |
| 13 | Construction of Paver Block road from house of Govindo Kumhar to house of Rida Kumhar in Kumhar toli under ward No.-11. | 11 | 266300.00 | 5500.00 | 1000.00 | 45 दिन |
| 14 | Construction of P.C.C. Road from house of Pradeep Das to Kali Mandir under ward No. 11. | 11 | 582900.00 | 12000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 15 | Construction of Paver Block road from house of Shankar Machhuwa to house of Biseshwer Machhuwa in Kumhar toli under ward No.-11. | 11 | 450100.00 | 9100.00 | 1000.00 | 45 दिन |
| 16 | Construction of P.C.C. Road from Anganbadi to house of Gopal Oraon in Oraon Toli underward No.-12. | 12 | 999600.00 | 20000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 17 | Construction of Paver Block road from house of Padlochan Gorai to house of Bishnu Gorai in Manjhi toli under ward No.-12. | 12 | 250600.00 | 5100.00 | 1000.00 | 45 दिन |
| 18 | Construction of Drain from Manji toli Shiv Mandir to house of Manoj Manjhi under ward No. | 12 | 722900.00 | 14500.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 19 | Construction of Paver Block road from house of Mansa Oraon to house of Sandeep Oraon under ward No.-12. | 12 | 238300.00 | 5000.00 | 1000.00 | 45 दिन |
| 20 | Construction of Paver Block road from house of Birendra Gorai to Pushuwa Gorai and from house of Lakhikanto to Mahavir Manjhi in Manjhi toli under ward No.-13. | 13 | 334200.00 | 6700.00 | 1000.00 | 45 दिन |
| 21 | Construction of Paver Block road from house of Prakash Pandey to house of Vishnu Pandey under ward No.-13. | 13 | 393600.00 | 7900.00 | 1000.00 | 45 दिन |
| 22 | Construction of Paver Block road from house of Nakul to house of Mahavir and from house of Govind to house of Jagannath under ward No.-13. | 13 | 829000.00 | 16600.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 23 | Construction of Paver Block road from house of Munna to house of Sambhu and from house of Moharnath to house of Sambhunath under ward No.-13. | 13 | 548600.00 | 11000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 24 | Construction of P.C.C. Road from Gutuhatu Road to house of Anuj Kumar Mahto under ward No. 13. | 13 | 479600.00 | 9600.00 | 1000.00 | 45 दिन |
| 25 | Construction of P.C.C. Road from house of Bhanu to house of Panchanand Oraon under ward No. 13. | 13 | 728000.00 | 14600.00 | 5000.00 | 60 दिन |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट/विभागीय Website www.udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 314123 Urban Development (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी।**

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन निविदा संख्याः– 18/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक–22.12.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नामः–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड का नाम | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHUNTI-8/2023-24 | सोनाहातु | सोनाहातु जामुदाग पी०डब्लू०डी० पथ से सारेयाद आर०ई०ओ० पथ भाया ढुंगरूडीह दिरसीर तक पथ निर्माण निर्माण कार्य (लं०–2.100 कि०मी०) । | 2,60,13,700.00 | दो करोड़ साठ लाख तेरह हजार सात रू० मात्र। | 12 माह। |
| 2 | RWD-KHUNTI-9/2023-24 | सोनाहातु | जिलिंगसेरेंग पंचायत में सिल्ली रंगामाटी रोड से जामडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं०–1.100 कि०मी०) । | 1,09,78,100.00 | एक करोड़ नौ लाख अठहत्तर हजार एक सौ रू० मात्र। | 12 माह। |
| 3 | RWD-KHUNTI-10/2023-24 | सोनाहातु | तेतला पंचायत के बड़ाईटाँड़ से गाड़ाडीह तक पथ निर्माण निर्माण कार्य (लं०–1.300 कि०मी०) । | 1,68,68,100.00 | एक करोड़ अढ़सठ लाख अढ़सठ हजार एक सौ रू० मात्र। | 12 माह। |
| 4 | RWD-KHUNTI-11/2023-24 | सोनाहातु | भकुआडीह से मिलन चौक पी०डब्लू०डी० पथ से भकुआडीह होते हुए मेन रोड तक भाया सरमाली तक पथ निर्माण कार्य (लं०–2.520 कि०मी०) | 2,78,50,300.00 | दो करोड़ अठहत्तर लाख पचास हजार तीन सौ रू० मात्र। | 12 माह। |
| 5 | RWD-KHUNTI-12/2023-24 | सोनाहातु | सोनाहातु जामुदाग पी०डब्लू०डी० पथ से सोनाहातु पंचायत भवन होते हुए सोनाहातु चंदनडीह मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य (लं०–1.700 कि०मी०) | 2,80,74,400.00 | दो करोड़ अस्सी लाख चौहत्तर हजार चार सौ रू० मात्र। | 12 माह। |
| 6 | RWD-KHUNTI-13/2023-24 | सोनाहातु | सोनाहातु जामुदाग, जारडेया पी०डब्लू० पथ से एदलडीह होते हुए मगनडीह आर०ई०ओ० रोड तक तक पथ निर्माण कार्य (लं०–1.900 कि०मी०) | 1,90,53,600.00 | एक करोड़ नब्बे लाख तिरेपन हजार छः सौ रू० मात्र। | 12 माह। |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 04.01.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 16.01.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 18.01.2024 अपराह्न 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०ः– 9431170803
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

PR 314156 (Rural Work Department) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी।**

**ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्याः–14/RI/2023-24/RWD/KHUNTI , दिनांक–21.12.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नामः–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड का नाम | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-09/2023-24 | सोनाहातु | सालसुद से डीबाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.500 कि०मी०) | 15,81,89,800.00 | पंद्रह करोड़ इक्यासी लाख नवासी हजार आठ सौ रू० मात्र। | 9 माह | द्वितीय |
| | | सोनाहातु | सायाटांड़ से जोरोदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.180 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | पछुवाडीह से लांदुपडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.100 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | सोसोडीह से राणाडीह भाया जोजोपीढ़ी लंडुपडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.970 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | सुंदरूप से गैरडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.250 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | लांदुपडीह से बांकु पी०डब्ल्यू०डी० पथ भाया सायाटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.100 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | L025 मारंगकिरी से उलीडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.300 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | L029 से नपड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.600 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | L07 दुलमी से स्वर्णरेखा नदी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 3.400 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | T02 से ओड़ेदारू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.415 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | L040-T02 से जरूंगा (जुरगा) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.520 कि०मी०) | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 26.12.2023।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 02.01.2024 अपराहन 5:00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 04.01.2024 अपराह्न 3:30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०ः– 9431170803
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

PR 314126 (Rural Work Department) 23-24 (D)

### आज का पंचाग

23.12.2023
दशमी तिथि 08:16 बजे तक उपरांत एकादशी नक्षत्र अश्विनी 09:36 बजे तक उपरांत भरणी परिघ योग 11:11 बज तक, उसके बाद शिव योग करण गर 08:17 बज तक, बाद वणिज 07:42 बजे तक, बाद विष्टि दिसम्बर 22 शुक्रवार को राहु 11:05 अट से 12:25 ढट तक है चन्द्रमा मेष राशि पर संचार करेगा

# पश्चिम से आ रही हवाओं के कारण झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंढ

## अगले साथ दिनों तक मौसम की यही रहेगी स्थिति, कांके का पारा 4.2 डिग्री पहुंचा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शीतलहर और पश्चिम दिशा से आ रही हवाओं के प्रभाव से झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह और शाम कपकपाती ठंड से लोग बेहाल है। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आसमान में बादल छाए हुए हैं। बादल छाने से शुक्रवार की सुबह ठंड थोड़ी कम रही लेकिन दोपहर बाद कनकनी बढ़ गयी। कांके के तापमान गिरकर 4.2 डिग्री सेसि पहुंच गया। इससे कांके क्षेत्र में लोगों को जोरदार ठंड महसूस हो रही है। सुबह और शाम को जगह जगह लोगों को ठंड से बचाव के लिए आग सेकते हुए देखा गया। आसमान में छाए बादल की वजह से रांची का तापमान एक डिग्री चढ़ा है। रांची का न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेसि दर्ज किया गया है। बीते दो दिनों से रांची का तापमान 9.4 डिग्री के आसपास रहा है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले दो दिनों से तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के अनुसार दिसंबर के अंत और जनवरी में एक बार फिर कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। शीतलहर भी चल सकती है।



### गढ़वा का पारा 6.6 डिग्री रहा

सबसे अधिक अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री चाईबासा का, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस गढ़वा का रिकार्ड किया गया। बोकारो में 10 डिग्री, गोड्डा में 10.7 डिग्री, देवघर में 11.4 डिग्री एवं जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री रहा। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक रांची और आसपास के जिलों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। राजधानी रांची की बात करें तो अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### सात दिनों तक मौसम में नहीं होगा कोई बदलाव

अगले सात दिनों तक झारखंड में मौसम का यहीं हाल रहेगा। मौसम शुष्क रहेगा। सुबह कोहरा या धुंध छाए रहेगा। अगले 3 दिनों तक कुछ जगहों पर बादल छाये रहेंगे। कई जिलों में 2 से 3 डिग्री पारा गिरने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि फिलहाल मौसम को लेकर किसी तरह की अलर्ट की जरूरत नहीं है।

## खोरठा के महान साहित्यकार के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय की ओर से रांची विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग में खोरठा के अग्रणी साहित्यकार श्रीनिवास पानुरी की 103 वीं जयंती मनायी गयी। मौके पर पानुरी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष कुमारी शशि ने की। मौके पर शोधार्थी संदीप कुमार महतो ने श्रीनिवास पानुरी के सम्मान में खोरठा गीत पानुरी जी तोहर चरणे प्रणाम। वहीं छात्रा पुष्पा कुमारी ने गीत प्रस्तुत किया। मौके पर कुमारी शशि ने कहा कि खोरठा के महान साहित्यकार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। पानुरी का योगदान खोरठा को स्थापित करने में अप्रतीम रहा है। टीआरएल संकाय के समन्वयक डॉ हरि उरॉव ने कहा कि आज हम जिस जगह पर खड़े हैं, वह पानुरी जैसे झारखंडी दूरदर्शी पुरोधाओं के त्याग, तपस्या का ही परिणाम है। विशिष्ट अतिथि डीएसपीएमयू के खोरठा विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार ने श्रीनिवास पानुरी के व्यक्तित्व के अलावे उनकी रचनाओं के साहित्यिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। नागपुरी विभागाध्यक्ष डॉ सविता केशरी ने पानुरी को झारखंडी चेतना जगाने वाले रचनाकार बताया।

## एक नजर

### श्रीनिवास प्रभु का निरंतर हो रहा है सहस्त्रनामार्चन

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में बैकुंठ महोत्सव को लेकर चार दिवसीय सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान के आज दूसरे दिन शुक्रवार 22 दिसम्बर को भगवान श्रीमन्नारायण सहित श्रीश्रीदेवी, श्रीभूमि देवी और चक्रराज सुदर्शन भगवान तथा सभी विग्रहों का हुआ वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ महाभिषेक। क्रमानुसार दूध, दधि, हल्दी, चंदन,शहद, डाभ जल एवं गंगाजल से हुआ महाभिषेक। अभिषेक के सारे विधि को पूरी कर लेने के बाद कमलापति भगवान श्रीमन्नारायण का वस्त्राभूषणों से अलंकार समर्पण कर रजनीगंधा और गुलाब के पुष्प मालाओं से भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन हुआ।

### विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी का असर पढ़ाई पर : अभिषेक शुक्ला

**रांची।** विश्वविद्यालय अजसू के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि राज्य में विश्वविद्यालयों के 70% से अधिक पद रिक्त है, जिसका सीधा असर यहां के छात्र-छात्राओं पर पड़ रहा। पिछली बार शिक्षक नियुक्ति राज्य में 2008 में हुई थी उसके बाद 2023 के इन 15 सालों के अंतराल में बहुत बड़ी संख्या में शिक्षक रिटायर हुए हैं कुछ गिनी चुनी वैकेंसी को छोड़ दे तो नियुक्ति नहीं हुई है। अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर शिक्षकों की नियुक्ति की जरूरत है, जो कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा देगी एवं यहां के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा एवं सफलता के द्वारा को खोलेगी।

### रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने की वेतन बढ़ाने की मांग

**रांची।** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों ने सेवा नियमित करने की मांग की है। इस संबंध में कर्मचारियों ने कुलपति को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि हमलोग विश्वविद्यालय स्थापना के समय से कार्यरत है। हम सभी कर्मचारियों कि नियुक्ति संविदा है आधार पर हुई थी। जिसकी कार्य अवधि 5 मार्च 2024 को समाप्त हो रही है। कहा गया कि पिछले दिनों फ्रंट लाइन कंपनी के निजी अधिकारी के साथ हम सभी की बैठक हुई थी। जिसमें कुलसचिव कर्नल डॉ राजेश कुमार, सहायक कुलसचिव डा सुमित कुमार गुप्ता उपस्थित थे। कंपनी के अधिकारी में कर्मचारियों को बताया कि आप सभी आज से हमारे कंपनी के कर्मचारी हो गए है। आपलोग का वेतन लगभग 6700 रुपये हर माह हो गया है। इस पर कोई भी कर्मचारी ने सहमति नहीं उताया। सभी ने कहा कि नियुक्ति के समय कंपनी से लगभग दोगुना राशि प्राप्त होता था।

### सड़क निर्माण हुए बिना टोल टैक्स की वसूली क्यों : चैंबर

**रांची।** बिजुपाडा कुडू (फोरलेन) एवं रांची गुमला वाया बेडो, सिसई मार्ग को दुरूस्त करने के साथ ही इस मार्ग पर टोल टैक्स की वसूली बंद करने को लेकर आज झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय पदाधिकारी को पत्राचार किया गया। यह कहा गया कि एनएच-75 स्थित इस मार्ग पर पिछले चार वर्षों से वाहनों का परिचालन हो रहा है। इस योजना को पूर्ण दिखाते हुए वाहनों से टोल टैक्स की वसूली भी हो रही है जबकि भौतिक रूप से यह योजना अभी भी पूरी नहीं हुई है। वहां पर पुराने पुल को हटाकर नये पुल बनाने का कार्य हो रहा है। स्थानीय लोगों की ओर से हमें यह भी अवगत कराया गया है कि मुरगू के पास पुल निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। वर्तमान में वहां न तो लाइट जल रही है न ही सुरक्षा के अन्य उपाय किये गये हैं जिससे आये दिन दुर्घटना घटित हो रही है।

## उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण, रखरखाव का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त-सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोल कर आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा उपायुक्त ने लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ईवीएम के रख-रखाव से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने को कहा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार मतदाताओं के जागरूकता के लिए निर्धारित संख्या में ईवीएम मशीने निकाल कर अलग स्ट्रांग रूम में रखी गई। वेयर हाउस में मशीने निकाले जाने के दौरान संबंधित पदाधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे। अलग किये गये ईवीएम मशीनों से मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा।

### कैदियों व एसटी-एससी को दी जाती है निःशुल्क विधिक सहायता

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से संतोष बीएड कॉलेज, तुपुदाना में विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष, न्यायामूर्ति एस चंद्रशेखर द्वारा परिकल्पित आउटरीच योजना के तहत एलएडीसी अधिवक्ता, राजेश कुमार सिन्हा तथा पीएलवी बेबी सिन्हा, लता कुमारी, मुन्नी देवी एवं राजा वर्मा ने लोगों को कानून की जानकारी दी। एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, बाल श्रम एवं बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी।

### पुरुलिया के सांसद का पीएस बनकर वीआईपी कोटा से टिकट लेने वाला गिरफ्तार



**रांची :** पुरुलिया सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो का पीएस बनकर रांची रेल डिवीजन से वीआईपी कोटा से हमेशा टिकट लेने वाले एक आरोपित को सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने शुक्रवार को पकड़ा। इसके बाद आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार ने पुरुलिया के सांसद का फर्जी पीएस को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित का नाम नवाई उर्फ नवनीधर मुखर्जी बताया गया है। वह पुरुलिया का रहने वाला है। उसे आरपीएफ ने जगरनाथपुर थाने को सौंप दिया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि चक्रधरपुर में एक अधिकारी से इसका संबंध है, जिससे वह टिकट कंफर्म कराया करता था। पहले भी टिकट सांसद के नाम पर कराया करता था। अब पूरे मामले की जांच की जा रही है। आरोपित के मोबाइल नंबर से रेलवे के किस-किस अधिकारी की बातचीत हुई है। सारा कॉल डिटेल निकाला जाएगा।

### उज्ज्वल प्रकाश ने की नववर्ष के इवेंट में नाबालिगों को शराब परोसने पर रोक की मांग



**रांची।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी ने दक्षिणी छोटानागपुर के उपायुक्त उत्पाद को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में राज्य के सभी इवेंट कंपनी और आयोजकों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिग बच्चों को शराब परोसने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गयी। उज्वल प्रकाश तिवारी ने ज्ञापन के माध्यम से उपायुक्त उत्पाद से कहा कि हर साल की तरह झारखंड में इवेंट कंपनी और आयोजकों द्वारा 31 दिसंबर आयोजित किया जाएगा। जिसमें खाने पीने के साथ-साथ 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा शराब एवं अन्य मादक पदार्थ का सेवन नही किया जाए। विभाग की ओर से यह सुनिश्चित किया जाय। इस प्रकार के उठाए जा रहे कदम से बच्चों का शारीरिक, मानसिक विकास पर नकारात्मक असर पड़ता है। बच्चों और किशोरों द्वारा मादक पदार्थों के सेवन से उम्र के हिसाब से उनका उचित विकास प्रभावित होता है।

### प्री क्रिसमस गेट टुगेदर ऑफ प्रोफेशनल्स का हुआ शानदार आयोजन



**रांची।** गुड न्युज सेंटर, राँची के द्वारा, आई ए. एस. क्लब, मोराबादी में प्री क्रिसमस गेट टुगेदर ऑफ प्रोफेशनल्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंपैक्ट बैंड ने लेनी पॉल ब्राजील के नेतृत्व में हिन्दी तथा सादरी क्रिसमस कैरॉल गीत वी विश यु ए मैरी क्रिसमस, साल में एक बार, लेके दुलार, चरणी उपरे का तार...... साइलेंट नाईट जैसे गीतों की मनमोहक प्रस्तुती दी। रेव्ह. डॉ राकेश पॉल, निदेशक, गुड न्यूज सेंटर ने क्रिसमस संदेश में कहा कि हमें अपने हृदय में न्याय, कृपा और नम्रता को धारण करना चाहिए। इन तीन बातों को अपने जीवन में उतारकर एक सच्चा क्रिसमस उपहार हम जीजस को दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का त्योहार प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होने कहा कि यीशु मसीह केवल मसीहीयों की निजी सम्पति नहीं अपितु सब जाति के लोगों के लिए है।

## समय की मांग समाचार-पत्र बने सदाचार पत्र : निर्मला बहन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तथा राजयोग प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के मीडिया प्रभाग की ओर से समाधान परक पत्रकारिता से समृद्ध भारत की कैनोपी थीम पर समाधान परक मीडिया के लिए आध्यात्मिकता एक चाबी विषय पर सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की उन्नति का काम एक अकेला पत्रकार नहीं कर सकता है। इसके लिए पूरे समाज में आज परिवर्तन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। यह सत्य है कि आज हमारी जीवन शैली बदली है। जिस तरह से लोगों का सोच बदला है तो अध्यात्म का पक्ष निश्चित रूप से अपने जीवन में लोगों को उतारना चाहिए। मीडिया की भूमिका यथार्थ सूचना प्रदायक एजेंसी के रूप में होनी चाहिए। मीडिया के माध्यम से संपूर्ण विश्व में होने वाली घटनाओं की जानकारी मिलती है। इसलिए मीडिया का यह प्रयास होना चाहिए कि जानकारियां यथार्थ परक हों जो समाज का मार्गदर्शन कर सके। मीडिया समाज का अनेक प्रकार से नेतृत्व करता है। जिससे समाज की विचारधारा प्रभावित होती है। ब्रह्माकुमारी संस्था माउन्ट आबू के मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक राजयोगी बीके सुशांत भाई ने कहा कि अध्यात्मिकता के द्वारा जब हमारा मन का कनेक्शन परमात्मा से जुड़ जाता है।

### हत्या के तीन आरोपित दोषी करार, फैसला तीन को

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम सज्जाद की अदालत ने शुक्रवार को रातू निवासी अम्मार अंसारी की हत्या के तीन आरोपितों मो. तौकीर खान, छोटू खान और मो. इसराफिल को दोषी करार दिया है। सजा की बिंदु पर तीन जनवरी को सुनवाई होगी। मामले में प्रभारी लोक अभियोजक मीनाक्षी कंडुलना ने अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किये जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया। मामला वर्ष 2018 का है। इस संबंध में रातू थाना में मृतक के पिता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दो अभियुक्तों मो. तौकीर खान और छोटू खान को घटना के बाद ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, उसी समय से दोनों जेल में है जबकि मो. इसराफिल बेल पर था। दोषी करार दिये जाने के बाद अदालत ने उसे हिरासत में लेने का आदेश दिया। उसे हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। 29 दिसम्बर, 2018 की शाम सात बजे अम्मार अंसारी को चाय पीने की बात बोलकर मो. तौकीर खान अपने साथ ले गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल ने मनाई श्रीनिवास रामानुजन की जयंती




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने रामानुजन की महान उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रार्थना सभा में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को बताया कि ऐसे महान विभूतियों का अनुसरण हमें हृदय की गहराइयों से करनी चाहिए। इनकी उपलब्धियों को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए, यही सच्ची पुष्पांजलि होगी। गणित के शिक्षक एस के पंडा ने भी इस महान विभूतियों के अप्रतिम उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। श्री पंडा ने उनके जीवन की समग्रता और मेधा शक्ति का भी परिचय कराया। कार्यक्रम में विद्यालय के गणित के सभी शिक्षकों जिसमें बीएन राय, बीएन साहू, सचिन कुमार एवं श्रीमती उर्वशी बाई ने भी श्रीनिवास रामानुजन के चित्र में पुष्पांजलि अर्पित की।

### क्रिसमस और नए साल को लेकर रांची पुलिस अलर्ट मोड पर

**रॉची।** क्रिसमस और नए साल को लेकर रॉची पुलिस अर्लट मोड पर है। यदि आप भी क्रिसमस और नए साल में शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़े जाएंगे तो रॉची पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। आज से रॉची पुलिस शहर के विभिन्न इलाकों में ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर चेकिंग अभियान चलाएगी। यदि इस दौरान कोई व्यक्ति पकड़े जाएंगे तो पुलिस उस कार्रवाई करेगी। इस दौरान तैनात जवान पिकनिक स्पॉट पर आने-जाने के दौरान लोगों का ब्रेथ टेस्ट करेंगे।

## रांची में दो दिवसीय झारखंड हृदय समागम शुरू

# 'कार्डियक अरेस्ट में सीपीआर लाइफ सेविंग'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में पहली बार स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को झारखंड हृदय समागम का आयोजन किया है। कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के सहयोग से इस दो दिवसीय समागम का आयोजन किया गया है। समागम की खासियत यह है कि राज्य के अलग अलग जिलों और प्रखंडों में सेवा दे रहे डॉक्टर्स हृदय रोग के मामले में ग्लोबल स्तर पर हो रहे नई खोज से अवगत होंगे और इसका लाभ राज्य की जनता को ही मिलेगा।

समागम के संयोजक और प्रख्यात कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. हेमंत नारायण ने कहा कि कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डॉक्टरों और आम जनता में यह जागरुकता लाना


डॉ. हेमंत नारायण

चाहते हैं कि हृदय रोग और खासकर हार्ट अटैक की स्थिति में क्या त्वरित उपाय करें ताकि मरीज की जान बचाई जा सके। कहा, हृदय समागम के दौरान पुलिस के जवानों को सीपीआर यानि कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन की जानकारी दी जा रही है। इससे किसी आपात स्थिति में मेडिकल इमरजेंसी की सुविधाएं पहुंचने से पहले यदि दिल की धड़कन बंद हो जाए तो उसे दोबारा शुरू किया जा सके। नारायण ने कहा कि दिल की असाध्य बीमारियों जैसे कार्डियोमायोपैथी में स्टेम सेल थैरेपी के माध्यम से इलाज की दिशा में प्रगति हो रही है लेकिन आज की तारीख में भी यह इलाज का फर्स्ट ऑप्शन नहीं है।

कोरोना के संक्रमण की वजह से दिल की बीमारियां बढ़ी हैं और नाचते-गाते, जिम में वर्जिश करते करते व्यक्ति की अचानक मौत हो जा रही है? इस सवाल पर डॉ हेमंत नारायण ने कहा कि ऐसा हो रहा है लेकिन इस पर दुनिया में कोई स्टडी नहीं हुई है, जिसके आधार पर कहें कि कोरोना महामारी की वजह से ऐसा हो रहा है। डॉ. नारायण ने कहा कि दिल की बीमारियां ज्यादातर मामलों में अचानक नहीं होती।

सीने में दर्द, सांस फूलना, जल्दी थक जाना, चक्कर आना/मूर्छित हो जाना, सीने में जलन, धड़कन तेज होना जैसे कई लक्षण हमें अलर्ट करते हैं।

## ओड़िया भाषी विद्यालयों की समस्याएं दूर करे आयोग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ओड़िया भाषायी विद्यालयों में व्याप्त समस्याओं को दूर करने की मांग को लेकर गोलमुरी उत्कल समाज मध्य विद्यालय और गौड़ सेवा केंद्र खरसावां सरायकेला का एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि पूर्व में प्रचलित ओड़िया भाषा माध्यम के विद्यालयों को पुनः चालू कर ओड़िया बहुत क्षेत्र के मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने, ओड़िया बहुल विद्यालयों में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में टेट पास की बाध्यता समाप्त करने, ओड़िया भाषायी स्कूलों को अल्पसंख्यक घोषित करने, पहली से 12वीं तक के विद्यालयों में पुस्तक उपलब्ध करने, स्कूलों को प्रमाण पत्र देने, शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में सामान्य वर्ग को 43 वर्ष वर्ष और ओबीसी को 45 वर्ष तक की छूट देने, सिंहभूम प्रमंडल के ओड़िया भाषाई क्षेत्र के समस्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने आदि मांग की गई है ।

आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यान से सुना और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर गौड़ सेवा केंद्र खरसावां सरायकेला के पितोवास प्रधान, सुमन प्रधान, सूरज प्रधान, काशीनाथ प्रधान और गोलमुरी उत्कल समाज मध्य विद्यालय जमशेदपुर के अध्यक्ष अनंत नारायण पाढ़ी और सचिव प्रदीप कुमार जैना प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

### संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव शुरू

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, सेंटर फॉर बायो इनफॉर्मेटिक्स, स्नेहकुल पब्लिक स्कूल व संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय स्नेह वार्षिकोत्सव 2023 शुक्रवार को शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सिएटल, वॉशिंगटन, अमेरिका से डॉ विकास नंदन एवं डॉ ऐश्वर्या प्रसाद उपस्थित थे। कार्यक्रम के पहले दिन विज्ञान प्रदर्शनी, पेंटिंग, वाद-विवाद एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक के रूप में स्नेह कुमार, रजनी कुमारी एवं पूर्णेन्दु पंकज ने अपनी भूमिका निभाई। मौके पर संस्थान की निदेशिका डॉ रश्मि ने कहा कि शिक्षा को समाज केंद्रित बनाने की आवश्यकता है। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार व डालसा के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीणों व विद्यार्थियों के लिए विधिक साक्षरता स्टॉल लगाया गया। मौके पर डालसा की ओर से राजेश कुमार सिन्हा, लता कुमारी, सलोनी कुमारी उपस्थित थीं।

### संत गैब्रियल एंड मोनिका स्कूल ऐदलहातू में प्री क्रिसमस गैदरिंग

**रांची।** संत गैब्रियल एंड मोनिका स्कूल ऐदलहातू मोरहाबादी में प्री क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। डॉन बॉस्को यूथ सेंटर के डायरेक्टर फादर दीपक किण्डो एवं पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम की उदघाटन किया। पासवा महानगर अध्यक्ष सह विद्यालय संचालिका डॉ सुषमा केरकेट्टा ने समाज में प्रेम और सद्भावना से जीने की प्रभु यीशु के संदेश को लोगों के बीच प्रवाहित किया। स्कूल के छात्रों ने सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। डॉ सुषमा केरकेट्टा एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रभु यीशु के जन्मोत्सव का गीत गाया गया। मौके पर फादर दीपक किण्डो ने प्रभु यीशु के जन्म संदेशों को सुनाते हुए कहा प्रभु ने कहा तुम मुझसे सीखो मैं स्वभाव से विनम्र हूं, हमें सेवा करना व दूसरों की चिंता करना सिखाए। विशिष्ट अतिथि के आलोक कुमार दूबे ने कहा प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर हम क्रिसमस का त्योहार मनाते हैं।

## एक नजर

### सचिवालय सेवा के दो अधिकारियों पर होगी विभागीय कार्रवाई

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के दो पदाधिकारियों पर अलग-अलग मामलों में विभागीय कार्रवाई होगी। कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को इसकी स्वीकृति दे दी है। गृह, कारा विभाग के अंतर्गत कारा निरीक्षणालय में अधिसूचित व कृषि विभाग के अवर सचिव लालिमा डाडेल पर बिना किसी अनुमति या सूचित किए बिना कार्यालय में लंबी अवधि से अनुपस्थित रहने संबंधी आरोप हैं। इसी तरह तत्कालीन अवर सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग संतोष कुमार पर भी विभागीय कार्रवाई चलाने का आदेश दिया गया है।

### रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से मिले सीपी चौधरी और ढुल्लू महतो



**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो ने रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से नई दिल्ली में मिलकर धनबाद- रांची पैसेंजर ट्रेन, धनबाद- हटिया गरबेटा पैसेंजर ट्रेन व धनबाद- चंद्रपुरा मुरी पैसेंजर ट्रेन का पुनः परिचालन करने की मांग की है। उन्होंने रेल मंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया की 15 जून 2017 तक इन पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन होता था। साथ ही रेल मंत्री को इस बात स्मरण कराया कि 19 फरवरी 2019 से धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग का पुनः परिचालन शुरू कर दिया गया है। इसको देखते हुए 5333/53336 धनबाद- रांची पैसेंजर ट्रेन ,53337/53338 धनबाद -हटिया गरबेटा पैसेंजर ट्रेन व 53339/53340 धनबाद -चंद्रपुरा मुरी पैसेंजर ट्रेन का धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग पर पुनः परिचालन किए जाने की जरूरत है। इस पर रेल मंत्री ने शीघ्र समुचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया।

### बीडीओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की एसीबी करेगी जांच

**रांची।** सिल्ली के तत्कालीन बीडीओ जगेश्वर महतो के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है। एसीबी ने पूर्व में मिली शिकायत के आधार पर आईए दर्ज कर बीडीओ के खिलाफ जांच की थी, प्रथमदृष्टया जांच में आए तथ्यों के आधार पर एसीबी ने पीई दर्ज करने की अनुमति मंत्रिमंडल, निगरानी व सचिवालय विभाग से मांगी थी। विभागीय अनुमति मिलने के बाद एसीबी ने अनुसंधान शुरू कर दिया है।

### भारत बंद को सफल बनाने को लेकर सरना समिति का ईचागढ़ दौरा

**सरायकेला।** केंद्रीय सरना समिति की टीम 30 दिसंबर को भारत बंद को लेकर सरायकेला खरसावां जिले का दौरा किया। जिसमें ईचागढ़ के चांदुडीह ग्राम में आदिवासी कुडुख विकास परिषद की बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता अभिराम उरांव ने किया। फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरना कोड को लेकर आदिवासी मर मिटने को भी तैयार है। सरायकेला खरसावां के आदिवासी 30 दिसंबर को रेल रोड चक्का जाम ऐतिहासिक बनाएंगे।

## चुनाव आयोग ने सीएस को भेजी चिट्ठी

# तीन साल से एक ही जिले में पोस्टेड अफसरों को हटाएं

### लोकसभा व राज्यों में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भेजा गया पत्र

### विभाग के राज्य मुख्यालय में पोस्टेड अफसर दायरे से बाहर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव व मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है। चुनाव आयोग ने आदेश जारी किया है कि चुनाव में शामिल कोई भी पदाधिकारी अपने गृह जिले में पोस्टेड नहीं रहेगा। साथ ही बीते चार सालों में तीन साल एक ही जिले में पोस्टेड रहे अफसरों का भी तबादला करने का आदेश दिया गया है। वैसे पदाधिकारी जो 30 जून 2024 की तारीख तक किसी जिले में तीन साल की अवधि पूरी करेंगे, उन्हें हटाने का आदेश भारत निर्वाचन आयोग ने दिया है। भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुसार, 31 जनवरी 2024 तक सभी तबादले कर इसकी सूचना आयोग को देनी है।



### इस श्रेणी के अफसरों को भी तबादले से बाहर रखा गया

किसी भी विभाग या पुलिस में राज्य मुख्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुपालन से दूर रखा गया है। राज्य सरकार के डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, स्कूल के प्रर्चाय जो सीधे तौर पर चुनाव से जुड़े नहीं होते, उनपर भी तबादला आदेश लागू नहीं होगा। यदि इस प्रकार के किसी कर्मी के खिलाफ राजनीतिक पक्षपात या पूर्वाग्रह की शिकायत मिलती है तो उस पदाधिकारी के खिलाफ जांच होगी, इसके बाद चुनाव आयोग के सीईओ के आदेश पर कार्रवाई होगी। चुनाव में सेक्टर अफसर, जोनल मजिस्ट्रेट भी इस दायरे में नहीं आएंगे, लेकिन उनके आचरण पर सीईओ, डीईओ और आरओ नजर रखेंगे।

### पुलिस में किस-किस का होगा तबादला

पुलिस विभाग के एडीजी, आईजी या डीआईजी रैंक के अधिकारी भी इसके दायरे में आएंगे। रेंज में उनकी पोस्टिंग के अगर तीन साल पूरे हो चुके हैं तो उनको भी हटना होगा। इसके साथ ही आर्म्स पुलिस के कमांडेंट, एसएसपी, एसपी, एडिशनल एसपी, एसडीपीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, सार्जेंट मेजर व उसके समकक्ष रैंक के पुलिस पदाधिकारी जो सुरक्षा संबंधी ड्यूटी या बलों की प्रतिनियुक्ति का काम देखते हैं, वह तबादला आदेश के दायरे में आएंगे।

### किन-किन लोगों पर लागू होगा चुनाव आयोग का आदेश

किसी भी जिला में जिला प्रशासन में एडीएम, एसडीएम, डिप्टी क्लेक्टर, ज्वाइंट क्लेक्टर, तहसीलदार, ब्लॉक डेवलपमेंट अफसर रैंक के अफसर इस आदेश के दायरे में आएंगे। इस रैंक के पदाधिकारियों के समकक्ष कोई भी कर्मी जो चुनाव ड्यूटी में लगेगा, आयोग के तबादले का आदेश उस पर लागू होगा। चुनाव में नगर निगम व विकास प्राधिकरणों के पदाधिकारियों पर भी यह आदेश लागू होगा।

### किस-किस पर लागू नहीं होगा आदेश

पुलिस विभाग के स्पेशल ब्रांच, ट्रेनिंग, कंप्यूटराइजेशन जैसे विभाग जो फंक्शनल विभाग हैं, उनपर तीन साल का आदेश जारी नहीं होगा। दरोगा या उसके ऊपर का कोई पदाधिकारी अपने गृह जिले में तैनात होगा, उसे चुनाव के दौरान हटाना पड़ेगा।

### जिसपर आयोग ने पूर्व में कार्रवाई की हो, उसे चुनाव ड्यूटी से दूर रखें

भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी व मुख्य सचिव को स्पष्ट आदेश दिया है कि वैसा कोई भी पदाधिकारी जिसके खिलाफ पूर्व में आयोग अनुशासनात्मक कार्रवाई कर चुका है या जिसके खिलाफ ऐसे मामले लंबित हैं, उसे चुनाव संबंधी कार्य में नहीं लगाना है। वैसे भी पदाधिकारी जो पूर्व में चुनाव ड्यूटी में लगाए जाने के दौरान अनुपस्थित रहे हो उन्हें भी चुनाव कार्य में नहीं लगाना है। पूर्व में चुनाव कार्य में दागी रह चुके अफसरों की सूची भी राज्यों से मांगी गई है। वैसे पदाधिकारी जिनके खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हों, उन्हें भी चुनाव कार्य में नहीं लगाया जा सकता।

## कुरमाली को कुड़मालि के रूप में संशोधित किया जाए : डॉ. लंबोदर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने प्राथमिक विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक कुड़मालि भाषा के लिए वर्तमान में प्रयुक्त हो रहे त्रुटि पूर्ण कुरमाली शब्द को विलोपित कर कुड़मालि शब्द के रूप में संशोधित करने की मांग की है। उन्होंने गुरुवार को संपन्न विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरी पाली में सरकारी संकल्प पर चर्चा में भाग लेते हुए यह मांग की। साथ ही उन्होंने सदन के माध्यम से यूजीसी को भी पत्र लिखकर कुरमाली के स्थान पर कुड़मालि करने की मांग राज्य सरकार से किया। उन्होंने कहा कि राज्य में भी संथाली के जगह संताली, कुरुख के लिए कुडुख, खड़िया के बदले खरिया आदि शब्द नाम प्रयुक्त किया जा रहे हैं। फिर कुड़मालि के साथ पक्षपात एवं अन्याय क्यों? उन्होंने कहा कि पुरखैनी पारंपरिक गीतों में जहां कुड़मालि का ही उच्चारण सुनने को मिलता है वहीं समाज की भावनाएं भी मूल रूप से कुड़मालि उच्चारण के साथ जुड़ी हुई है। कुरमाली लिखने या बोलने से कुड़मालि की वास्तविक पहचान एवं महत्व धूमिल होती है। इस बात को समझने की जरूरत है।

## रोपवे कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर जुर्माना वसूलें सीएम हेमंत सोरेन : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा कर दामोदर रोपवे एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की शिकायत की है। यह कंपनी देवघर के त्रिकुट में रोपवे चलाने का काम करती है। इसे ब्लैकलिस्ट कर उस पर नौ करोड़ जुर्माना लगाने की मांग भी की है। सांसद ने पत्र में कहा है कि 10 अप्रैल, 2022 को घटित हादसे में तीन व्यक्तियों की मृत्यु तथा कई लोगों के घायल होने के मामले की जांच के लिए गठित एक्सपर्ट कमेटी ने रोपवे संचालक को दोषी ठहराया है। प्रकाश ने मुख्यमंत्री को स्मरण कराया है कि झारखंड



सरकार ने एक जनहित याचिका में भी हाईकोर्ट को यह सूचित किया था कि वह कंपनी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करेगी। राज्य सरकार के पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने भी विधानसभा में कंपनी पर नौ करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने की बात कही थी लेकिन झारखंड सरकार की तरफ से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि रोपवे कंपनी का अन्य राज्यों में भी इतिहास खराब रहा है। इसलिए झारखंड सरकार इसे ब्लैकलिस्ट करे और नौ करोड़ रुपये जुर्माना वसूले। कहा, हादसे के बाद से रोपवे बंद है। यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में 80 फीसदी गिरावट आई है। इसका असर इलाके के अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां रोजगार करने वाले कई लोगों का काम छीना गया तो कई परिवार कमाने के लिए बाहर निकल गए हैं।

## सांसदों के निलंबन के खिलाफ इंडी गंठबंधन ने निकाला विरोध मार्च

### राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में रैली निकाल जताया रोष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों को निलंबित करने के विरोध में आईएनडीआईए गठबंधन ने शुक्रवार को रांची के जिला स्कूल से राजभवन तक विरोध मार्च निकाला। ऐसा ही विरोध प्रदर्शन राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर किया गया। रांची में जुलूस का नेतृत्व करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा में सांसदों के आवाज को दबा दिया गया। इसलिए हम सड़क पर आकर लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें सड़क पर प्रदर्शन करने से कोई नहीं रोक सकता। देश के लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित नहीं है। भाकपा के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार अडानी अंबानी के इशारे पर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार को संविधान से कोई लेना-देना नहीं, इसलिए लगातार जन विरोधी फैसले ले रही है। आने वाले दिन 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। झामुमो के प्रवक्ता



सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश में आपातकाल की स्थिति है। केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों को निशाना बना रही है। कभी ईडी के नाम पर तो कभी सीबीआई के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। इस अवसर पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, जनता दल के सभा को राष्ट्रीय जनता दल के रंजन यादव ,धर्मेंद्र महतो, आम आदमी पार्टी के हरी सिंह, तृणमूल के फिलोमिन टोपनो, झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम,कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश किरण, सीपीआई के अजय सिंह, झामुमो के जिला सचिव हेमलाल महतो सहित कई नेता मौजूद थे।

### झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को दी गई विदाई

## झारखंड का कार्यकाल यादगार : संजय मिश्रा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल के अंतिम कार्य दिवस के दिन शुक्रवार को उन्हें हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने विदाई दी। कोर्ट परिसर में हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता राजीव रंजन, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष, हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता, काउंसिल के सदस्य, एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार, महासचिव नवीन कुमार, कार्यकारिणी सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और हाईकोर्ट के सभी अधिवक्ता मौजूद थे। मौके पर चीफ जस्टिस ने कवि सूरदास, यशोदा मां और श्रीकृष्ण की माखन चोरी के बाद की घटना पर रचित कविता के कुछ अंश पढ़ कर सुनाये। साथ ही उन्होंने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि झारखंड में किया गया कार्य उन्हें हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा कि 24 साल न्यायिक सेवा में रहा। इतने बड़े हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बना। कोई दुख नहीं कि अब रिटायर्ड हो रहा हूं। एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार ने कहा कि नए हाई कोर्ट के भवन में कोर्ट शुरू कराने में चीफ जस्टिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही और हाईकोर्ट के सभी वकील उन्हें हमेशा याद रखेंगे। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा 29 दिसंबर को सेवानिवृत्त होंगे।

## निर्णय झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने की पदाधिकारियों संग बैठक

# गौशालाओं को आत्मनिर्भर बना भूमि संरक्षित की जायेगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने और चिन्हित भूमि को भी संरक्षित श्रेणी में रखा जायेगा। ताकि ऐसे जमीनों की रक्षा सरकार की ओर से किया जाय सके। यह बातें झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कही।



हेसाग स्थित पशुपालन निदेशालय सभागार में झारखंड गो सेवा आयोग की बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि जब्त किये गये गो वंश के लिए भोजनादि मद में 150 रुपये प्रति दिन एवं नंदी वंश के लिए 200 रुपये प्रति दिन किये जाने के प्रस्ताव पर विभागीय मंत्री बादल पत्रलेख ने सहमति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही इस संबंध में सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज सभी निबंधित गौशाला संचालन समिति के पदाधिकारियों ने गौशाला की चिन्हित भूमि को संरक्षित श्रेणी में रखे जाने को लेकर इसे सरकार के द्वारा प्रतिबंधित सूची में डाले जाने के लिए सहमती पत्र पर हस्ताक्षर कर आयोग को समर्पित कर दिया। अब गो सेवा आयोग विभागीय मंत्री एवं एवं मुख्यमंत्री के पास प्रस्ताव बना कर भेजेगा। उन्होंने बताया कि आयोग की महत्वपूर्ण योजना हमारी गौ माता हमारा दायित्व क्रियान्वयन के लिए तैयारी के अंतिम पड़ाव में हैं। राज्य के सभी निबंधित गौशाला का पूरा डेटा बेस युक्त वेब साइट निर्माण के लिये टेंडर निकाला जा चुका है। नव वर्ष में लोगों को गो सेवा से जोड़ने के लिये लॉन्च कर दिया जाएगा।

राजीव रंजन ने बताया कि आयोग के आग्रह पर सरकार के द्वारा सभी गौशाला में हाइमास्ट लाइट लगाया जाएगा। बर्मी कंपोस्ट के उत्पादन एवं इसकी सीधी खरीदी को लेकर प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजा जा चुका है। आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं मंत्री ने हमलोगों को जो गो सेवा का मौका दिया है उसका पूरा लाभ गौशाला की आत्मनिर्भरता को मिलेगा। बैठक में प्रादेशिक गौशाला संघ के पदाधिकारी, राज्य के सभी निबंधित गौशाला के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में आरके अग्रवाल, अनिल मोदी, डॉ शालिनी मिश्रा, आयोग के सचिव डा संजय प्रसाद, रजिस्ट्रार डा० मुकेश मिश्रा और पशुचिकित्सक आदि उपस्थित थे।

### हजारीबाग में 29 को होगी लोजपा की प्रदेश स्तरीय बैठक

**रांची।** राष्ट्रीय लोजपा के राज्य कार्यकारिणी की बैठक 29 को हजारीबाग के कनहरी हिल के वन परिसर में होगी। इस बैठक में पार्टी की सभी इकाईयों के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल होंगे। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज के निर्देश पर इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में वनभोज के बहाने आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति पर चर्चा के साथ संगठन की मजबूती पर समीक्षा भी होगी। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकजनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करेंगे। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव मुकेश कुमार ने दी।

## कोर्ट की खबरें

### नीरज सिंह हत्याकांड मामले में सरकार से हाईकोर्ट ने पूछा

## संजीव सिंह को क्यों नहीं भेजा एम्स



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि संजीव सिंह को बेहतर इलाज के लिए एम्स क्यों नहीं भेजा गया है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई तीन जनवरी निर्धारित की है। याचिकाकर्ता संजीव सिंह की ओर से अपनी बीमारी का हवाला देते हुए 30 दिन का प्रोविजनल बेल का आग्रह कोर्ट से किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि संजीव सिंह गंभीर रूप से बीमार है। वे रिम्स में इलाजरत है। रिम्स के आठ डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजने की अनुशंसा की है, लेकिन जेल प्रशासन अगस्त माह से ही इस मामले में कुछ नहीं कर रहा है। पूर्व में हाईकोर्ट दो बार संजीव सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर चुका है। नीरज की हत्या के मामले में पूर्व विधायक संजीव सिंह 11 अप्रैल, 2017 से जेल में बंद हैं। इससे पूर्व भी हाईकोर्ट से संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी।

### पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा ने ईडी कोर्ट में दायर किया डिस्चार्ज पिटीशन

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में



साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा की ओर से शुक्रवार को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया है। इस पर सुनवाई के लिए अदालत ने दो जनवरी की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में उनके खिलाफ आरोप गठन भी होना है। पिछले दिनों हाईकोर्ट से कृष्णा साहा को जमानत मिल चुकी है। बीते पांच जुलाई को 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। ईडी एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत मामले की जांच कर रही है। ईडी ने कृष्णा के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। मामले में साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा को मुख्यमंत्री के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी बताया जाता है। कृष्णा के अवैध पत्थर खदान में दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत हो गई थी।

### विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की बेल पर सुनवाई पांच को



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में टेंडर मैनेज करने और साहेबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपित मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर शुक्रवार को आंशिक सुनवाई हुई। न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए पांच जनवरी 2024 की तिथि निर्धारित की है। ईडी की विशेष अदालत में पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली। मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था।

### पत्थर कारोबारी टिंकल भगत की बेल याचिका पर सुनवाई 12 को




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने प्रार्थी के अधिवक्ता अनिल कुमार को निचली अदालत में ईडी के आरोप पत्र की प्रति कोर्ट में शपथपत्र के रूप में दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 जनवरी निर्धारित की है। ईडी की विशेष अदालत ने पूर्व में टिंकल भगत जमानत याचिका खारिज कर दी थी, इसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई है। इस मामले में ईडी ने टिंकल भगत के खिलाफ दो सितंबर को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। टिंकल साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से जुड़ा है।

### अवैध खनन मामला : सुनील यादव की बेल याचिका पर ईडी से मांगा जवाब



**रांची।** झाराखंड हाईकोर्ट में साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में आरोपित सुनील यादव की ओर से दाखिल जमानत याचिका की आंशिक सुनवाई शुक्रवार हुई। मामले में जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई जनवरी माह में होगी। याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ जो आरोप लगे हैं वह निराधार हैं। अवैध खनन मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। सुनील यादव के और से हाई कोर्ट में अधिवक्ता सब्यसाची ने पक्ष रखा। गत सात अक्टूबर को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनील, दहू यादव का भाई है। ईडी कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

### तालाब की जमीन पर अस्पताल बनाने में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में देवघर के मधुपुर अनुमंडल में गैर मजुरूवा जमीन पर बने तालाब पर अस्पताल बनाए जाने के टेंडर को चुनौती देने वाली अरुण शाही की जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में यथा स्थिति (स्टेटस को) बनाए रखने का आदेश दिया है यानी अब वहां की स्थिति पूर्व में जैसी थी वैसी कोर्ट के अगले आदेश तक बनी रहेगी। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 के दूसरे सप्ताह में निर्धारित की गई है। पूर्व में खंडपीठ ने अरुण शाही की रिट याचिका को जनहित याचिका (पीआईएल) में बदला था। दरअसल, याचिकाकर्ता का कहना है कि देवघर के गोविंदपुर मौजा में मधुपुर अनुमंडल स्थित बांध/तालाब पर अस्पताल बन रहा है। इसका शिलान्यास 18 सितंबर को चुका है।

### नगर निकाय चुनाव नहीं कराने पर रोशनी खलखो ने दाखिल की अवमानना याचिका

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में नगर निकाय चुनाव राज्य सरकार द्वारा नहीं



कराये जाने को लेकर रांची नगर निगम की पूर्व पार्षद रोशनी खलको ने अवमानना याचिका दाखिल की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार द्वारा स्थानीय निकायों का चुनाव नहीं कराया जाना सुप्रीम कोर्ट के आदेश एवं संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद भी सरकार आधी-अधूरी बात के साथ जनता के साथ कोर्ट का समय भी बर्बाद कर रही है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना कर रही है। सरकार कह रही है कि ट्रिपल टेस्ट कराकर ही निकाय/पंचायत चुनाव कराए जाएगा लेकिन संविधान का प्रावधान है कि यदि ट्रिपल टेस्ट लंबे समय तक नहीं कराया गया है तो निकाय चुनाव को लंबित नहीं रखा जाना चाहिए।

## सशिविमं उवि. बाबू गांव, कोर्रा में श्रीनिवास रामानुजन जयंती सह गणित दिवस का आयोजन

# जयंती पर याद किए गए गणितज्ञ रामानुजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय बाबू गांव, कोर्रा में श्रीनिवास रामानुजन जयंती सह गणित दिवस हर्षोल्लास मनाया गया। कार्यक्रम का श्रीगणेश मुख्य अतिथि डॉ अरुण कुमार ,विद्यालय के अध्यक्ष डॉ बृज कुमार विश्वकर्मा, सचिव राम बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, सदस्य महेंद्र कुमार एवं अभिभावक प्रतिनिधि पम्मी देवी के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया । आगंतुक अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अरुण कुमार ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन कि कुशाग्र बुद्धि के कारण ही इन्हें चलता फिरता कंप्यूटर कहा जाता है। इन्होंने रियल नंबर, गेम थ्योरी, नंबर थ्योरी पर रिसर्च किया और अनेक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया जो आज तक प्रसांगिक है, इन्हें लंदन से एफआरएस की उपाधि दी गई। अध्यक्ष डॉक्टर बृज कुमार विश्वकर्मा ने अपने आशीर्वचन में कहा कि रामानुजन के साथ गीता जयंती भी आजही है। रामानुजन की मां एक धार्मिक महिला थी उन्होंने ही रामानुजन को गीता पुराण की शिक्षा दी थी। रामानुजन ने लंदन जाते समय कहा कि मैं लंदन में भी अपनी सांस्कृतिक परंपरा को नहीं छोड़ूंगा । उनकी 75 वीं वर्षगांठ पर भारत सरकार द्वारा एक डाक टिकट निकाला गया एवं 2012 में आज का दिन राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भाषण, प्रश्न मंच, प्रश्न रेस, जलेबी रेस, चॉकलेट रेस, मेंढक रेस, एवं चार्ट समेत अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा दशम की बहन सुरूचि ,बहन रिशु एवं बहन मौलीरानी, कक्षा नवम से सिंपल कुमारी ,अमीषा रानी एवं भैया आर्यन कुमार सफल रहे। चार्ट प्रतियोगिता में अमीषा एवं श्रेया,रिया एवं मनिषा तथा रोहित कुमार, श्रेया एवं सुमित सफल हुए। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ में सत्यम एवं हिमांशु,अंश एवं आदित्य और मनीषा तथा मानसी सफल रहे। सप्तम के प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भैया उदय एवं सुमन, सेजल एवं अपूवानंद एवं बहन व्युटि एवं श्वेता सफल रहे। पंचम की गणित रेस प्रतियोगिता में भैया युवराज एवं बहन दिव्या, भैया मयंक एवं बहन फूल कुमारी तथा बहन कीर्ति ने सफलता प्राप्त किया। तृतीय के गणित रेस में शिवम एवं खुशबू ,अनिकेत एवं दिशा तथा भैया प्रिंस कुमार सफल रहे। वहीं अष्टम के प्रश्न मंच प्रतियोगिता में परमानंद एवं सीमांत,तनयनंदन एवं नीतू कुमारी तथा अर्चना एवं प्रिंसी कुमारी ने अंक तालिका में जगह बनाया। द्वितीय के गणित रेस में प्रतियोगिता में प्रथम भैया पीयूष एवं बहन आरवी द्वितीय भैया आशीष एवं बहन अनन्या भैया मयंक एवं बहन रोशनी ने प्राप्त किया। कक्षा प्रथम का मेंढक प्रेस प्रतियोगिता में प्रथम भैया ऋतिक द्वितीय भैया आदत तृतीय स्थान भैया सिद्धार्थ ने प्राप्त किया ।इसी कक्षा के चॉकलेट रेस में बहनों में प्रथम सृष्टि कुमारी द्वितीय बहन ज्योति कुमारी एवं तृतीय बहन सौम्या कुमारी ने प्राप्त किया। कक्षा उदय के चॉकलेट रेस प्रतियोगिता में प्रथम भैया सादिक अंसारी एवं दीप्ति कुमारी द्वितीय भैया प्रांजल एवं बहन अनुष्का तृतीया स्थान भैया सत्यम एवं बहन राजनंदिनी ने प्राप्त किया कक्षा अरुण के जलेबी रेस प्रतियोगिता में बहन प्रतिभा एवं भैया ऋषि कुमार प्रथम स्थान द्वितीय स्थान बहन नंदिनी एवं भैया अयान एवं तृतीय स्थान बाहर अनामिका तथा भैया दिव्यांशु ने प्राप्त किया। मंच संचालन विद्यालय की आचार्या अल्पना सिन्हा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के आचार्य शिव शरण ठाकुर ने दिया।इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य राजकुमार सिंह ,वीरेंद्र मिश्रा ,पवन गुप्ता, रविकांत पाठक, मुकेश कुमार सिंहा, रेवत लाल प्रसाद, पिंटू कुमार राय, राहुल पांडे, विवेक कुमार, रिंकी कुमारी ,पप्पू पांडे ,सचिन पांडे, रविंद्र कुमार समेत समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## सशिविमं, कुम्हारटोली में मनाई गई श्रीनिवास रामानुजन की जयंती



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में श्रीनिवास रामानुजन जयंती मनाई गई। विद्यालय में अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, ब्रेन कुमार टुडू, पूर्णकालिक, विद्या विकास समिति, झारखंड, झारखंड ने श्री रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने श्री रामानुजन जयंती के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने कहा रामानुजन भारत की प्रख्यात गणितज्ञ है। उन्होंने गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आप सभी भैया- बहन श्री रामानुजन जो गणित के क्षेत्र में शिक्षा दी उसे आत्मसात कर गणित के क्षेत्र में आगे बढ़े। आप सभी भैया -बहन देश प्रेम एवं देश सेवा का संकल्प ले। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने श्री रामानुजन जयंती की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विद्यालय के गणित विभाग के रंजीत सोनी आचार्य राजीव रंजन उपस्थित थे। मौके पर पूनम दीदी जी, भैया-बहन एवं आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित थे।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी जारी रही स्पर्धाएं



**हजारीबाग।** शुक्रवार को पीडबल्यूडी चौक स्थित जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज हजारीबाग के द्वारा वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन संत कोलंबस महाविद्यालय के खेल स्टेडियम में बालक वर्ग का फुटबॉल मैच, क्रिकेट मैच, कबड्डी, बैडमिंटन तथा महिला वर्ग में कबड्डी, पिट्ठू, तथा बैडमिंटन का आयोजन किया गया। जिसमें फुटबॉल बालक वर्ग में 12वीं कला के विद्यार्थी विजेता हुए तथा उपविजेता 11वीं के कला के विद्यार्थी हुए। बैडमिंटन बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर 12वीं कक्षा के समीर, द्वितीय स्थान पर सचिन कुमार शर्मा सेमेस्टर 3 तथा तृतीय स्थान पर सहजीव सरवन डी फार्मा रहे। बैडमिंटन बालिका वर्ग में प्रथम 11वीं की छात्रा मनीषा सिंह रही जबकि द्वितीय स्थान पर डी फार्मा की विद्यार्थी भूमि कुमारी रही। पिट्ठू बालिका वर्ग में प्रथम 12वीं कला की विद्यार्थी रही। जबकि द्वितीय स्थान पर सेमेस्टर 2 की विद्यार्थी रही। कबड्डी बालिका वर्ग में बीए सेमेस्टर 3 की विद्यार्थी विजेता रही जबकि 12वीं की छात्रा ने द्वितीय स्थान पाया।

## सांसदों के निलंबन के विरोध में जदयू की रैली



**हजारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड के द्वारा इंडिया गठबंधन के बैनर तले 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से सभी दलों की एक रैली निकाली गई जो झंडा चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई ।जनता दल यूनाइटेड ने भी इस रैली में हिस्सा लेकर अपना विरोध दर्ज कराया ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा सांसदों का यह निलंबन नाजायज है उन्हें तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। रैली में शामिल जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा प्रदेश सचिव सह बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन मेहता, जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, जिला सचिव बसंत मेहता, कुलदीप राम, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, महासचिव पिंकी राणा, प्रखंड अध्यक्ष रामधनी कुशवाहा, जिला सचिव मनसा देवी, जिला सचिव नजरुल्ला अंसारी एवं मनीरूद्दीन अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीएवी में गणित दिवस का आयोजन

**बरही ।** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल में गणित दिवस का आयोजन किया गया. प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने महान गणितज्ञ की जीवनी बताते हुए बच्चो को गणित से दूरी नही मित्रता करने की सलाह दिया. साथ ही शिक्षको से गणित को रुचिकर बनाने की सलाह दिया. प्राचार्य ने बच्चो को ओलंपियाड जैसे परीक्षाओं में भी भाग लेने और बेहतर कर विद्यालय का नाम रौशन करने की बात कही. गणित के शिक्षक नरसिंह शर्मा व अमित चतुवेर्दी ने जीवन में गणित की महता पर प्रकाश डाला. बताया कि गणित से सोचने की शक्ति के साथ तार्किक विकास भी होते है. सभी से गणित को प्रिय विषय अपनाकर भविष्य को बेहतर करने का सलाह दिया. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रवि उदय सिंह ने किया. जिसमे विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहभागिता निभाई.

## रामगढ़ में भाजपा की बैठक



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 22 दिसंबर को भाजपा जिला कार्यालय हाथमरा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जो पारम्परिक कारीगर को केंद्र सरकार के द्वारा उनके आर्थिक स्थिति को सशक्त करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके अनुशंसा पर ही लाभुक को लाभ मिलने वाला है। इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर बैठक जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में तथा जिला महामंत्री रंजन फौजी के संचालन में आयोजित हुआ। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सह संयोजक अमरदीप यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो,आनंद बेदिया, अखिलेश प्रसाद, जिला मंत्री राजेन्द्र कुशवाहा, रमेश वर्मा,बसुध तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, पालक उमेश प्रसाद मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद स्वर्णकार , सतीश मोहन मिश्र, अशोक कुमार, तोकेश सिंह,राजेन्द्र महतो आदि शामिल हुए।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में गणित दिवस मना



**रामगढ़ ।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। यह महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाने के लिए हर साल इस दिन मनाया जाता है। यह छात्रों, शिक्षकों और जनता को दुनिया की हमारी समझ को आकार देने और वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने में गणित की भूमिका की सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करता है। कक्षा 1 और 2 के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने इस दिन को बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया। आज बच्चों के लिए 'कैलेंडर मेकिंग एक्टिविटी' का आयोजन किया गया। उन्होंने सुंदर, रंगीन और नवीन कैलेंडर बनाए। इस दौरान प्राचार्य हरजाप सिंह द्वारा शिक्षा में गणित के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार हरपाल सिंह अरोरा, सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह।

## एनएससी बोस पब्लिक स्कूल में रंगोली एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**हजारीबाग।** मटवारी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्कूल में शुक्रवार को रंगोली एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मेजर सार्जेंट पुलिस लाइन से कुमार देवव्रत उपस्थित थे ' विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशांत शेखर झा, जेपी जैन, फराह फातमि एवं डॉ अमन उरवार शामिल हुए। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किया। जिसमें शिवानी, कोमल, ऋतिक, अमित, मोहम्मद कैफ, लखन टुडू, सुमित, अमित, विनीत, करण दिव्या, कनक, सुमित राम, स्वीटी, गौतम के मॉडल प्रमुख थे। मुख्य अतिथि कुमार देवव्रत सभी बच्चों के मॉडल की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### जनता दरबार में अबुआ आवास के लिए 566 आवेदन आए

**बरही।** मुख्य मनोज कुमार की अगुवाई में करियातपुर पंचायत मुख्यालय परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में कल 566 अबुआ आवास, 59 सर्वजन पेंशन, लगान रसीद 38, 28 सावित्री फूले किशोरी समृद्धि, गुरुजी क्रेडिट कार्ड 27, जॉब कार्ड और केसीसी 12 तथा बिरसा कूप सिंचाई, म्यूटेशन, लगान करेक्शन के एक- एक आवेदन प्राप्त हुए. वही दो आयुष्मान कार्ड और तीन जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया. इसके सात ही 110 कंबल, 76 साड़ी धोती, 113 डीबीटी के तहत छात्राओ को साइकिल का पैसा और 951 एसएचजी समूह के दीदीओ के बीच आईडी कार्ड बांटा गया. शिविर में राजस्व, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, चिकत्सा आदि विभिन्न विभागों के दर्जनों स्टॉल लगाया गया था. कार्यक्रम में बीडीओ, सीओ, बीसीओ, सीआई, बीटीएम, बीभीएचओ आदि सहित प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद थे.

### मारपीट में एक घायल प्राथमिकी के लिए दिया आवेदन

**बरही।** भंडारो निवासी रजिया खातून पति नाजीम अंसारी ने गाली गलौज, मारपीट करने और जान से मारने को लेकर बरही थाना में आवेदन दिया है. आवेदन में अपने ही गांव के बशीर मियां पिता नूर मियां, उनकी पत्नी रिजवाना खातून और पुत्र दिलबर शाही पर मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. आवेदन में बताया गया कि गुरुवार को अपने खेत में वह बकरी चरा रही थी, इसी क्रम में उक्त तीनों ने उनके साथ पुआल खाने का आरोप लगाते हुए मारपीट किया. साथ ही अगले दिन शुक्रवार को भी जब उसके पति मामले की जानकारी गांव वालो को दे रहे थे. उक्त व्यक्ति ने अचानक जानलेवा हमला कर घायल कर दिया.

### दिव्य कल्याण आश्रम में निःशुल्क मेगा शिविर कल

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव के सौजन्य से दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर एचजेडबी आरोग्यम, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल हजारीबाग के द्वारा 24 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2बजे तक निर्धारित किया गया है। इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ और सामान्य रोग विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी विधायक अमित कुमार यादव ने दी। यादव ने स्वास्थ्य जांच शिविर में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने के लिए अपील की।

## स्व. रफीक अंसारी की 11वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आज फहिमा अकादमी स्कूल के प्रांगण में

**हजारीबाग।** शहर में कई विद्यालय है जो बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं परंतु शहर में कुछ ऐसे भी विद्यालय हैं जो बच्चों को शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी अपनी सहभागिता पूरी सुनिश्चित कर रहे हैं इन्हीं विद्यालयों में से एक फहिमा अकैडमी है जो 110 छात्रों को निशुल्क शिक्षा देने का संकल्प लिया है। छात्रों को नर्सरी से नौवीं कक्षा तक पूरी निःशुल्क पढ़ाई जाएगी, स्व : रफीक अंसारी के 11वीं पुण्यतिथि पर विशेष रूप से किया जा रहा है। इसके अलावा विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन आज किया जा रहा है, इसके अलावा गरीब जनों के बीच कंबल एवं टोपी का वितरण किया जाएगा। 24 दिसंबर को भारत



मेडिकल मे जांच शिविर का आयोजन किया गया है। फहिमा प्राचार्या फरहा फातमी ने कहा की उनका ये निर्णय उनके दादा स्वर्गीय रफीक अंसारी के लिए एक श्रद्धांजली है साथ ही 23 दिसम्बर दिन शनिवार को स्कूल प्रांगण में ब्लड डोनेशन कैंप, मुफ्त चिकित्सा शिविर, और कम्बल एवं गर्म टोपियों का वितरण जरुरतमंदों के बीच किया जायेगा साथ ही बताया स्वर्गीय रफीक अंसारी जी का सपना था लड़कियों के शिक्षा को बढ़ावा देना इसलिए उन्होंने हर धर्म जाति के लड़कियों के लिए एक निःशुल्क शिक्षा का मौका प्रदान कर उनके सपने को पूरा करने की छोटी सी कोसिस की है साथ ही उन्होंने ये भी कहा की उनके उज्जवल भविष्य के लिए और उनके सपने को पूरा करने के लिए स्कूल उनकी हर संभव मदद करेगा,आज से ही 110 बच्चियों के निःशुल्क शिक्षा के नामांकन भी शुरू किया जायेगा 23 दिसंबर से 30 जनवरी 2024 तक जरूरतमंद 110 बच्चियों के एडमिशन का समय सीमा तय किया है स्कूल के शिक्षको ने भी स्कूल प्रबंधन के इस निर्णय की काफी सराहना की है।

## शिलाडीह में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के शिलाडीह पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ रोशमा डुंगडुंग,अंचल अधिकारी श्रीकांत लाल मांझी,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,डा0 जसीम अख्तर, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, मुखिया निजाम अंसारी, उप मुखिया सहदेव पासवान,पंसस ज्योति देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शमीम अंसारी, माले नेता शेर मोहम्मद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के लिए 635 आवेदन, जाति प्रमाण पत्र 5, आय प्रमाण पत्र 6, लगान रसीद 2, आयुष्मान कार्ड 6, मनरेगा 7, सर्वजन पेंशन योजना 54, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 52, किसान क्रेडिट कार्ड योजना 2, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 29, गुरू जी क्रेडिट कार्ड के 28 आवेदन प्राप्त हुए। जबकी साइकिल के लिए 160 छात्रों का डीबीटी किया गया। मौके पर एसएचजी क्लस्टर सदस्यों के बीच आईडी कार्ड 945 का वितरण, जरूरत मंद 168 लोगों को कंबल तथा 120 कार्डधारकों के बीच धोती, साडी, लुंगी का वितरण किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 2218 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 1418 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया ।जबकी 800 प्रोग्रेस में है।

## डीसी ने गरीब व असहायों के बीच बांटे कंबल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** बढ़ती ठंड के मद्देनजर गुरुवार की देर रात उपायुक्त चंदन कुमार ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने रामगढ़ शहर अंतर्गत बिजुलिया क्षेत्र में बिरहोर समूह के लोगों के बीच कंबलों का वितरण कर उनका हाल-चाल लिया। वहीं, अधिकारियों को समूह के लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया जिसके उपरांत उपायुक्त ने बिरसा बस स्टैंड में कंबलों का वितरण कर अलाव की व्यवस्था का जायजा लिया। बिरसा बस स्टैंड के उपरांत उपायुक्त ने ट्रेकर स्टैंड एवं रांची रोड रेलवे स्टेशन पर कंबलों का वितरण किया। मौके पर उपायुक्त ने बढ़ती ठंड के मद्देनजर प्रमुख चौक चौराहों व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थलों पर नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अन्य उपस्थित थे।

## राधा गोविंद विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के इतिहास विभाग द्वारा विश्वविद्यालय प्रांगण में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी अयोजित की गई। राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय अनसुलझे पहलू : झारखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान व भारतीय विरासत रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिन का शुभारंभ कुलाधिपति बी.एन.साह एवम विशिष्ट अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व.गोविंद साह एवम स्व.राधा देवी के चित्रों पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलित कर किया गया। ततपश्चात विशिष्ट अथितियो का स्वागत कुलाधिपति ने बुके और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तथा विश्वविद्यालय के छात्रों ने झारखंड के संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का



स्वागत किया। संगोष्ठी का उद्देश्य झारखंड के स्वतंत्रता आंदोलन में झारखंड के लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। इनकी विरासत आज भी झारखंड में द्दष्टिगत होता है। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डीन,विभागाध्यक्ष रांची विश्वविद्यालय रांची प्रो.( डॉ.) दिवाकर मिंज ने कहा की झारखंड का इतिहास समृद्ध और विविध है, जिसमें कई छुपी हुई सच्चाइयां खोजने के लिए इंतजार कर रही हैं। यह संगोष्ठी राज्य के अतीत को समझने और सीखने के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है, और मुझे आशा है कि यह हमें ज्ञान और समझ के लिए अधिक प्रेरित करेगा। विश्वविद्यालय का माननीय कुलाधिपति महोदय श्री बी.एन. साह ने तहे दिल से अतिथियों का आदर सम्मान किया और इतिहास विभाग में हो रहे राष्ट्रीय संगोष्ठी पर अपना हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**निंदा** — इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने दिया धरना, कहा

# राज्यों के प्रति केंद्र सरकार का रवैया 'तानाशाही'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने 22 दिसम्बर को सुभाष चौक के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू और संचालन विनोद कुमार महतो व बलजीत सिंह बेदी ने किया। मौके पर घटक दलों के नेताओं ने कहा की लोकसभा और राज्यसभा से विपक्षी दलों के सांसदों को निलंबित कर केंद्र सरकार ने तानाशाही का परिचय दिया है। धरना में झामुमो, कांग्रेस, राजद, जदयू, सीपीआई, सीपीएम, भाकपा माले के नेता और




कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर वक्ताओं ने कहा की विपक्षी दलों के सांसदों को निलंबित कर केंद्र सरकार ने लोकतंत्र विरोधी कार्य किया है। कहा की हम सभी इसकी निंदा करते हैं। कहा की 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता के सहयोग से इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंका जाएगा। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, झामुमो के राजकुमार महतो, गीता विश्वास, मंजू देवी, पिंकी बेसरा, गीता देवी, महेश ठाकुर, संतोष कुमार, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, रंजीत बेसरा, राजेंद्रनाथ चौधरी, विष्णु कुमार, देवकीनंदन बेदिया, योगेंद्र यादव, अनु विश्वकर्मा, जगदीश महतो, अरूण बनर्जी, सकलदेव करमाली सहित घातक दलों के कई लोग उपस्थित थे।

# सांसदों के निलंबन के खिलाफ इंडिया गठबंधन का विरोध प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** देश के दोनों सदन राज्यसभा एवं लोकसभा में 142 सांसदों के निलंबन के खिलाफ इंडी अलायंस मे सिमडेगा शहर में विरोध प्रदर्शन किया गया।मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना एवम राजद दिनेश बरला सहित तमाम इंडिया महागठबंधन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।वहीं कार्यकर्ताओ ने नीचे बाजार पेट्रोल पम्प से होते हुए नगर भवन में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यर्पण करते हुए वीर शहीद बुधु भगत के प्रतिमा पर माल्यर्पण करते हुए प्रदर्शन की




समापन किया गया । संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन पर कहा कि मोदी की सरकार लोकतन्त्र का गला घोंटने के लिए जिस तरह से तानाशाही रवैया अपना रखी है ये देश की जनता का अपमान है।देश की जनता अपने वोट की ताकत से संसद में अपना प्रतिनिधि चुन कर इस लिए भेजती है ताकि उनके हक अधिकारों की लड़ाई हमारे सांसद देश की सबसे बड़ी पंचायत में रखेंगे।परन्तु जिस तरह से सांसदों को अपने बात रखने से एवं सत्ता से सवाल पूछने पर रोका जा रहा है और उन्हें निलंबित कर कई बिल जो बिना चर्चा का पास किया जा रहा है ये लोकतांत्रिक ब्यवस्था में सांसदों के अधिकारों खिलाफ है । उन्होंने आगे कहा महंगाई के खिलाफ हो ,रोजगार की बात हो ,किसानों की एमएसपी बात हो, महिला सुरक्षा की बात हो या संसद भवन में जिस तरह से सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त किया गया। ऐसे मामलों में विपक्ष सत्ता से ही सवाल पहले भी करते आया था और आज भी किया जा रहा है।प्रधानमंत्री मोदी एवं गृह मंत्री को संसद आकर देश की सबसे बड़ी पंचायत के सुरक्षा व्यवस्था पर जवाब देने के बदले सांसदों को संसद से बाहर का रास्ता दिखाने ये किसी भी तरह से तानाशाही रवैया को डर सता रहा है। कार्यक्रम में प्रदीप केशरी, मो समी आलम ,शफीक खान,बिरजो कंडुलना, जोनसन मिंज, मनोज जायसवाल,फिरोज एवम मो शाहिद, शिशिर मिज, रणधीर रंजन, अनिल तिर्की ऑस्कर डांग , पुष्पा कुल्लू ,जोसीमा खाखा, आसिसन बिलुंग, समरोम पॉल टोपनो, नॉमिता बा,जमीर खान, बिपिन कुल्लू, संजू डांग ,राकेश कोंगाडी, रनधीर रंजन अनूप लकड़ा , सोनू नायक,साबिर अंसारी , कौशल किशोर रोहिल्ला, मो सिकंदर जमीर हसन अरमान खान , राजेश टोप्पो रितेश बड़ाईक ,सुरेश द्विवेदी ,अजित लकड़ा, प्रकाश बागे ,वकील खान, नवीन बिरेन तिर्की ,जस्टिन डांग , प्रेमधानी हेमरोम,संदीप मिंज, सुनील खडिया शीला देवी ,राकेश कोंगाडी ,मो तनवीर हुसैन, जोसेफ सोरेंग, पतरस एक्का, भूषण राम, शकील अहमद, शशि मिंज मनीषा खलखो, सावधानी सोरेंग साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

# डीसी ने बिरहोर परिवारों के बीच कंबल व धोती-साड़ी बांटे

**कोडरमा।** उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज ने झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत झरना कुंड बिरहोर टोला का भ्रमण किया. यहां बिरहोर परिवारों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से अवगत हुईं. उन्होंने डीपीओ यूआईडी को बिरहोर टोला में आधार कैंप लगाकर शत-प्रतिशत बिरहोरों का आधार कार्ड बनाने का निर्देश दिया. उन्होंने सभी का राशन कार्ड बनाने भी कहा. साथ ही पदाधिकारी की उपस्थिति में डाकिया योजना के तहत राशन उपलब्ध करने का निर्देश दिया. वहीं, पानी की समस्या को देखते हुए जल मीनार बनाने का निर्देश नगर परिषद झुमरी तिलैया के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया. उपायुक्त ने भ्रमण के क्रम में बहुत सारे आवास को जर्जर हालत में देखा, जिसके बाद जिला कल्याण पदाधिकारी को बिरसा आवास योजना से लाभुकों को अच्छादित करने का निर्देश दिया. वहीं सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार को बिरहोर टोला में नियमित रूप से हेल्थ चेकअप कैंप लगाकर लोगों का स्वास्थ्य जांच करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने बिरहोर परिवारों को कंबल व धोती-साड़ी और बच्चों को स्वेटर बांटे.

## एक नजर

### बिरहोरों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : डीसी

**कोडरमा।** डीसी मेघा भारद्वाज ने 21 दिसंबर गुरुवार को झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत झरनाकुंड बिरहोर टोला का भ्रमण किया था. जहां उनके द्वारा बिरहोर परिवारों के बीच कंबल व धोती साड़ी का वितरण किया गया था और बच्चों के बीच स्वेटर बांटा गया था. डीसी ने भ्रमण के दौरान देखा कि बिरहोरों के बच्चों के बाल बढ़े हैं. उन्होंने बच्चों के बाल काटने, आधार कैंप व हेल्थ कैंप लगाने का निर्देश दिया गया था. डीसी के निर्देश पर शुक्रवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और बीडीओ के नेतृत्व में वहां के बच्चों का बाल कटवाया गया. टोला में आधार कैंप लगाकर वहां के छूटे हुए बिरहोर परिवारों का आधार कार्ड बनाया गया. इसके साथ-साथ सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में हेल्थ कैंप लगाया गया. हेल्थ कैंप के माध्यम से सभी बिरहोर के स्वास्थ्य की जांच की गयी और उनके कई परामर्श दिये. जिन लोगों को स्वास्थ्य संबंधित परेशानी थी, उन्हें दवा भी दी गई. डीसी के निर्देश पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में जन मन योजना के तहत आवास देने के लिए सर्वे किया गया.

### सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** डीसी मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभागार व बिरसा संस्कृति भवन कोडरमा में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया. डीसी के निर्देश के आलोक में उप निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस प्रशिक्षण में चुनाव के पूर्व, चुनाव के 1 दिन पहले एवं चुनाव के दिन के कार्यों की जानकारी दी गई. प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने सेक्टर में जाकर गहन जांच पड़ताल करेंगे. विशेष रूप से वलनेरेबुल मैपिंग का कार्य करेंगे. साथ ही अपने गहन जांच की रिपोर्ट प्रपत्र में भरकर जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे. इसके साथ ही सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने पोलिंग स्टेशन में रैंप, सड़क की स्थिति, बिजली/पानी की व्यवस्था, महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, भवन की स्थिति आदि की जानकारी लेते हुए प्रपत्र में भरकर रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे.

### कोडरमा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला के डोमचांच प्रखंड के मसमोहना, कोडरमा प्रखंड के झुमरी, चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी, जयनगर प्रखंड के तमाय एवं मरकच्चो प्रखंड के मरकच्चो दक्षिणी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए. शिविर में बीडीओ द्वारा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की योजनाओं यथा, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टूडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गई।

## कोचेडेगा में दो दिवसीय क्रिसमस गैदरिंग का हुआ समापन

# आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है क्रिसमस : पूर्व मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड के कोचेडेगा में क्रिसमस पर्व से पूर्व आयोजित दो दिवसीय क्रिसमस सह मेला का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का शामिल हुए। मौके आयोजन समिति के संयोजक सह पंचायत के मुखिया शिशिर टोप्पो के द्वारा बुके देखकर उनका स्वागत किया इसके बाद केक काटकर विधिवत रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की। जहां पर बालिकाओं के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत करते हुए उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। वहीं इस मौके पर बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा गीत संगीत एवं क्रिसमस गीतों के साथ पूरे रात भर लोगों को मनोरंजन कराया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि क्रिसमस आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के प्रतीक का पर्व है। क्रिसमस के मौके पर धर्म विश्वसियों से अपेक्षा है कि सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करें। दुनिया मे शांति, दया, सेवा, सुख, समृद्धि के साथ साथ अपने उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना करें। आपस मे प्रेम, शांति और भाईचारा का संबंध बनाने हुए सभी का सहयोग करने का संकल्प लें। पूर्ण क्षेत्र के लोगों को क्रिसमस पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी और साथ ही मिलजुल करते त्यौहार मनाने की बात कही।इस मौके पर अमन खेस, गोस्सनर डाँग,रंजीत कुल्लू, रसाल खलखो, तिमतियुस टोप्पो, अनिता बरवा,विनीता बरवा, शांतिएल टोप्पो, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। वही विधि व्यवस्था को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार दलबल के साथ मौजूद रहे ,जहां पर शांतिपूर्ण माहौल में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### क्रिसमस गैदरिंग में युवा झापा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का हुए शामिल



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के जुरकेला गिरजा टोली में शुक्रवार को धूमधाम के साथ क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के युवा नेता संदेश एक्का, जिला सचिव राहुल कुमार ,उपाध्यक्ष दिवाकर दास ,पंचायत उपाध्यक्ष पवन विश्वकर्मा उपस्थित हुए। सर्वप्रथम पारंपरिक वेशभूषा एवं ढोल नगाड़े के ताल पर आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया ,जहां पर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति करते हुए सभी लोग क्रिसमस गैदरिंग का आनंद उठाया। अपने संबोधन में युवा नेता संदेश एक्का ने कहा- आज हम सब एक जगह संगठित होकर क्रिसमस गैदरिंग मना रहे हैं, यह परमपिता परमेश्वर की कृपा है कि जहां पर हम लोग कोरोना जैसे महामारी से बचकर आज हम परमेश्वर के आने से पूर्व उत्सव मना रहे हैं। आप सभी परमपिता परमेश्वर की बताई मार्ग पर चलकर लोगों के बीच सेवा और दिन ,दुखिया एवं गरीबों की मदद करें। हमारा यह पर्व शांति एकता और भाईचारे का संदेश देता है और सभी लोगों को मिलकर इस त्यौहार में अपने अंदर छुपी बुराइयों को दूर करने की प्रतिज्ञा लेने की आवश्यकता है ताकि समाज में एक नई ऊर्जा का संचार हो सके। इस मौके पर गिरजा टोली गांव के काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे वहीं आयोजन समिति उपवन डूंगडुग, शोषण डूंगडुग, जयदीप कुल्लु,फूलमनी टेटे,सुरेश टेटे,विश्वास टेटे,अनूप ,अनिल,जुनास,नवीन टेटे आदि उपस्थित हुए।

### संत थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग



**बानो।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित संत थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनूप मिंज ,जगदीश बागे व विद्यालय के प्रिंसिपल फ्रांसिस टेटे ने दीप प्रज्वलित कर किया ।मौके पर अनूप मिंज ने कहा प्रभु ईसा मसीह गरीब असहाय लोगो के उद्धार के उनके बीच गरीबी की स्थिति में अवतार लिये थे भटके हुए लोगो को सही रास्ता में लाने के लिये हमारे बीच आये थे।आप भी दूसरों के मार्ग दर्शक बने प्रभु ख्रीस्त जन्म के अवसर पर हम हर वर्ष जन्मोत्सव मनाते हैं ।प्रभु ईसा मसीह के जीवन को हमारे कई महापुरुषों ने अपना कर जीवन को सार्थक बनाया।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे द्वारा विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन अनुपम तोपनो व अनीसा कुमारी ने किया ।

## एक नजर

### क्रिसमस गैदरिंग सह खेलकूद का आयोजन



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के दुमकी पंचायत में वर्ष 2023 के समापन के रुप में काथलिक चर्च दुमकी के तत्वावधान में क्रिसमस गैदरिंग सह खेल कूद का आयोजन किया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि इंडियन काथलिक यूथ मूवमेंट सिमडेगा धर्मप्रान्त के अध्यक्ष सह ठेठईटांगर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य अजय एक्का ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि साल के अंत में यह प्आयोजन किया किया गया और और सभी समुदाय के लोगों को सहभागी होने का मौका मिला वास्तव में क्रिसमस गैदरिंग एक दूसरे के कमी कमजोरी को स्वीकार करते हुए शांति का संकल्प लेने का समय है, क्योंकि क्रिसमस शांति का राजा येसु मसीह का जन्म की यादगार में मनाई जाती है।कार्यक्रम में मजदूर यूनियन सिमडेगा जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा ने भी संबोधित करते हुए क्रिसमस की बधाई एवं नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मौके पर हॉकी टूनामेंट सहित कई खेल कूद एवं क्रिसमस कैरोल भी हुआ। कार्यक्रम में बलासियुस कुल्लू, श्याम सुंदर साहू, निरोज एक्का, मुकुट लकड़ा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### ठेठईटांगर चालीस मर्दन जंगल में दो ऑटो के बीच टक्कर, तीन लोग हुए गंभीर रूप से घायल

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के कुसुमबेड़ा चालिस मर्दन घाटी में शुक्रवार को दो ऑटो के बीच में जोरदार टक्कर हुई ।दुर्घटना में ताराबोगा निवासी अशोक साहू, सन्तोष साहू एवं सनोज कुमार को गंभीर रूप से चोट लगी । घायलों को प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज की मदद से रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर भेजा गया जहां पर उनकी इलाज चल रही है । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ऑटो ठेठईटांगर से ताराबोगा की ओर वही दूसरी ऑटो संलागापोस से ठेठईटांगर जा रही थी ,दोनों ही ऑटो ओवर स्पीड था और चालीस मर्दन घाटी पर दोनों के बीच में भीषण सड़क दुर्घटना हो गया।।घटना की जानकारी पंचायत समिति सदस्य कोरोमिया पश्चिमी प्रिसिला डुंगडुंग के द्वारा ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को हुई। प्रमुख विपिन पंकज मिंज घटनास्थल पर पहुंचकर एंबुलेंस और प्रशासन को इसकी सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस द्वारा सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया इधर घायलों का इलाज अस्पताल में चल रही है।

### कुरडेग में नहीं दिखा बंद का असर बाजारों में दिखी रौनक



**कुरडेग।** भाकपा माओवादी नक्सल संगठन केन्द्रीय कमेटी द्वारा बुलाए गए भारत बन्द का कुरडेग में कोई असर देखने को नहीं मिला।बंद के दौरान सभी प्रकार की दुकानें एवं सरकारी कार्यालय खुले रहे। यात्री बसों का परिचालन जारी रहा सभी अपनी गंतव्य मार्ग की ओर गई। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर कुरडेग पुलिस का गश्त जारी रहा।गौरतलब हो नक्सलियों ने पुलिस के नक्सल विरोधी अभियान के खिलाफ 22 दिसम्बर को भारत बन्द बुलाया था।

# सशिविमं में मना वनवासी कल्याण केंद्र स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में शुक्रवार को वनवासी कल्याण केंद्र का स्थापना दिवस ।मनाया गया । इस अवसर पर संकुल प्रमुख संतोष दास और विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक द्वारा वनयोगी बाला साहब देशपांडे के तस्वीर के समक्ष पुष्पार्चन तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर विद्यालय के चार दलों के बीच खो-खो और रस्सा कस्सी प्रतियोगिता हुआ। विद्या मंदिर के लिए हुए खो खो प्रतियोगिता में दोनों वर्गों में शिवाजी दल चैंपियन बना बाल वर्ग के लिए हुए रसा कस्सी के मैच में बालिकाओं में शिवाजी दल तथा बालको के लिए हुए मैच में एकलव्य दल चैंपियन रहा । इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा शिशु प्रवेश से पंचम तक के छात्र छात्राओं के बीच द्वितीय सावधिक परीक्षा का परीक्षाफल वितरण भी किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य मनोज प्रसाद, आशीष बड़ाईक , मनोज कुमार , ओमप्रकाश आलोकनाथ साहू , निरंजन सिंह , अभिजित रंजन, गौरी देवी , सीता कुमारी, सीमा कुमारी ,सोनिया कुमारी , सुषमा प्रधान ,गीता कुमारी , सुलोचना कुमारी , मुदित टोप्पो , ममता कुमारी, सीता देवी, प्रमिला किंडो



, ममता कुमारी , आशा मुंडा ,शारदा मिश्रा ,चंपा मांझी ,सरिता कुमारी , मीरा कच्छप, रश्मि बड़ाईक, पूजा अनुरागिनी, संतोषी कुमारी ,अलका कुमारी, रोशनी कुमारी आदि उपस्थित थे

### सिमडेगा में माओवादी बंद का मिलाजुला असर

**सिमडेगा।** शुक्रवार को भाकपा माओवादियों द्वारा बुलाए गए एक दिवसीय भारत बंद का जिले में आंशिक असर देखने को मिला। वहीं जिला मुख्यालय में प्रतिदिन की भांति हैं आम जन-जीवन सुचारू रूप से जारी रहा। ज्ञात हो की पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे नक्सलियों के विरुद्ध अभियान को लेकर भाकपा माओवादियों द्वारा एक दिवसीय भारत बंद का आह्वान किया गया था। बंद के दौरान सिमडेगा बस स्टैंड से प्रतिदिन की भांति लंबी दूरी की यात्री बसें चली। वहीं क्रिसमस का पर्व को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल आम दिन की तरह जारी रही। वहीं बानो में भी माओवादियों का एक दिवसीय भारत बंद प्रखण्ड में शांति पूर्वक रहा।

### केलाघाघ पर्यटन स्थल के पास बने कचरा डंपिंग यार्ड का आजसू पार्टी ने किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** आजसू पार्टी सिमडेगा के जिला अध्यक्ष धुपेंद्र पांडे की नेतृत्व में शुक्रवार को सिमडेगा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के लगभग डैम किनारे बनाए गए कचरा डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण करते हुए उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पांडे ने कहा कि नगर परिषद एवं जिला प्रशासन के लापरवाही के वजह से पर्यटन स्थल है केलाघाघ का पूरा क्षेत्र कचरा और बदबू से भरा पड़ा है जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।अभी क्रिसमस व नव वर्ष 2024 को दूर-दूर से केलाघाघ में हजारों की संख्या में लोग घूमने आते है ऐसे में यहां मौजूद कचरा के अंबार से बीमारी होने का फुल गारंटी है।यह आजसू पार्टी नहीं नगर परिषद सिमडेगा का रवैया बोल रहा है ।जिसे आजसू पार्टी सिमडेगा आईना दिखाने का कार्य कर रही है। नगर परिषद सिमडेगा के द्वारा यह ड्रामा किया जाता है की गीला कचरा हरा बॉक्स में और सूखा कचरा नीला बॉक्स में डालना चाहिए जबकि गीला सूखा दोनो कचरे को एक जगह एक ही जगह जमा कर के बीमारी होने के संभावना को बढ़ावा दे रही है।जिला सचिव सह कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी विकास बड़ाइक ने कहा कि स्थानीय विधायक क्या पेंशन पाने के लिए विधायक बने हैं या कुछ काम भी करना है? क्या केलाघाघ सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र से बाहर है ?विधायक का 4 साल होने को है और शहर से ठीक 4 किलोमीटर की दूरी पर कचरो का अंबार लगा हुआ है सड़क से गुजरना भी मुश्किल हो गया है जिस पर किसी भी तरह का ध्यान नहीं दिया जा रहा है यह बहुत दुर्भाग्य की बात है मौके पर सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष अजत साहू, सचिव देवेंद्र साहू,केंद्रीय सदस्य गायत्री नंदन मौर्य जिला प्रवक्ता शिवनाथ डेहरी ,विवेक बड़ाइक अन्य उपस्थित थे।

**हौसला बढ़ाया**

## मोर पुलिस मोंय पुलिस बालिका टूर्नामेंट का समापन

# सिमडेगा ने कोलेबिरा को 3-0 से किया पराजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शुरू किए गए ₹मोर पुलिस मोय पुलिस₹ बालिका हॉकी प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सौरभ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रचलित करते हुए किया गया ,इसके बाद विभिन्न स्कूलों के बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करते हुए उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। फाइनल मैच कोलेबिरा थाना क्षेत्र एवं सिमडेगा थाना क्षेत्र के बालिका खिलाड़ियों के बीच आयोजित की गई। जहां पर खिलाड़ियों से अतिथियों के द्वारा



परिचय प्राप्त करते हुए आसमान में बैलून उड़ा कर किया गया, जहां पर शानदार खेलते हुए सिमडेगा थाना क्षेत्र की टीम ने 3-0 से जीत दर्ज की। इस मौके पर मैन ऑफ द सीरीज एवं मैन ऑफ द मैच दिया गया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक सौरभ ने कहा कार्यक्रम का आयोजन जागरूकता, साझेदारी शिक्षा, सरकारी योजनाओं और रोजगार तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सामाजिक मुद्दा सड़क सुरक्षा ,मानव तस्करी, साइबर अपराध एवं अन्य विषयों पर जागरूकता करना और इसी को लेकर इस प्रकार का खेल आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सिमडेगा पुलिस पुलिस अंकल ट्यूटोरियल के माध्यम से शिक्षा पर जोर दे रही है। इसके अलावा जिला प्रशासन से मिलकर सरकारी योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों को जागरूक करने का काम कर रही है, इसके साथ ही रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले स्थानीय व्यवसाय और संगठनों के साथ सहयोग करते हुए कौशल विकास कार्यक्रम को लागू करने का कार्य कर रही है ।उन्होंने कहा की मोर पुलिस मोय पुलिस का स्लोगन का उद्देश्य है कि सभी लोग पुलिस को अपना समझते हुए खुद पुलिस की तरह सामाजिक दायित्वों को पूरा करे । वही उपयुक्त सिमडेगा ने भी सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि सिमडेगा पुलिस जैसा पूरे राज्य में पुलिसिंग नहीं है ,जहां पर पुलिस अपना सामाजिक दायित्व को अपनाने का कार्य कर रही है।

# धनबाद में भाजपा नेता के घर पर हमला, महिलाओं के साथ की गई मारपीट, पुलिस से कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** जिले में भाजपा नेता के घर पर बदमाशों ने हमला कर दिया. इस दौरान जमकर उत्पात मचाया गया. सभी बदमाश हथियारों से लैस थे. बदमाशों ने महिलाओं से भी मारपीट की. घटना जलपोखर थाने की है. जानकारी के मुताबिक, पुरानी दुश्मनी को लेकर जलपोखर थाना क्षेत्र के खपरा धौड़ा 16 नंबर निवासी भाजपा युवा मोर्चा भागा मंडल के उपाध्यक्ष गणेश साव के घर पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से लैस दर्जनों बदमाशों ने हमला बोल दिया. गणेश साव घर पर नहीं थे. जिसके बाद घर की महिलाओं के साथ मारपीट की गई और घर का गेट भी तोड़ दिया गया. तोड़फोड़ और हिंसा की घटना को अंजाम देने के बाद सभी उपद्रवी आराम से चले गये.इलाके में तनाव की स्थितिः इस घटना के बाद जेलगोरा कॉलोनी में तनाव की स्थिति है. घटना से पीड़ित परिवार सहित आसपास के लोगों में भय का माहौल है. माहौल तनावपूर्ण हो गया है. घटना के बाद पीड़िता रूबी देवी आसपास के लोगों के साथ जोड़ापोखर थाना पहुंची. थाने पहुंचकर पीड़िता पुलिस से सुरक्षा, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और न्याय की गुहार लगा रही है. भाजपा नेता की पत्नी रूबी देवी ने बताया कि हमला करने वाले सभी युवक अपने हाथों में चाकू, हथियार और हॉकी स्टिक रॉड लिए हुए थे. सभी युवकों ने घर में तोड़फोड़ की. साथ ही सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. यहां तक कि महिलाओं को भी पीटा गया. वे उनके पति गणेश को खोज रहे थे. रूबी देवी ने बताया कि सभी युवक बरारी के थे और एक-दो युवक जेलगोड़ा के भी थे. हमला करने वाले युवक का नेतृत्व बंटी खान कर रहा था. वहीं घटना में शामिल अन्य युवकों में राजू अंसारी, गुड्डु अंसारी, चुनु अंसारी, बेहरा अंसारी, छोटी अंसारी समेत दो दर्जन युवक शामिल थे. मारपीट में रूबी देवी समेत उनकी दो ननद और एक भतीजी घायल हो गयीं.

## धनबाद के तोपचांची में 50 बेड का बनेगा क्षेत्रीय अस्पताल

**धनबाद।** धनबाद जिले के तोपचांची में 50 बेड का क्षेत्रीय अस्पताल बनेगा. इसके लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव ने महालेखाकार को पत्र लिखा है. अस्पताल के निर्माण के लिए 3.47 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी मिल गई है. इसके साथ ही राज्य के कुल 19 स्थानों पर 50 बेड का क्षेत्रीय अस्पताल की स्थापना करने का भी निर्णय लिया गया है. तोपचांची में अस्पताल निर्माण की जिम्मेवारी झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम रांची को दी गई है. ई निविदा के माध्यम से निर्माण करने वाली एजेंसी का चयन किया जाना है. निविदा कार्य पूरा होने के 9 माह के भीतर भवन निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. विभागीय स्तर से योजना का वित्तीय एवं भौतिक निरीक्षण कर अस्पताल का संचालन किया जाएगा.

# बोकारो : इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने समाहरणालय के समक्ष दिया धरना




**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने शुक्रवार को बोकारो समहरणालय के समक्ष धरना दिया. वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार विपक्ष विहीन संसद चाहती है. संसद के भीतर सुरक्षा को धत्ता बताकर हमला होता है. भाजपा सांसद का पास लेकर हमलावर घुसते हैं. इस पर सरकार से सवाल पूछने पर विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया. यह लोकतंत्र का हनन है. केंद्र सरकार ने विपक्ष की गैरमौजूदगी में कई महत्वपूर्ण बिल पास करा लिया. यह संसदीय परम्पराओं का उल्लंघन है. वक्ताओं ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, खराब अर्थ-व्यवस्था जैसे ज्वलंद मुद्दों पर चर्चा कराने से सरकार कतराती रही है. धर्म, जाति, क्षेत्र के नाम पर मुद्दों को भटकाया जा रहा है. धरना को कांग्रेस के देवाशीष मंडल, रामा राउत, प्रमोद सिंह, झामुमो के बीके चौधरी, आम आदमी पार्टी के कुमार राकेश, हरेंद्रनाथ चौबे, माकपा के बीडी प्रसाद, भाकपा के राजेन्द्र यादव, भाकपा माले के देवदीप सिंह दिवाकर, राजद के घनश्याम चौधरी, मासस के दिलीप तिवारी, जदयू के प्रदीप महतो आदि ने संबोधित किया.

## गिरिडीह : सांसदों के निलंबन के विरोध में इंडिया गठबंधन का धरना

**गिरिडीह।** विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने शुक्रवार को गिरिडीह के जेपी चौक स्थित पुराना नगर निगम परिसर में धरना दिया. झंडा मैदान से केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता जेपी चौक पहुंचे और प्रदर्शन किया. धरना को संबोधित करते हुए गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष को भी सम्मान देने की परंपरा रही है. लेकिन संसद के दोनों सदनों में विपक्ष की आवाज बंद की जा रही है. देश में लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है. तिरंगे के तीन रंगों को एक रंग में बदलने की कोशिश हो रही है. इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. तानाशाही शासन का अंत होगा. क्योंकि अंधेरा जब सबसे घना हो, तभी सूरज निकलने वाला होता है. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि 145 सांसदों का निलंबन संविधान के अधिकारों का हनन है. राष्ट्रपति को इस मामले में हस्तक्षेप करने की जरूरत है. आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा अन्य शामिल थे.

## एक नजर

### नक्सली बंद के कारण 8 घंटे रेल परिचालन रहा बाधित

**चाईबासा।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने 22 दिसंबर को भारत बंद को लेकर नक्सलियों का उत्पात भी शुरू हो गया है. झारखंड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की मंशा से नक्सलियों ने गुरुवार देर रात करीब 12:30 बजे पश्चिम सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर रेल मंडल के गोइलकेरा और पोसैता स्टेशनों के बीच बम विस्फोट कर थर्ड रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया. नक्सली घटना कारो नदी के समीप पोल संख्या 356/29ए और 31ए के बीच थर्ड लाइन में रेल पटरी उड़ने के कारण हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलमार्ग में ट्रेनों का परिचालन 8 घंटा ठप हो गया. रेल प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के बाद सुबह 8:38 बजे से बदस्तूर रेलवे ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया है. इस दौरान 18030 शालीमार-कुर्ला अप एक्सप्रेस ट्रेन को महादेवशाल स्टेशन में रोक दी गई थी. बाद में ट्रेन को गोइलकेरा रेलवे स्टेशन पर लाकर खड़ा कर दिया गया. नक्सली घटना से रात भर उक्त ट्रेनों में फंसे यात्री समेत रेल प्रशासन परेशान रहे.

### 35 टन अवैध कोयला लदे ट्रक जब्त ,चालक गिरफ्तार

**हजारीबाग।** चौपारण पुलिस ने गुरुवार की देर रात वाहन जांच के दौरान कोयला लदे एक ट्रक को जब्त किया है. पुलिस ने उसके चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है. इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर ने जानकारी देते हुए बताया विगत कुछ दिनों से पुलिस कप्तान को सूचना प्राप्त हो रही थी कि कोयला तस्कर धनबाद से हजारीबाग के रास्ते अवैध कोयला ट्रकों में लादकर बिहार और उत्तर प्रदेश की मंडियों में भेज रहे हैं. उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए अवैध कोयला के व्यापार एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए टीम गठित की गई. गठित टीम ने गुरुवार की रात में कोयला लदे सभी ट्रकों की चोरदाहा चेक पोस्ट पर जांच की. जांच के क्रम में ट्रक सं- एनएल01एडी-8625 आते दिखाई दिया, जिसे सशस्त्र बल ने रूकने का ईशारा किया.लेकिन ट्रक चालक अपनी गाड़ी लेकर भागने का प्रयास करने लगा. जिसे सशस्त्र बलों ने पीछा कर पकड़ लिया. पकड़े गये चालक ने बताया कि धनबाद के वन क्षेत्र से ट्रक मालिक राजेन्द्र यादव के कहने पर कोयला तस्कर विकास चौधरी के द्वारा अवैध कोयला को ट्रक पर लोड कराया गया था.

### डुमरी में जंगली हाथियों ने अधेड़ को कुचलकर मार डाला

**गिरिडीह।** जंगली हाथियों के झुंड ने गुरुवार की रात डुमरी प्रखंड के तेलियाटुंडा गांव निवासी डीलो साव (45 वर्ष) को कुचल कर मार डाला. जानकारी मिलते ही डुमरी थाना पुलिस गांव पहुंची और शव को थाना ले गई. कागजी प्रक्रिया के बाद शव को शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया. इधर, वन विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को मुआवजा के तौर पर तत्काल 40 हजार रुपये नकद दिए गए. साथ ही सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा की शेष राशि का भुगतान शीघ्र करने का आश्वासन दिया. मौके पर वन कर्मी सुमित कुमार भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू आदि उपस्थित थे.

## गिरिडीह में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

# खिजुरी पंचायत को 126 डोभा निर्माण की मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड के खिजुरी पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रमुख राजकुमार यादव, प्रभारी बीडीओ बिनोद कुमार सिंह, उपप्रमुख बैजू मरांडी, खिजुरी मुखिया निर्मला बास्के,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल मौजूद थे। शिविर में अबुआ आवास, गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना,मनरेगा, आपूर्ति, वन विभाग, कल्याण विभाग, विद्युत विभाग समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। वहीं मौके पर सैकड़ों आवेदन आए, जिसमें सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास योजना के लिए दिया गया। इस दौरान सोना सोबरन योजना के तहत महिला व पुरुषों के बीच धोती - साड़ी और व्यस्कों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं शिविर में उत्क्रमित मध्य विद्यालय धावाटांड के सचिव ने विद्यालय में हो रही पानी की समस्या से पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए आवेदन दिया। जिसपर प्रभारी बीडीओ, प्रमुख और मुखिया प्रतिनिधि ने उच्च विद्यालय धावटांड का निरीक्षण करते हुए विद्यालय में जल्द ही पेयजल की व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया। खिजुरी में केवल 126 मनरेगा डोभा की दी गई है स्वीकृति, मेठ ने की बीडीओ से शिकायत साथ ही शिविर में खिजूरी के मनरेगा मेठ रंजीत कुमार ने प्रभारी बीडीओ से मनरेगा डोभा की स्वीकृति के लिए तैयार दस्तावेज को मनरेगा कर्मियों द्वारा लौटाने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि योजना स्वीकृति के लिए दिए गए दस्तावेज को कर्मियों द्वारा लौटा दिया जा रहा है। इस बाबत बीडीओ ने मनरेगा बीपीओ राजकुमार हेमब्रम से इस बाबत जानकारी की।



### बलिया पंचायत : अबुआ आवास के लिए 618 आवेदन आए

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत भवन बलिया में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।इस कार्यक्रम में बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम में जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं।।सभी आवेदन के लाभुकों का जांच कर उसे योजना का लाभ दिया जायेगा।वही महिलाये की स्वंय सहायता समूह और सरकारी विद्यालय के 22 छात्र व छात्राओं को डम्मी चेक वितरण किया गया। साथ ही इस अवसर पर सभी विभाग के टेबल पर लाभुकों ने अपना अपना आवेदन जमा किया। बतादे की इस पंचायत में बलिया पोखरिया नगड़ी खाखीपिपर चरघरा कुम्हारपिटनी गांव शामिल है। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गाड़ी योजना, फूलो झानो, आशीर्वाद योजना पशुपालन एवम सहकारिता विभाग, किशोरी संवृद्धि योजना, सीएम युत्कृष्ट विद्यालय, सोना सोभरण योजना,सर्वजन पेंशन योजना, राजश्व विभाग सावित्रीबाई फुले,किशोरी संवृद्धि ,योजना स्वास्थ्य समेत कई विभाग का अलग अलग स्टोल लगा कर विभाग के कर्मियों ने लोगो से आवेदन लिया, और कार्य निष्पादन के लिये जुट गये। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिडिओ सुनील वर्मा, सीओ सरांश जैन, मुखिया समीना खातून, मुखिया प्रतिनिधि साबिर अंसारी अन्य मौजूद थे।

### मानगो में पसंद की लड़की से शादी नहीं हुई तो युवक ने लगाई फांसी

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच-33 दलमा बेस कॉलोनी के रहने वाले मुन्ना शर्मा के इकलौते पुत्र विवेक शर्मा (38) ने शुक्रवार तड़के 5 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. फांसी लगाने के पूर्व विवेक ने अपने व्हाट्सएप के स्टेटस और इंस्टाग्राम में रस्सी का फंदा लगाकर फोटो शेयर किया. मुन्ना शर्मा की चार बेटियां और एक पुत्र विवेक शर्मा था जो काल के गाल में समा गया. बताया जाता है कि विवेक शर्मा एक बैंक में मैनेजर के पोस्ट में कार्यरत लड़की से विवाह करना चाहता था. लेकिन उसके परिवार वाले विवाह के लिए राजी नहीं हो रहे थे. इसी बीच लड़की का विवाह कहीं और हो गया. घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

### ठगी से बचने के लिए विभाग ने जारी किया नंबर

**जमशेदपुर।** बिजली उपभोक्ताओं को साइबर ठगी से बचाने के लिए अब विभाग कंट्रोल रूम का नंबर जारी कर रहा है। मानगो इलाके के उपभोक्ताओं के लिए जेबीवीएनएल ने दो नंबर जारी किया है। मानगो-वन इलाके उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल नंबर 8434659400 और मानगो-टू इलाके लिए मोबाइल नंबर 8294693644 जारी किया गया है। इन नंबरों के जरिए विभाग अपने उपभोक्ताओं को सूचित करेगा कि उनका कितना बिल बकाया है या फिर उपभोक्ता खुद से उक्त नंबरों पर संपर्क कर अपने बकाया बिल के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

## एक नजर

### हजारीबाग : एक जनवरी से अनिश्चितकाल तक बंद रहेंगी पीडीएस दुकानें

**हजारीबाग।** एक जनवरी से जन वितरण प्रणाली के डीलरों ने राशन दुकान को अनिश्चितकालीन बंद करने का निर्णय लिया है. इसे लेकर फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन ने जिला अध्यक्ष नंदु प्रसाद के नेतृत्व में राशन दुकानों के बंद रहने की सूचना एक ज्ञापन के माध्यम से डीसी को देते हुए उसकी प्रतिलिपि जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया है. उनका कहना है कि देश के 81करोड़ लाभुकों के बीच खाद्य सुरक्षा योजना को पहुंचाने वाले देश के 5 लाख 38 हजार जन वितरण प्रणाली विक्रेता स्वयं भूखमरी की कगार पर हैं. प्रधानमंत्री और संबंधित सभी उच्चाधिकारियों से फरियाद करते रहने और संसद में आवाज उठाये जाने के बावजूद केंद्र सरकार इस योजना को चलाने वालों के लिए कुछ नहीं कर रही है. कोरोना जैसी त्रासदी में अपनी जान की परवाह किये बिना डीलरों ने लाभार्थियों की सेवा की है. ज्ञापन देने वालों में सुनील कुमार सिन्हा, टेकोचंद महतो, अर्चना सिन्हा, आरती देवी, राम कृष्ण दुबे, दिनेश कुमार यादव, शंभूनाथ पांडे, श्याम सुंदर पांडे, सतेंद्र कु. गुप्ता, रिम चरण करमाली, केदार यादव, मो. खुर्शीद, दिलीप पासवान, पप्पू केसरी, रवि वर्णवाल, अकबर अली, सुखदेव साव समेत कई डीलर शामिल थे.

### शिक्षक नियुक्ति के लिए दस्तावेजों की जांच शुरू मूल प्रमाण पत्र के लिए विवि में भटक रहे अभ्यर्थी

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में झारखंड प्लस टू शिक्षक नियुक्ति और बीपीएससी द्वारा आयोजित शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया के लिए दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. परंतु सर्टिफिकेट के लिए छात्र विश्वविद्याल का चक्कर लगा रहे हैं. उन्हें मूल प्रमाण पत्र के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है. जबकि विश्वविद्यालय के पदाधिकारी अपनी जिम्मेवारी और जवाबदेही से मुकर रहे हैं. छात्र-छात्राओं का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है. विश्वविद्यालय से कुलपति महोदय व अन्य अधिकारी गायब हैं. कोई सही दिशा-निर्देश करने वाले अधिकारी विश्वविद्यालय में उपस्थित नहीं हैं. हमलोग मूल प्रमाण पत्र के लिए परेशान हैं, कोई सही तरीके से कुछ बता नहीं रहा है.

### गिरिडीह : स्कूल में दो बच्चों के झगड़े में अभिभावक ने एक को बेरहमी से पीटा, रेफर

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बगदेडीह में मामूली बात पर 5वीं कक्षा के छात्र पकंज कुमार व सुमित कुमार आपस मे झगड़ गए. पकंज कुमार व सुमित कुमार के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया. सुमित कुमार ने घर जाकर अपनी मां से इस बाबत शिकायत की. मां गुस्से में स्कूल पहुंची और कैंपस में ही पंकज कुमार की बेरहमी से पिटाई कर दी. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल बच्चे के माता-पिता उसे इलाज के लिए गावां के एक निजी क्लीनिक में ले गए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बाहर ले जाने की सलाह दी. आनन फानन में परिजन बच्चे को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गिरिडीह रेफर कर दिया. सीएचसी के डॉ काजिम ने बताया कि बच्चे के सिर में गंभीर चोट लगी है. घायल बच्चे के पिता दिलीप रविदास ने गावां थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. बीईईओ तितुलाल मंडल ने कहा कि वे विद्यालय जाकर पूरे मामले की जांच करेंगे.

### धनबाद : सब्जी खरीद कर पिता के साथ लौट रहे पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत

**धनबाद।** बोकारो-राजगंज फोरलेन पर मधुबन इलाके के सिनीडीह चौक के समीप शुक्रवार की सुबह तेज गति आ रहे 407 वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई. युवक की पहचान महेशपुर निवासी गणेश कर्मकार के 18 वर्षीय पुत्र अमर कर्मकार के रूप में हुई. दोनों पिता-पुत्र बाजार से सब्जी खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे. वाहन चालक पर अविलंब कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बोकारो-राजगंज फोरलेन को जाम कर दिया. गुस्साए लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध जताया. इस रोड पर करीब 5 घंटे तक अवागमन बाधित रहा. मधुबन थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझा कर जाम हटाने का प्रयास किया. लेकिन ग्रामीणों ने उनकी एक नहीं सुनी. करीब 5 घंटे रोड जाम के बाद बाघमारा बीडीओ सुषमा आनंद मौके पर पहुंचीं ओर उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया. इसके बाद लोग शांत हुए और करीब तीन बजे सड़क जाम समाप्त किया. वार्ता में प्रखंड की ओर से तत्काल 20 हजार रुपये की सहायता राशि का भुगतान करने और गाड़ी मालिक से एक लाख रुपये मुआवजा दिलाने की बात पर सहमति बनी.

### गिरिडीह: ट्रक समेत 41 मवेशी जब्त

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखण्ड के राँची-दुमका मुख्य मार्ग वीर जवान फ्यूल बराकर के पास गुरुवार देर रात्रि को बिरनी पुलिस ने जांच अभियान के दौरान 12 चक्का ट्रक को पकड़ा ।जिसका गाड़ी संख्या ओआर 23 ए 1688 है ।जिसमें तिरपाल से बन्द 41 बछड़ों को क्रूरतापूर्वक ठूंस कर गौ वंश हत्या के लिए ले जाया जा रहा था । सभी बछड़ों को बिहार के नालन्दा में लोड किया गया था । गौ तस्करों की पहचान (1)40 वर्षीय सत्येंद्र यादव पिता स्व0 केशो यादव ग्राम देवचन्दा,थाना सिकराहटा, जिला भोजपुर (2) 35 वर्षीय अनिल कुमार पिता रामचन्द्र यादव, ग्राम दुरोडीह,थाना डोमचांच, जिला कोडरमा, झारखण्ड (3) 14 वर्षीय साजन कुमार पिता बीरेंद्र यादव (4)14 वर्षीय रोहित कुमार पिता अरुण यादव दोनों ग्राम पुरनाडीह थाना मुफ्फसिल जिला नवादा,बिहार के रूप में हुई है । सभी गौ तस्करों के विरुद्ध बिरनी थाना में प्राथमिकी तथा 275/23 तथा धारा 279/353/414/34 भादवि एवं 03 एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम 2005 के तहत कांड दर्ज किया गया । सभी गौ तस्करों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।वहीं सभी जप्त बछड़ों को मधुबन गौशाला भेज दिया गया ।

# एलबीएसएम कॉलेज में मनाया गया संथाली भाषा विजय दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** एलबीएसएम महाविद्यालय में संथाली भाषा विभाग के द्वारा संताली भाषा विजय दिवस मनाया गया। संथाली को संविधान की 8वीं अनुसूची में 22 दिसंबर को ही सम्मिलित किया गया था। यहां मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार झा ने कहा कि आज का दिन संताल समाज के लिए विशिष्ट है क्योंकि आज का ही दिन में संताली भाषा को भारतीय संविधान के 8 वीं अनुसूची में सम्मिलित करने के लिए लोकसभा से विधेयक को पारित किया गया था। आज का ही दिन 1855 में संताल परगना का स्थापना भी हुआ था। संताली भाषा की अपनी लिपि नही थी परन्तु पंडित रघुनाथ मुर्मू ने ओल चिकी का आविष्कार 1925 में किया और उस वक्त लिपि को स्थापित करना अपने आप में बड़ी चुनौती थी, परन्तु आज संताली भाषा की अपनी लिपि और उसकी मान्यता है। संताली भाषा प्राचीन भाषाओं में से एक है और संताली भाषा के लोक गीत में सार्थक भावनाएं। संताल समाज संस्कृतिक और व्यवहारिक रूप से समृद्ध है। लेकिन डायन प्रथा जैसे गलत बातों के लिए चचाओं में रही है परन्तु संताल समाज से सीखने जैसे बहुत सारी चीजें हैं जो अन्य तथाकथित समाज मे देखने को नही मिलती है। संताल समाज में दहेज प्रथा नही है। समृध्द संस्कृति, और वैचारिक दृष्टि से बहुत आगे है।

# लोयला स्कूल टेल्को में क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लोयोला स्कूल टेल्को में क्रिसमस मिलन समारोह शुक्रवार को मनाया गया। मंच का संचालन राज कुमार पंडित तथा आदित्य राज द्वारा किया गया। क्रिसमस बालक यीशु मसीह के जन्म की याद में मनाया जाने वाला एक वार्षिक त्योहार है, जिसे मुख्य रूप से 25 दिसंबर को दुनिया भर के लोगों के बीच एक धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस समारोह में स्कूल प्राचर्या चरणजीत ओसन, स्कूल प्रशासक फादर जेरी, समन्वयक जीनतमरिया सुंडी उपास्थि थे। स्वागत भाषण में अल्फिया खान ने बाइबल के शब्दों को व्यक्त किया। यहां यीशु मसीह के मानव का रूप धारण करके एक साधारण जीवन अपनाने, साधारण जीवन में आनंद मानने तथा सभी वर्ग के लोगों को एक साथ ले चलने तथा उनकी एकमात्र प्रेम की भाषा, सेवा भाव की भाषा को नाटक के माध्यम से बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया व कथावाचकों ने अपने शब्दों से और भी प्रभावशाली बना दिया। इस समारोह का विशेष संदेश रहा प्रभु का जन्म मानव जाति के उधार के लिए हुआ। कार्यक्रम के दौरान कैरोलस गए तथा मैशप मेडले नृत्य के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने उपस्थित सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस रंगारंग मिलन समारोह में परियों के नृत्य ने सबका मनमोह लिया।



**दिशा-निर्देश** सीएम के कार्यक्रम के लिए डीसी ने तैयारियों का लिया जायजा, बोले

# पुलिस बल कार्यक्रम स्थल पर ससमय पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शामिल होने को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त, चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों एवं कर्मियों सहित पुलिस बल के जवानों को संयुक्त रूप से ब्रीफ किया. इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल पर प्रतिनिधित्व सभी दंडाधिकारियों अधिकारियों व कर्मियों सहित पुलिस बल के जवानों को शुक्रवार को ससमय कार्यक्रम स्थल पर अनिवार्य रूप से पहुंच जाने का निर्देश दिया. वहीं उन्होंने कार्यक्रम के मद्देनजर जारी संयुक्त जिला आदेश को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी तरह की दुविधा को त्वरित रूप से दूर कर लेने का निर्देश दिया. मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी को कार्यक्रम के दिन हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए. उन्होंने विभिन्न एंट्री पॉइंट, हेलीपैड, लाभुक गैलरी, स्टॉल, मंच, डी एरिया आदि के सफल संचालन के लिए कई निर्देश दिए. इसके पूर्व उपायुक्त द्वारा पूरे कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया. वहीं उन्होंने तैयारियों का अंतिम रूप से जायजा लिया. उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक अपने कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही नजारत उप समाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा भी कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां सभी को दी गई. इस दौरान उपविकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अन्य जिला स्तरीय वरीय अधिकारी, पुलिस अधिकारी और पुलिस बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे.



# फिर कोरोना रिर्टन

*फिर* कोरोना रिटर्न हो रहा है। यह संदेश नहीं सच्चाई है। केरल में कोरोना के मामलों में तेजी आने की सूचना पर सबके हाथ पांव फूलने लगे हैं। आकड़े की बात करें तो केरल में कोरोना के नये मामले अचानक से तेजी से बढ़ने लगे हैं। केरल में पिछले 24 घंटे में 292 नये सक्रिय मामले सामने आना खतरे की घंटी है। जबकि सक्रिय मामलों की संख्या 2041 बतायी जा रही है। वहीं देश में कोरोना के 341 नये मामले सामने आये हैं। जिसमें दिल्ली और गुजरात में तीन-तीन, महाराष्ट्र में 11, तमिलनाडु में 13, तेलंगाना में 4, कर्नाटक में 9 मामले दर्ज किये गये हैं। झारखंड के जमशेदपुर में भी दो मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। यही कारण है कि राज्य सरकार ने सभी जिलों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है।

**कोरोना से निबटने के लिए राज्य में ऑक्सीजन और पीएसए प्लांट को ठीक रखना जरूरी है। ऑक्सीजन बेड,आईसीयू बेड,मानव संसाधन उपकरण, टेस्टिंग किट, पीपीई, दवा की समुचित व्यवस्था आवश्यक है। निर्देश मिलने के बाद राज्य के पलामू में इसका असर देखने को मिला। एमएमसीएच में मॉकड्रिल अभ्यास किया गया। आपदा प्रबंधन,जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने आपदा के दौरान लोगों को रेस्क्यू कर बचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। बहरहाल पिछली बार ठंड के मौसम से ही कोरोना ने पांव पसारना शुरू किया था।**

कोरोना से निबटने के लिए राज्य में ऑक्सीजन और पीएसए प्लांट को ठीक रखना जरूरी है। ऑक्सीजन बेड,आईसीयू बेड,मानव संसाधन उपकरण,टेस्टिंग किट,पीपीई,दवा की समुचित व्यवस्था आवश्यक है। निर्देश मिलने के बाद राज्य के पलामू में इसका असर देखने को मिला। एमएमसीएच में मॉकड्रिल अभ्यास किया गया। आपदा प्रबंधन,जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने आपदा के दौरान लोगों को रेस्क्यू कर बचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। बहरहाल पिछली बार ठंड के मौसम से ही कोरोना ने पांव पसारना शुरू किया था। ऐसी स्थिति में पिछले अनुभव के आधार पर तैयारी होनी चाहिए। साथ ही उस समय की कमियों पर ध्यान देने की जरूरत है। वैसे झारखंड में स्वास्थ्य विभाग की अच्छी स्थिति नहीं है। जब एंबुलेस में खून की कमी हो तो सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां स्वास्थ्य विभाग की क्या स्थिति है। बावजूद इस लड़ाई को अपने आप से लड़नी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए तैयारी की जानी चाहिए। यह चिन्ता की बात है। इसे कतई हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। वैसे ऐसे आपदा के समय असामाजिक तत्वों की दखलअंदाजी से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अभी राज्य के अधिकांश जगहों पर प्राइवेट हॉस्पिटलों की बाढ़ आयी है। जहां कुशल डाक्टरों की भारी कमी है। बीमार व्यक्ति इनके ट्रेप में फंस जाता है। जहां उसे अपनी जिन्दगी से हाथ धोना पड़ता है। यह सब खुले में दलालों के माध्यम से सभी जगहों पर हो रहा है। कोरोना काल में वैसे हॉस्पिटल मरीजों के साथ क्या करेगें। यह सभी जानते समझते हैं। हालांकि ऐसी बात भी नहीं है कि सभी प्राइवेट हॉस्पिटल ऐसा करते हैं,लेकिन देखा जाये तो इनकी संख्या ज्यादा है।

# उत्तर प्रदेश: कैसे बना भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

इन दिनों


शिवेश प्रताप सिंह




*योगी* ने कभी बीमारू माने जाने वाले उत्तर प्रदेश को विकास की दौड़ में अग्रणी स्थान पर ला खड़ा किया है। विश्लेषण मंच एसओआईसी के अनुसार सेंसेक्स तथा क्रेडिट लियोनिस सिक्योरिटीज एशिया आधारित रिपोर्ट्स के हिसाब से देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर आ गया है। यह परिणाम योगी सरकार द्वारा किये जा रहे अहर्निश, ईमानदार एवं अनथक प्रयासों का परिणाम है। देश की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र 15.7 प्रतिशत जीडीपी योगदान के साथ पहले पायदान पर है तो वहीं उत्तर प्रदेश 9.2 प्रतिशत जीडीपी के साथ दूसरे स्थान पर है। बीते कुछ समय से तमिलनाडु से कांटे की टक्कर में उत्तर प्रदेश को अब बढ़त मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य रखा है। आइये जानते हैं की योगी का उत्तरप्रदेश कैसे आज से सात साल पहले असंभव से लगने वाले इस लक्ष्य को हासिल कर आगे बढ़ते हुए भारत के जीडीपी योगदान में प्रथम स्थान हासिल करने हेतु निरंतर प्रगतिशील है। किसी भी प्रदेश के लिए ऐसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए मात्र घरेलू बाजार की निर्भरता को खत्म कर अपने निर्यात से पूरी दुनिया में व्यापारिक पैठ बनाने की आवश्यकता होती है। घरेलू बाजारों की मांग एवं क्रय शक्ति सीमित होती है जो एक सीमित राजस्व ही पैदा करने में सक्षम होती है। एक्सपोर्ट के माध्यम से एक विशालकाय बाजार के साथ अच्छे लाभ एवं राजस्व प्राप्ति का रास्ता भी खुलता है। योगी सरकार को निर्यात का महत्व पता है इसलिए सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर ऐसी नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे निर्यात प्रोत्साहन को प्रदेश में बढ़ावा मिले योगी सरकार के गंभीर प्रयासों के कारण ही कोविड जैसी महामारी की विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए भी उत्तर प्रदेश का निर्यात पिछले छह वर्षों में लगभग दोगुना हो गया है। उत्तर प्रदेश के राज्य निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के डेटा के अनुसार 2016-17 में प्रदेश का निर्यात 84,000 करोड़ रुपये का था जो 2022-23 में बढ़कर दोगुने से अधिक यानी 1,74,000 करोड़ रुपये का हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा दो लाख करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह सूचनाएं सिद्ध करती हैं कि कभी बीमारू राज्य का टैग लेकर घूमने वाला उत्तर प्रदेश योगी सरकार की क्रांतिकारी नीतियों के कारण भारत का नया एक्सपोर्ट हब बनने जा रहा है। उत्तर प्रदेश का 60 प्रतिशत निर्यात दुनिया के 10 देशों वियतनाम, नीदरलैंड, फ्रांस, चीन, मिश्र, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, यूनाइटेड किंगडम तथा जर्मनी को होता है। 2022-23 में सबसे अधिक निर्यात 32,800 करोड़ अमेरिका को, 14,300 करोड़ संयुक्त अरब अमीरात को तथा लगभग दस-दस हजार करोड़ जर्मनी एवं यूनाइटेड किंगडम को हुआ। उत्तर प्रदेश से वर्तमान में सबसे अधिक निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, दूरसंचार उपकरण, कॉटन, कृत्रिम फाइबर आदि के साथ गेहूं, चावल, कालीन एवं हस्तशिल्प भी महत्वपूर्ण निर्यात सामग्री है। परंतु चौंकाने वाली बात यह है कि इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं उत्तर प्रदेश के संपूर्ण निर्यात का 18.9 प्रतिशत है। इसके बाद कपड़ा उद्योग 9.5 प्रतिशत का योगदान करता है। केंद्र की मोदी सरकार ने राज्यों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए देश भर के कुछ महत्वपूर्ण शहरों को सेंटर ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस घोषित किया है जिससे कि निर्यात को एक समेकित विकास में सम्मिलित किया जा सके। एक्सपोर्ट एक्सीलेंस वाले शहरों में ऐसे शहरों को चयनित किया जाता है जिसकी उत्पादन सीमा 750 करोड रुपये से अधिक की हो और निर्यात क्षमता भविष्योन्मुख हो।

**देश की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र 15.7 प्रतिशत जीडीपी योगदान के साथ पहले पायदान पर है तो वहीं उत्तर प्रदेश 9.2 प्रतिशत जीडीपी के साथ दूसरे स्थान पर है। बीते कुछ समय से तमिलनाडु से कांटे की टक्कर में उत्तर प्रदेश को अब बढ़त मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य रखा है। आइये जानते हैं की योगी का उत्तरप्रदेश कैसे आज से सात साल पहले असंभव से लगने वाले इस लक्ष्य को हासिल कर आगे बढ़ते हुए भारत के जीडीपी योगदान में प्रथम स्थान हासिल करने हेतु निरंतर प्रगतिशील है। किसी भी प्रदेश के लिए ऐसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए मात्र घरेलू बाजार की निर्भरता को खत्म कर अपने निर्यात से पूरी दुनिया में व्यापारिक पैठ बनाने की आवश्यकता होती है। योगी सरकार को निर्यात का महत्व पता है इसलिए सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर ऐसी नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे निर्यात प्रोत्साहन को प्रदेश में बढ़ावा मिले योगी सरकार के गंभीर प्रयासों के कारण ही कोविड जैसी महामारी की विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए भी उत्तर प्रदेश का निर्यात पिछले छह वर्षों में लगभग दोगुना हो गया है। उत्तर प्रदेश के राज्य निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के डेटा के अनुसार 2016-17 में प्रदेश का निर्यात 84,000 करोड़ रुपये का था जो 2022-23 में बढ़कर दोगुने से अधिक यानी 1,74,000 करोड़ रुपये का हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा दो लाख करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।**

## आप की बात

### सड़क के अभाव में स्कूल नहीं जाते बच्चे

गढ़वा जिले के धुरकी प्रखंड के खाला गांव के भंवरही टोले में आदिम जनजाति के करीब 25 परिवार रहते हैं। यहां बिजली और पानी की व्यवस्था तो हो गयी है, लेकिन आजादी के बाद से आज तक यहां सड़क नहीं बनायी जा सकी है। इस कारण इस टोले के करीब 25 से 30 नामांकित बच्चे बरसात के तीन महीने स्कूल नहीं जा पाते। इस वजह से बरसात के दिनों में पगडंडी के सहारे आना-जाना पड़ता है। पगडंडी के किनारे बच्चों को झाड़ी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। इस कारण अभिभावक रास्ते में विषैले सांप के डर से बरसात के दिनों में बच्चों को विद्यालय जाने से रोक देते हैं। करीब तीन महीने तक बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाती है। करीब दो साल पहले यहां की समस्याओं का निरीक्षण पूर्व एसडीओ आलोक कुमार ने टोले में आकर किया था। तब बीडीओ व मुखिया को इस टोले पर सड़क निर्माण करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद आज तक इस टोले में सड़क के निर्माण की कोई सुगबुगाहट नहीं है। इस टोले से मध्य विद्यालय की दूरी करीब दो किलोमीटर है। ऐसे में बच्चे पगडंडी के सहारे विद्यालय जाते हैं। इस संबंध में टोले के कई ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग बच्चों को बरसात के दिनों में करीब तीन महीने विद्यालय नहीं भेजते हैं, क्योंकि पगडंडी में झाड़ी काफी बढ़ जाती है। उन लोगों को बच्चों के आने-जाने को लेकर चिंता बनी रहती है। बरसात बाद जब झाड़ी कम हो जाती है, तब बच्चे स्कूल जाना शुरू करते हैं। - **अनूप जायसवाल, गढ़वा**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

राजनीति

# इंडिया गठबंधन को मिलकर मुकाबला करना होगा


ललित गर्ग

*संसदीय* अवरोध, विपक्षी दलों के 143 सांसदों के निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने की घटनाओं से आक्रामक हुए राजनैतिक माहौल के बीच 28 पार्टियों का इंडिया गठबंधन विपक्षी दलों के साथ चौथी बार फिर से दिल्ली में एक छत के नीचे आया। बैठक का उद्देश्य था कि विपक्षी दलों के बीच सीट शेयरिंग एवं संयोजक के नाम पर सहमति सहित कई मुद्दों पर एक राय कायम करना। लेकिन इंडिया गठबंधन की इस बैठक में दल भले ही आपस में मिले, लेकिन दिल नहीं मिल पाये। लोकतंत्र की मजबूती के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है, लेकिन विपक्षी दलों की संकीर्ण सोच, सिद्धान्तविहीन राजनीति एवं सत्तालालसा ने विपक्ष की राजनीति को नकारा कर दिया है। सोचा गया था कि इंडिया गठबंधन विपक्ष से जुड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी की लौ को फिर से प्रज्वलित कर सकेगा और ऐसी सोच एवं राजनीति प्रणाली का निर्माण करेगा जो वास्तव में लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए हो। लेकिन ऐसा न होना इंडिया गठबंधन की बड़ी असफलता है और आने वाले वर्ष 2024 के लोकसभा में उसकी भूमिका टांय-टांय फिस ही होती हुई नजर आ रही है। क्योंकि चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन में एकजुटता की बातें हवा हो रही है। आज दुनियाभर में लोकतंत्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। भारत में विपक्ष की नकारात्मक स्थितियों के कारण यह संकट ज्यादा बड़ा है। इसका कारण है विपक्ष से जुड़े संस्थानों, राजनीतिक हस्तियों और लोकतांत्रिक निर्णयों का आधार बनने वाली प्रणालियों पर धीरे-धीरे कम हो रहा भरोसा। विश्वास का यह संकट तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। आज हमें विपक्षी राजनीतिक तंत्र पर मौलिक विचार मंथन के बाद पुर्नमूल्यांकन कर इन्हें पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि बदलती हुई सामाजिक एवं राष्ट्रीय जरूरतों के साथ सामंजस्य स्थापित किया जा सके और सरकार एवं शासन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकें जिसमें राजनीतिक प्रक्रियाओं का नहीं बल्कि नागरिकों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का महत्त्व हो।

**लोकतंत्र की मजबूती के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है, लेकिन विपक्षी दलों की संकीर्ण सोच, सिद्धान्तविहीन राजनीति एवं सत्तालालसा ने विपक्ष की राजनीति को नकारा कर दिया है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# संसद में फैलाये गये धुएं पर हो रही राजनीति से साजिश की बू


सुरेश हिन्दुस्तानी

*विपक्ष* का रवैया आरोपियों के हौसले बढ़ाने वाला है, वे आरोपियों पर नरम और सरकार पर गर्म हो रहे हैं। हालांकि यह भी सर्वथा सत्य है कि देश की संसद पर इस प्रकार का कृत्य सरकार द्वारा प्रायोजित सुरक्षा पर भी अनेक प्रकार के सवाल स्थापित करता है। लोकतंत्र में सरकार की कार्यप्रणाली से सहमत या असहमत होना एक जायज प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। रचनात्मक विरोध होना लोकतंत्र को और भी अधिक मजबूत बनाने का कार्य करता है। लेकिन अभी हाल ही में लोकसभा के अंदर जिस प्रकार से कुछ लोगों ने विरोध किया, उसे लेकर कई प्रकार के सवाल भी उठ रहे हैं। तथ्यात्मक बात यह है कि विपक्षी राजनीतिक दलों ने आरोपियों पर कार्यवाही के बजाय सरकार को निशाने पर लिया है। हालांकि यह सच भी है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की होती है। इसलिए सरकार की ओर से इस मामले जिम्मेदारी वाला व्यवहार किया जाना चाहिए, लेकिन विपक्ष का रवैया भी देश हित का होना चाहिए। क्योंकि नाकामी को लेकर राजनीति करना देश घातक होती है। देश के प्रति जिम्मेदारी सभी की है। यहां सुरक्षा में चूक तो है ही, पर आरोपियों का व्यवहार और तरीका भी पूरी तरह से अनुचित ही था। वर्तमान में देश की सभी समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए केंद्र सरकार को निशाने पर लेना एक आम बात होती जा रही है। इसके लिए राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता की मर्यादाओं को भी लांघने का कृत्य भी ज्यादा कदा दिखाई देता है। यह बात सही है कि विविधता वाले भारत देश में कोई एक बात सबको सही लगे, यह हो ही नहीं सकता, लेकिन लोकतंत्र यही कहता है कि उस बात को चाहने वाले अधिक हैं तो बड़ी खुशी के लिए छोटे दुख को तिरोहित कर देना चाहिए। व्यक्तिगत स्वार्थ व्यक्ति को अधिकांशतः गलत मार्ग पर ही ले जाने के लिए प्रेरित करता है। व्यक्तिगत स्वार्थ के वशीभूत होकर उठाया गया कदम कुछ हद तक सांत्वना दी सकता है, लेकिन जिससे अधिकांश समाज को लाभ मिलता है, वह आने वाले समय में हमारे लिए भी सकारात्मक प्रमाणित होता है।

**लोकतंत्र में सरकार की कार्यप्रणाली से सहमत या असहमत होना एक जायज प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। रचनात्मक विरोध होना लोकतंत्र को और भी अधिक मजबूत बनाने का कार्य करता है।**


बोधि वृक्ष


## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

*मनुष्य* पृथ्वी पर जो अन्न बिखेरते हैं (श्राद्ध कर्म करते समय) उससे पिशाच योनि में पड़े पितरों की तृप्ति होती है। स्नान के वस्त्र से जो जल पृथ्वी पर टपकता है, उससे वृक्ष योनि में पड़े हुए पितर तृप्त होते हैं। नहाने पर अपने शरीर से जो जल के कण पृथ्वी पर गिरते हैं उनसे उन पितरों की तृप्ति होती है जो देव भाव को प्राप्त हुए हैं। पिण्डों के उठाने पर जो अन्न के कण पृथ्वी पर गिरते हैं, उनसे पशु-पक्षी की योनि में पड़े हुए पितरों की तृप्ति होती है। **विचार करने योग्य :** क्या वे सच में वहां देवता बने थे जिनकी तृप्ति इस जल से होगी? आगे मंडलसा कहती हैं, 'एक परिवार में, जो बच्चा श्राद्ध के लिए योग्य होने के बाद भी रहित रह जाता है, अर्थात बचपन में मर जाता है और श्राद्ध नहीं कर पाता, तो उसे बिखरे हुए अनाज और बचा हुआ पानी मिलता है। भोजन के बाद ब्राह्मण हाथ-मुंह धोते हैं और पैर धोते हैं, जिससे उस जल से भी कई पूर्वजों को सिद्धि मिलती है। बेटा! श्रेष्ठ विधि से श्राद्ध करने से उन पुरुषों और अन्य पूर्वजों, जिन्होंने अन्य योनियों को प्राप्त किया है, उन्हें भी श्राद्ध से बहुत संतुष्टि मिलती है। अधर्म की कमाई से जो श्राद्ध किये जाते हैं; इससे चांडाल के जीवन रूपों में पितरों की पूर्ति होती है। आइए आगे बढ़ते हुए, श्राद्ध यानी मृत पूर्वजों की पूजा के संबंध में ऋषि रुचि की सच्ची कहानी का अध्ययन करें जो हमारे विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी कि हमारे पूर्वज मनमाने ढंग से पूजा करने के कारण भूत और पितृ योनि में कष्ट उठा रहे हैं और जन्म मरण के चक्र में बने हुए हैं तथा ब्रह्म-काल के जाल में फंसे रहते हैं।
गीता प्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित मार्कंडेय पुराण के पृष्ठ नं. 242, जिसमें मार्कण्डेय पुराण और ब्रह्म पुराण को एक साथ बांधा गया है, रुचि ऋषि की अपने मृत पूर्वजों के साथ संस्कारों की चर्चा। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

## सैमसंग अब भारत में बनायेगा लैपटॉप

**सैमसंग ग्रेटर नोएडा फैसिलिटी में लैपटॉप का निर्माण करेगा :** सैमसंग अगले महीने से भारत में लैपटॉप का निर्माण शुरू कर देगा। विनिर्माण उसी ग्रेटर नोएडा सुविधा में होगा जहां यह पहले से ही स्मार्टफोन का उत्पादन करता है। कंपनी लैपटॉप विनिर्माण को समायोजित करने के लिए सुविधा का विस्तार करेगी। सैमसंग सीमित क्षमता में स्थानीय लैपटॉप उत्पादन शुरू करेगा। भारत में सालाना 60,000 से 70,000 लैपटॉप का उत्पादन होने की उम्मीद है। ये संख्या निस्संदेह एचपी, डेल और लेनोवो जैसे प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में बहुत कम है। कंपनी लैपटॉप मैन्युफैक्चरिंग के लिए 100-200 करोड़ रुपये का निवेश करना चाह रही है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भले ही सैमसंग लैपटॉप बनाता है, लेकिन वह इस क्षेत्र में उतना बड़ा खिलाड़ी नहीं है जितना कि वह स्मार्टफोन बाजार में है। इसमें लैपटॉप लाइनअप की विस्तृत श्रृंखला भी नहीं है। यही कारण है कि इसकी लैपटॉप उत्पादन और निवेश योजनाएं स्मार्टफोन और टैबलेट के लिए जो कर रही है उसकी तुलना में काफी छोटी हैं। सैमसंग का स्थानीय स्तर पर लैपटॉप का उत्पादन शुरू करने का निर्णय कोई आश्चर्यजनक कदम नहीं है। **(समाप्त) - अनिमेष शर्मा**



**मुकेश अंबानी को टक्कर देने के लिए हॉटस्टार खरीदेंगे अडानी, भारत में ऐप खरीदने की मची होड़** : डिज्नी प्लस हॉटस्टार को दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी खरीद सकते हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की मानें, तो पिछले कुछ दिनों से डिज्नी प्लस हॉटस्टार की गौतम अडानी से बातचीत चल रही है। जियोसिनेमा वर्तमान समय में वीडियो स्ट्रीमिंग ऐप के मामले में बेहतरीन काम कर रहा है। जिस कारण से डिग्री प्लस हॉटस्टार की मुसीबतें बढ़ने लगी हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### आप के साथ गठबंधन कर चुनाव से अच्छा घर बैठना पसंद करेंगे :पंजाब कांग्रेस

**लुधियाना।** जगराओं की दाना मंडी में राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए आप सरकार के खिलाफ विरोध रैली के दौरान पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व ने घोषणा की कि अगले लोकसभा चुनावों के लिए इंडिया ब्लॉक के तहत आप के साथ कोई भी गठबंधन उन्हें अस्वीकार्य है। हजारों कांग्रेस कार्यकताओं की मौजूदगी वाली रैली में यह घोषणा करने वाले नेताओं में विधायक परगट सिंह, पीपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा शामिल थे।पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने कहा कि उन्हें पंजाब में आप के साथ किसी भी तरह की बातचीत करने के लिए कांग्रेस आलाकमान की ओर से कोई आदेश नहीं दिया गया है, लेकिन अगर ऐसा कुछ हुआ तो वह 'लड़ाई लड़ेंगे'। वारिंग ने यह भी कहा कि वह पंजाब कांग्रेस नेतृत्व और जमीनी स्तर के कार्यकताओं की भावनाओं को दिल्ली तक पहुंचाएंगे। पीपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू साझा मंच से गायब थे, जिन्होंने पहले गठबंधन के पक्ष में बात की थी। आशु ने कहा कि वह आत्महत्या करने (ऐसे गठबंधन का हिस्सा बनने) के बजाय लोकसभा चुनाव के दौरान घर पर बैठना पसंद करेंगे जबकि बाजवा ने घोषणा की एह रिश्ता सानू मंजूर नहीं (यह रिश्ता हमें स्वीकार्य नहीं है)। आशु ने मंच से बाजवा और वारिंग से पूछा, "अगर यह गठबंधन हुआ तो आप किस मुंह से कार्यकताओं से मिलेंगे।

### आप नेता संजय सिंह को नहीं मिली जमानत



**दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की दिल्ली शराब उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने राज्यसभा सांसद सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पहले गुरुवार को अदालत ने सिंह की जमानत अर्जी पर फैसला 22 दिसंबर के लिए तय करते हुए कार्यवाही स्थगित कर दी थी। दलीलों के दौरान, सिंह के वकील ने कथित रिश्वत के संबंध में, विशेष रूप से आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा और अन्य गवाहों के बयानों में विरोधाभास की ओर इशारा किया।प्रवर्तन निदेशालय ने सिंह के आवेदन का विरोध किया और दावा किया कि अगर उन्हें जमानत पर रिहा किया गया तो इसमें संभावित हस्तक्षेप हो सकता है। 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किए गए आप सांसद सिंह ने 2021-2022 की रद्द की गई आबकारी नीति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के ईडी के दावे का खंडन किया, उन्होंने आरोप लगाया कि इसने वित्तीय लाभ के लिए विशिष्ट शराब संस्थाओं को लाभ पहुंचाया। वह किसी भी गलत काम से इनकार करते हैं।दिल्ली शराब घोटाला, या उत्पाद शुल्क नीति मामला, इन आरोपों के इर्द-गिर्द घूमता है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की 2021-22 की उत्पाद शुल्क नीति ने गुटबंदी को बढ़ावा दिया, जिससे विशिष्ट डीलरों को फायदा हुआ, जिन्होंने कथित तौर पर रिश्वत दी थी। पिछले साल, ईडी ने मामले में अपना पहला आरोप पत्र दायर किया था, जिसमें 200 से अधिक खोज अभियानों का खुलासा किया गया था। मुख्य सचिव की जुलाई की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा अनुशंसित सीबीआई मामले के आधार पर एफआईआर शुरू की गई थी।

### मानव तस्करी मामले में एनआईए ने एक भगोड़े को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मानव तस्करी से जुड़े एक मामले में 11 वें आरोपित सऊदी जाकिर को गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने सऊदी जाकिर कोच्चि (केरल) में उसके ठिकाने से पकड़ा है। एनआईए के मुताबिक पिछली दिनों देशव्यापी छापेमारी के दौरान वह भाग निकला था। इसके बाद उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। मानव तस्करी मामले में दस लोगों को पहले ही एनआईए गिरफ्तार कर चुकी है। एनआईए ने मानव तस्करी के आरोप में 7 नवंबर 2023 का मामला दर्ज किया था। एनआईए की जांच रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी जाकिर ने भारत-बंग्लादेश सीमा पर बेनापोली के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश किया। इसके बाद बेंगलुरू के बेलांदुर क्षेत्र में कचड़ा निपटाने का काम शुरू कर दिया। इस कार्य के लिए इसने एक यूनिट लगाया और काम पर अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों (बांग्लादेशियों) को रखने लगा। भारत-बंग्लादेश सीमा के रास्ते देश के अंदर अवैध तरीके से दाखिल कराने के लिए फर्जी आधार कार्ड उपलब्ध भी कराने लगा। पिछली रेड में इसके 10 साथियों को गिरफ्तार किया गया था, पर यह भाग निकला था।

### पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता चार फीसदी बढ़ा



पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नये साल के पहले दिन से अपने सभी कर्मचारियों के महंगाई भत्ता (डीए) में चार प्रतिशत की वृद्धि करेगी।विपक्ष ने इस फैसले को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले लॉलीपॉप करार दिया है। बनर्जी ने शहर के पार्क स्ट्रीट इलाके में कोलकाता क्रिसमस कार्निवल 2023 के उद्घाटन के अवसर पर यह घोषणा की। बनर्जी ने कहा, मैं घोषणा करती हूं कि राज्य सरकार के सभी 14 लाख कर्मचारियों, सभी स्कूलों, कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों, सभी सरकारी उपक्रमों के कर्मियों और पेंशनभोगियों को एक जनवरी, 2024 से चार प्रतिशत डीए की एक और किस्त मिलेगी। बनर्जी ने कहा कि डीए बढ़ोतरी के लिए उनकी सरकार को 2,400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च वहन करना होगा।

# मिट्टी की उर्वरा क्षमता को नैसर्गिक तरीके से बढ़ाएं : मुंडा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हम सब अपनी मिट्टी से जुड़े रहें और मिट्टी की उर्वरा क्षमता को नैसर्गिक तरीके से बढ़ाएं। मेक इन इंडिया दृष्टिकोण से प्राकृतिक उत्पादों के प्रति सभी को संवेदनशील होना चाहिए। मुंडा ने शुक्रवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कृषि परिदृश्य में काफी सकारात्मक बदलाव हुआ है, जिसमें किसानों व वैज्ञानिकों का अहम योगदान है। यह देश किसानों का देश है, हमारे किसान देश की शान हैं। किसानों की लंबे कालखंड में उपेक्षा हुई लेकिन मोदी सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।




मुंडा ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। आज भारत अनेक कृषि उत्पादों में नंबर वन है। इन्हें उपजाने वाले हमारे कृषक खुशहाल होंगे, तो देश खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि विकास एवं किसानों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए योजनाएं प्रारंभ की गई है। निःसंदेह हमारा कृषि क्षेत्र तेजी से प्रगति कर रहा है लेकिन सबको मिल-जुलकर आगे और भी प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आह्वान किया है कि खोज भी हो, शोध भी हो और आत्मनिर्भरता भी हो, जिसका उद्देश्य यही है कि हर किसान परिवार खुश रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार ही है जिसने खेती-किसानी करने वाले व मत्स्य पालन एवं पशु पालन करने वाले प्रगतिशील लोगों को पद्मश्री से नवाजा है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

# केरल में कोरोना के 265 नए मामले, एक की मौत




**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 265 नए मामले सामने आये। वहीं, एक मरीज की संक्रमण से मौत हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, शुक्रवार सुबह आठ बजे तक देश भर में कोविड-19 के कुल 328 मामले सामने आए जिनमें से 265 मामले केरल से हैं।मंत्रालय के मुताबिक राज्य में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 2,606 हो गई है। केरल में गत 24 घंटे के दौरान कोविड-19 से एक मरीज की मौत हुई। इसी के साथ बीते तीन वर्षों में कोरोना वायरस संक्रमण से राज्य में मरने वालों की संख्या बढ़कर 72,060 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक गत 24 घंटे के दौरान 275 मरीज संक्रमण मुक्त हुए या राज्य से बाहर चले गए। अब तक कुल 68,37,689 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार को कहा कि केरल में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के बावजूद चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि राज्य संक्रमण के मामलों से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार है।

## चाइल्ड स्पेशलिस्ट से 20 करोड़ की मांगी रंगदारी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में गोलीबारी-मर्डर के बीच अपहरण-रंगदारी के मामले तेजी से बढ़ते नजर आ रहे हैं। हर दिन अपरहण की खबर सामने आ रही है। इस बीच बेगूसराय पुलिस अधीक्षक के पास शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रूपेश कुमार जब रंगदारी मांगे जाने की चिट्ठी दिखाकर जान बचाने की गुहार लगाने पहुंचे तो पुलिस भी चौंक गई। कुछ लाख नहीं, पूरे 20 करोड़ की रंगदारी मांगी गई है। नहीं देने पर क्लिनिक उड़ा देने की धमकी दी गई है। मामला नगर थाना क्षेत्र के विशनपुर का है, जहां डॉक्टर रुपेश कुमार का क्लीनिक है।डॉक्टर रुपेश कुमार का कहना है कि उन्हें गुरुवार की शाम को ही एक पत्र मिला था, जिसमें 20 करोड़ रुपए रंगबाजी टैक्स की मांग की गई है। साथ ही इसमें कहा गया है कि समय से पैसे नहीं पहुंचाने पर क्लिनिक को बम से उड़ा दिया जाएगा। इसको लेकर पीड़ित डॉक्टर रुपेश कुमार सहित कई चिकित्सकों ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। नगर थाना में लिखित आवेदन दिया है। रंगदारी मांगने वाले शख्स ने स्पीड पोस्ट में अपना पता बलिया थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी बम बम कुमार के रूप में बताई है। रंगदारी की मांग वाले पत्र में उसने अपने गैंग के होने की बात कही है, जिसमें उसे गैंग के द्वारा अपराध करने का पूरा चर्चा



**लोगों ने बताया 2005 के पहले का जंगल राज**

किया है। साथ ही साथ डॉक्टर को धमकी भरे शब्द भी लिखे गए हैं, जिसमें समय से रुपये नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। डॉ रूपेश कुमार ने बताया कि पत्र पढ़कर पुलिस में कंप्लेंन की गई है। डर लगने की बात पूछने पर उन्होंने कहा कि डर तो लगता है पर डर का सामना करेंगे। आईएमए सचिव डॉक्टर रंजन चौधरी ने इस पूरे मामले पर कहा है कि एसपी योगेंद्र कुमार से मिलकर पूरे मामले को उनके सामने रखा गया है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने मांग किया है कि अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो। नगर थाना की पुलिस धमकी वाले पत्र के साथ-साथ पूरे मामले की तहकीकात और डाक विभाग से ट्रेस करने में जुटी हुई है।

# कांगड़ा के शक्तिपीठों में वर्चुअल पूजा का सीएम सुक्खू ने किया शुभारंभ



**एजेंसी। कांगड़ा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को राज्य की पहली ऑनलाइन पूजा प्रणाली, दिव्य पूजा प्रणाली का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से भक्तों को घर बैठे ही ऑनलाइन पूजा की सुविधा उपलब्ध होगी। कांगड़ा जिला के माता ब्रजेश्वरी मंदिर, माता चामुंडा मंदिर और माता ज्वालामुखी मंदिर के माध्यम से वर्चुअल पूजा की सुविधा प्रदान की गई है। सुक्खू ने कहा कि इस वेबसाइट के माध्यम से श्रद्धालु किसी भी स्थान से ऑनलाइन पूजा और मंदिरों के लिए दर्शन पर्ची प्राप्त कर सकते हैं।इस प्रणाली के माध्यम से भक्तों के लिए दान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है। दान की गई राशि की ऑनलाइन रसीद की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर विशेष अवसरों के लिए ई-पूजा बुकिंग, सराय बुकिंग, ऑनलाइन प्रसाद प्राप्त करने, ऑनलाइन दान करने के साथ मूर्तियों तथा पुस्तकों सहित धार्मिक वस्तुओं की खरीद की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। जिला प्रशासन ने भक्तों के घरद्वार तक इन वस्तुओं की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारतीय डाक विभाग के साथ समन्वय किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है।

## अदालत ने खालिद सैफी की याचिका हुई खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने यूनाइटेड अगेंस्ट हेट के संस्थापक खालिद सैफी की एक याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी, जिसमें उसने अपने मोबाइल फोन नंबर के इस्तेमाल की अनुमति मांगी थी। वर्ष 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों की कथित साजिश में सैफी की भूमिका की जांच के दौरान उसका फोन जब्त कर लिया गया था।अदालत ने कहा कि मोबाइल फोन या सिम कार्ड जारी नहीं किया जा सकता क्योंकि उनमें ह्लमामले से संबंधित जानकारीह्व है। अदालत ने यह भी कहा कि डुप्लीकेट सिम जारी करने से व्हाट्सएप जैसे डेटा को हटाया जा सकता है या बाधित किया जा सकता है। विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत ने कहा, आवेदक, खालिद सैफी का मोबाइल फोन और सिम कार्ड... वर्तमान मामले में जांच अधिकारी (आईओ) ने



**वर्ष 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों की कथित साजिश में सैफी की भूमिका की जांच के दौरान उसका फोन जब्त कर लिया गया था।**

जब्त कर रखा है और उनमें इस मामले से संबंधित जानकारी है। इस प्रकार, उक्त मोबाइल या सिम जारी नहीं किया जा सकता। न्यायाधीश ने कहा, इसके अलावा, डुप्लीकेट सिम कार्ड जारी करने और उपयोग करने से व्हाट्सएप जैसे डेटा को हटाया जा सकता है या बाधित किया जा सकता है। इसलिए, यह अदालत आवेदन को मंजूर करने की इच्छुक नहीं है।

### भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावी तैयारियों की समीक्षा

**अरुणाचल प्रदेश।** प्रदेश के नामसाई जिले में पहुंचा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि दल का नेतृत्व उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू कर रहे हैं। साहू के साथ ईसीआई के निदेशक पंकज श्रीवास्तव, प्रधान सचिव अरविंद आनंद, सचिव एन.टी. भूटिया और अनुभाग अधिकारी नीरज द्विवेदी भी हैं। इस अवसर पर साहू ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) को चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि राज्य में जनवरी में ईसीआई की एक पूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। साहू ने निर्बाध रूप से चुनाव कराने के लिए अधिकारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण देने के महत्व पर जोर दिया और डीईओ को जिले में प्रवर्तन एजेंसियों के साथ कानून-व्यवस्था की तैयारियों का विश्लेषण करने की सलाह दी।

### ओडिशा सरकार की अनोखी पहल

## दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए भारी वाहनों के चालकों के लिए मुफ्त चाय पिलाएगी



**एजेंसी। भूबनेश्वर**

ओडिशा के परिवहन मंत्री तुकुनी साहू ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजमार्गों पर ट्रकों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राज्य सरकार ने रात में यात्रा करने वाले भारी वाहनों के चालकों को मुफ्त चाय देने की व्यवस्था करने का फैसला किया है।अधिकतर दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राजमार्गों पर तड़के होती हैं क्योंकि ट्रकों और अन्य भारी वाहनों के चालकों को झपकी आ जाती है। साहू ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इसलिए राज्य सरकार ने उन्हें तरोताजा रहने के लिए मुफ्त में चाय उपलब्ध कराने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों (आरटीओ) को राजमार्गों पर सड़क किनारे होटलों और ढाबों की पहचान करने के लिए कहा गया है, जहां वाहन चालकों को रात में नींद की झपकी से बचाने के लिए मुफ्त चाय की पेशकश की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे वहां आराम भी कर सकते हैं।

### आईजीआई हवाई अड्डे पर 2023 में 42 लोगों की गिरफ्तारी : दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि इस साल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे पर यात्रियों के सामान से चोरी में शामिल कई कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने जो आंकड़े शेयर किए हैं, उसके अनुसार, साल 2022 में 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि 2023 में 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, आईजीआई एयरपोर्ट से होने वाले सामान चोरी के मामलों के पंजीकरण में गिरावट आई है। 2023 में अप्रैल, अगस्त और नवंबर के दौरान सामान चोरी का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। 2023 में सामान चोरी के मामलों का समग्र डेटा पिछले वर्ष की तुलना में 48 प्रतिशत की गिरावट दिखाता है, जो दिल्ली पुलिस के सुरक्षा उपायों में पर्याप्त सुधार दशार्ता है। एक अधिकारी ने कहा कि अक्टूबर में दिल्ली पुलिस ने आईजीआई हवाई अड्डे पर यात्रियों के कीमती सामान चोरी करने के आरोप में सात लोडर्स को गिरफ्तार किया था।

### अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव में संत सम्मेलन को शाह ने किया संबोधित

# गीता में हैं विश्व की सभी समस्याओं का समाधानः अमित शाह

**मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को बताया आधुनिक भारत का लौह पुरुष**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चंडीगढ़। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि गीता एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें विश्व की सभी समस्याओं का समाधान है। गीता का अनुसरण करके कई बड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। केन्द्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को कुरूक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि कुरूक्षेत्र की पावन धरती पर पांच हजार साल पहले भगवान कृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए गीता का उपदेश देकर समूची मानवता को नई राह दिखाई थी। अगर हम गीता का ज्ञान फैलाने में सफल रहें तो कभी युद्ध नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में यहां आकर गीता का प्रचार विश्व स्तर पर करने का संदेश दिया था। जिसका अनुसरण करते हुए हरियाणा की



मनोहर सरकार और स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज आज कई देशों में गीता जयंती का भव्य आयोजन करवा चुके हैं और यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय रूप ले चुका है। गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा की मान्यताएं संस्कृति को बढ़ावा देती हैं। पिछले नौ वर्षों के दौरान केंद्र व हरियाणा की सरकारों ने गीता के उपदेश का अनुसरण करते हुए न केवल शासन को संचालित किया है बल्कि आमजन में भी आपसी भाईचारे को मजबूत किया है। केंद्र सरकार ने धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बनाया है। हरियाणा सरकार ने भी केंद्र की योजनाओं को सबसे पहले लागू कर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम किया है। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री अमित शाह का कुरूक्षेत्र पहुंचने पर स्वागत हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वागत किया। मनोहर लाल ने कहा कि कई हजार साल पहले दिया गया गीता का संदेश आज भी शाश्वत है। वर्ष 2016 में शुरू हुआ यह आयोजन अब अंतराष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश में कुछ चुनौतियां थीं। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की रियासतों को मिलाकर विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर निर्माण, धारा 370 जैसे मुद्दे रहते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने उनका आसानी से समाधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान केंद्र की सरकार ने जिस भावना के साथ काम किया है, उससे प्रधानमंत्री मोदी तथा गृहमंत्री शाह को अगर आधुनिक भारत का लौह पुरूष कहना गलत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिस तहत के फैसले केंद्र सरकार ने लिए हैं, उनसे देश न केवल मजबूत हुआ है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का गौरव भी बढ़ा है। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, योग गुरू आचार्य रामदेव के अलावा कई संत महात्मा मौजूद थे।

## फर्जी वीजा, पासपोर्ट के साथ पकड़े गये ईरानी को दो वर्ष कैद की सजा

**एजेंसी। महराजगंज**

महराजगंज जिले की एक अदालत ने फर्जी वीजा और पासपोर्ट के आधार पर नेपाल जाने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किए गए एक ईरानी नागरिक को दोषी करार देते हुए उसे दो साल की कैद की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने बृहस्पतिवार को आरोपी ईरानी नागरिक 38 वर्षीय हुसैन हमीदिया को दोषी करार देते हुए दो वर्ष की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। अदालत ने कहा कि अगर दोषी जुमार्ना नहीं भरता है तो उसे एक महीने की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आतिश कुमार सिंह ने बताया कि भारत से नेपाल जा रहे ईरानी नागरिक को भारत-नेपाल सीमा के सोनौली इलाके में आव्रजन विभाग ने 13 जनवरी 2022 को गिरफ्तार कर लिया, क्योंकि जांच के बाद उसके



**38 वर्षीय हुसैन हमीदिया को दोषी करार देते हुए दो वर्ष की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया।**

वीजा और पासपोर्ट दस्तावेज फर्जी पाए गए। उन्होंने बताया कि विदेशी नागरिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 419 (प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी) और 420 (धोखाधड़ी), 467,468,471 (दस्तावेजों में हेराफेरी) और विदेशी अधिनियम की धारा 14 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने विवेचना पूरी कर आरोप पत्र दाखिल किया।

## एक नजर

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने आयरलैंड पर 2-1 से जीत हासिल की

**वालेंसिया।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को आयरलैंड के खिलाफ 2-1 से जीत के साथ अपने 5 देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 अभियान का समापन किया। भारत के लिए दीपिका (4') और संगीता कुमारी (22') निशाने पर थीं, जबकि कप्तान कैथरीन मुलान (12') ने आयरलैंड के लिए एकमात्र गोल किया। भारत ने खेल की शुरूआत फ्रंटफुट पर की, दीपिका ने पहले क्वार्टर की शुरूआत में ही गेंद को गोल में डालकर भारत को बढ़त दिला दी। लेकिन आयरलैंड शुरूआती भारतीय हमले से घबराया नहीं था, उन्होंने खुद को संभाला और कुछ ही देर बाद अपनी कैप्टन कैथरीन मुलान के जरिए बराबरी हासिल कर ली। दूसरे क्वार्टर में, आयरलैंड ने बढ़त हासिल करने की कोशिश की, जल्दी-जल्दी दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन भारतीय अपनी रक्षा में दृढ़ रहे। भारतीय महिला हॉकी टीम को अपना पेनल्टी कॉर्नर मिला और संगीता कुमारी ने गोल करने के लिए कदम बढ़ाया और हाफटाइम ब्रेक से पहले अपनी टीम को फिर से बढ़त दिला दी।

### फीफा रैंकिंग 2023 में टॉप पर अर्जेंटीना

**जिनेवा।** विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने 2023 के अंत में अपना विश्व नंबर 1 स्थान मजबूती से बरकरार रखा। फीफा ने साल के अंत में पुरुषों की विश्व रैंकिंग की घोषणा की, जिसमें टीम नंबर 1 पर काबिज है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अर्जेंटीना ने अप्रेल में शीर्ष स्थान हासिल किया और तब से शीर्ष दस में अन्य नौ स्थानों के कई बार बदलने के बावजूद बढ़त बनाए रखी है। फ्रांस ने अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा और इंग्लैंड ने इस साल तीसरे स्थार पर कब्जा किया। पिछली विश्व रैंकिंग 30 नवंबर को जारी होने के बाद दिसंबर में केवल 11 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए थे, जबकि स्टैंडिंग के दिसंबर संस्करण में ज्यादा बदलाव नहीं दिखे।

### हमारा उद्देश्य फुटबॉल दर्शकों के साथ गहरा जुड़ाव बनाना : सोनी पिक्चर्स

**मुंबई।** भारत में लगातार बढ़ती फुटबॉल दर्शकों की संख्या के साथ, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के डिस्ट्रीब्यूशन और इंटरनेशनल बिजनेस के मुख्य राजस्व अधिकारी और हेड-स्पोर्ट्स बिजनेस, राजेश कौल ने कहा कि वे प्रशंसकों के साथ गहरा जुड़ाव बनाना चाहते हैं, जिससे वो भारतीय दर्शकों के व्यापक स्पेक्ट्रम तक पहुंचें। फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक कदम में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ सहयोग किया है और उन्हें फुटबॉल के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। साझेदारी में यूईएफए यूरो 2024, यूईएफए चैंपियंस लीग, यूईएफए यूरोपा लीग, यूईएफए कॉन्फ्रेंस लीग, यूईएफए नेशंस लीग, बुंडेसलीगा, एमिरेट्स एफए कप, डूरंड कप और रोशन सऊदी लीग सहित मार्की फुटबॉल टूनामेंट और लीग का कवरेज शामिल है।

# दक्षिण अफ्रीका से अचानक भारत लौटे विराट कोहली

## ऋतुराज गायकवाड़ टेस्ट सीरीज से हुए बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विराट कोहली अचानक दक्षिण अफ्रीका से मुंबई लौट आए हैं। वह फिलहाल तीन दिवसीय इंट्रा स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच में हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जो कि प्रिटोरिया में खेला जा रहा है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेला जाएगा। भारतीय टीम फिलहाल दक्षिण



अफ्रीकी दौरे पर है। टी20 सीरीज और वनडे सीरीज के बाद अब दोनों टीमें दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। हालांकि, इससे पहले भारत के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ दोनों टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। वहीं, विराट कोहली अचानक दक्षिण अफ्रीका से मुंबई लौट आए हैं।

**ऋतुराज की अंगुली में चोट लगी :** बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार, युवा सलामी बल्लेबाज ऋतुराज अंगुली की चोट से उबर नहीं पाए हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टीम मैनेजमेंट ने रिलीज कर दिया है। गायकवाड़ को 19 दिसंबर को पोर्ट एलिजाबेथ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान अंगुली में चोट लगी थी। उन्होंने कहा, 'वह दूसरे वनडे में फील्डिंग करते हुए चोट लगा बैठे थे और उससे पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं। तीसरे वनडे में भी ऋतुराज नहीं खेले थे और बीसीसीआई ने कहा था कि वह मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। इस बीच शुक्रवार को समाप्त होने वाले अभ्यास मैच में ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सरफराज खान और अभिमन्यु ईश्वरन ने मौके का पूरा फायदा उठाया, जबकि कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर प्रभावी दिखे।

### 26 दिसंबर से पहला टेस्ट

तीन दिवसीय इंट्रा स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच शुक्रवार को समाप्त होगा और भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी अब जोहानिसबर्ग में इकट्ठा होंगे और वहां से टेस्ट के लिए सेंचुरियन जाएंगे। 26 दिसंबर को शुरू हो रहे और 30 दिसंबर को समाप्त होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के बाद भारतीय खिलाड़ी केपटाउन चले जाएंगे, जहां दूसरा और अंतिम टेस्ट तीन जनवरी से शुरू होगा।

### भारत की टेस्ट टीम

**रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा**

### दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम

**तेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्जी, टोनी डी जोर्जी, डीन एल्गर, मार्को यानसेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कीगन पीटरसन, कगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरेन।**

# स्मृति, जेमिमा, दीप्ति और ऋचा ने जड़ा अर्धशतक, भारत को 157 रन की बढ़त

**एजेंसी। मुंबई**





भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच का दूसरा दिन भारत के नाम रहा। स्मृति मंधाना (74), जेमिमा रोड्रिग्स (73), ऋचा घोष (52) और दीप्ति शर्मा (नाबाद 70) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से दूसरे दिन के अंत में ऑस्ट्रेलिया महिलाओं के खिलाफ तीन विकेट शेष रहते हुए 157 रन की बढ़त हासिल की। स्टंप्स के समय भारत 110 ओवरों में 376/7 रन बना चुका था, जिसमें दीप्ति शर्मा 70 रन और पूजा वस्त्रकर 33 रन बनाकर नाबाद लौटी। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 143 मिनट और 242 गेंदों की साझेदारी में 102 रन जोड़े। इस प्रकार भारत ने अपनी पहली पारी में तीन विकेट शेष रहते हुए 157 रनों की बढ़त हासिल की। तीसरे दिन का खेल शुरू होने पर दीप्ति शर्मा और वस्त्रकर इस बढ़त को कम से कम 250 रनों तक बढ़ाना चाहेंगे।

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से

**एजेंसी। जोहान्सबर्ग**

क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट बल्लेबाज डीन एल्गर ने घोषणा की है कि वह भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। पूर्व कप्तान दो टेस्ट मैचों के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत करेंगे - पहला 26 से 30 दिसंबर तक सेंचुरियन में उनके घरेलू मैदान, सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा और दूसरा उस स्थान पर, जहां उन्होंने अपना पहला टेस्ट रन केप टाउन में न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में बनाया था, 3 से 7 जनवरी तक खेला जाएगा। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने 12 साल के करियर के दौरान 84 टेस्ट और आठ एकदिवसीय मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है। 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से, एल्गर ने 37.28 की औसत से 5000 से अधिक रन बनाए, जिसमें 13 शतक और 2017 में बांग्लादेश के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ 199 रन की पारी शामिल है। एल्गर ने एक बयान में कहा, क्रिकेट का खेल खेलना हमेशा से मेरा एक सपना रहा है, लेकिन अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर पाना परम सौभाग्य है!

## उस्मान ख्वाजा के खिलाफ आईसीसी ने लिया एक्शन

**दुबई।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर उस्मान ख्वाजा को पहले टेस्ट के दौरान आर्मबैंड पहनने के विरोध पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फटकार लगाई है। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया की 360 रन की जीत के दौरान काली पट्टी पहनी थी। इससे पहले आईसीसी ने उनके जूतों पर प्रतिबंध लगाया था। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने मूल रूप से उन्हें सेंसर करने के लिए आईसीसी की आलोचना की थी और गाजा में नागरिकों के समर्थन के संदेशों को बढ़ावा देना जारी रखने की कसम खाई थी। ख्वाजा ने अपने जूतों पर स्वतंत्रता एक मानव अधिकार है।

# बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज से बाहर हुए विलियमसन

**एजेंसी। क्राइस्टचर्च**

बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज से पहले कीवी टीम को कई चोटों का सामना करना पड़ा है। इस सीरीज में न्यूजीलैंड चोटिल कप्तान केन विलियमसन और तेज गेंदबाज काइल जैमीसन के बिना उतरेगी।इन दोनों चोटिल खिलाड़ियों की जगह युवा ऑलराउंडर रचिन रवींद्र और तेज गेंदबाज जैकब डफी को 13 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। मिचेल सेंटनर ने 14 मौकों पर टीम का नेतृत्व किया है। विलियमसन की जगह इस श्रृंखला के लिए वो कप्तान होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, इस जोड़ी को वापस लेने का निर्णय आगे की चिकित्सा सलाह, साथ ही दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस ग्रीष्मकालीन टेस्ट श्रृंखला पर ध्यान देने के साथ टीम के आगामी कार्यक्रम पर विचार करने के बाद लिया गया है।भारत और बांग्लादेश में खेलने के लिए विलियमसन अपने घुटने के रिहैब और अपनी फिटनेस पर ध्यान देंगे। कीवी टीम ने नए साल में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ व्यस्त आगामी टेस्ट कार्यक्रम से पहले जैमीसन को जोखिम में नहीं डालने का फैसला किया है।

### न्यूजीलैंड टी20 टीम

**मिचेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सीयर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी, टिम साउदी**

## इंग्लैंड के खिलाफ कैरेबियाई टीम ने सीरीज पर 3-2 से किया कब्जा

**तरौबा।** वेस्टइंडीज ने पांचवें और अंतिम टी20 मैच में इंग्लैंड पर चार विकेट से निर्णायक जीत दर्ज कर पांच मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ 2023 में हालिया सफलताओं के बाद कैरेबियाई टीम ने लगातार तीसरी टी20 श्रृंखला जीती है। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 से छह महीने से भी कम समय बाकी है। इस बीच कैरेबियाई टीम शानदार फॉर्म में नजर आ रही है। मेगा-इवेंट से पहले टीम के लिए यह अच्छी खबर है, जिसकी वो संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सह-मेजबानी भी करेंगे।

# झारखंड में शिक्षा विभाग करायेगा एसजीएफआई प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तहत राष्ट्रीय स्कूली खेल के आयोजन लेकर झारखंड खेल विभाग और शिक्षा विभाग में लगातार खींचतान देखा गया. शुभम संदेश से बातचीत में शिक्षा विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने एसजीएफआई प्रतियोगिता कराने को लेकर विभाग की बात साफ कर दी. उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग ही एसजीएफआई प्रतियोगिता करायेगा. झारखंड को 6 खेलों की मेजबानी मिली है. जिसके लिए विभाग पूरी तरह से तैयार है. उन्होंने कहा की हम बच्चों के विकास पर काम कर रहे हैं. सभी सुविधाओं के साथ बच्चों को दूसरे राज्य खेलने भेजा जा रहा है. उन्हे कोई भी कठिनाई ना हो इसका विभाग पूरी तरह से ख्याल रख रहा है. अभी खिलाड़ियों को फ़्लाइट से भी खेलने भेजा गया है, जो बड़ी बात है. उन्होंने कहा विभाग के पास 1800 से अधिक फिजिकल शिक्षक मौजूद हैं. जिस नियमावली के तहत खेल विभाग को खेल के प्रोत्साहन का जिम्मेदार बताने की कोशिश की जा रही है, उसपर सरकार का जो फैसला होगा वो विभाग को मान्य होगा. फिलहाल शिक्षा विभाग ने एसजीएफआई की पूरी तैयारी कर ली है और प्रतियोगिता का संचालन भी करेगा. बता दें 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल के फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, वुशु, स्केटिंग और साइक्लिंग की मेजबानी झारखंड को मिली है।

## व्यापार

### सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश का आज आखिरी दिन

# मार्केट रेट से सस्ते में सोना खरीदने का मौका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 2023 में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने का आज आखिरी दिन है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की ये स्कीम 18 दिसंबर को शुरू की गई थी। इसके तहत एक ग्राम सोने की कीमत 6,199 रुपये तय की गई है, जबकि सराफा बाजार में 24 कैरेट हाजिर सोने की कीमत फिलहाल 6,300 रुपये प्रति ग्राम के आसपास बनी हुई है। इसलिए मार्केट रेट से कम रेट पर सोना खरीदने का इस साल का ये आखिरी मौका है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत बैंकों के साथ ही क्लीयरिंग कॉरपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) और स्टॉक होल्डिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) के जरिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश किया जा सकता है। इसके साथ ही बीएसई और एनएसई के जरिए भी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने की सुविधा दी गई है। केंद्र सरकार की इस योजना के तहत निवेश किए गए पैसे की सिक्योरिटी की गारंटी भारत सरकार देती है। इसका संचालन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किया जाता है। इस स्कीम के तहत कम से कम एक ग्राम सोना खरीदा जा सकता है, वहीं इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स को अधिकतम 4 किलोग्राम तक सोना खरीदने की छूट दी गई है। इस स्कीम के तहत हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली (एचयूएफ) और ट्रस्ट अधिकतम 20 किलो सोना में निवेश कर सकते हैं। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत मैच्योरिटी पीरियड 8 साल तय की गई है। हालांकि, 5 साल पूरा होने के बाद भी निवेशक अपना पैसा निकाल सकते हैं। इसके अलावा स्टॉक एक्सचेंज के जरिए भी इसकी खरीद बिक्री की जा सकती है। इस योजना के तहत निवेशकों को 2.50 प्रतिशत का ब्याज भी दिया जाता है, जो सीधे उनके खाते में जाता है।



### घरेलू शेयर बाजार में तेजी रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार की चाल में तेजी ला दी। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.39 प्रतिशत और निफ्टी 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स, कोल इंडिया, टाटा स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और डिवीज लेबोरेट्रीज के शेयर 2.71 प्रतिशत से लेकर 1.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

### चेतावनी, बाजार रैली लंबे समय तक जारी नहीं रह सकती

**नई दिल्ली।** अब बाजार में चिंता का विषय मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में हाई वैलुएशन है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 371 अंक ऊपर 71,236.38 पर है। टाटा मोटर्स और टाटा स्टील में 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी है। खुदरा उत्साह और मिड और स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड में निरंतर प्रवाह इस रैली को चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाजार में यह व्यापक तेजी लंबे समय तक जारी नहीं रह सकती। सुरक्षा जितनी ही रिटर्न महत्वपूर्ण है। निस्संदेह सुरक्षा अब लार्ज-कैप में है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर लार्ज-कैप का प्रदर्शन मिड और स्मॉल-कैप से बेहतर रहने की संभावना है। बाजार का संकेत यह है कि बुधवार का करेक्शन एक दिन की घटना थी, न कि कोई बड़ा उलटफेर।

## घरेलू और वैश्विक बाजारों को मिली नई ऊंचाई, मार्केट में तेजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 2023 का अंत घरेलू शेयर बाजार सकारात्मक नोट पर कर रहे हैं। निफ्टी 21,500 के पार पहुंच गया है, वहीं सेंसेक्स 71,000 के पार है।




मोतीलाल ओसवाल ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर और दिसंबर के महीने में निवेशकों के सेंटीमेंट्स को काफी बढ़ावा मिला, जिससे घरेलू और वैश्विक बाजारों को नई ऊंचाई हासिल करने में मदद मिली। सेकेंड्री मार्केट में तेजी के रुख के बाद आईपीओ बाजार भी काफी जीवंत रहा। पिछले साल 40 आईपीओ (कुल 64,000 करोड़ रुपए) के मुकाबले इस साल 48,000 करोड़ रुपए का फंड जुटाने के लिए 58 आईपीओ बाजार में आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे ओला इलेक्ट्रिक, स्विगी, फर्स्टक्राई, मोबिविक सहित नए जमाने के टेक आईपीओ में तेज वृद्धि की उम्मीद के साथ पाइपलाइन मजबूत बनी हुई है। भारत के मैक्रो और माइक्रो फंडामेंटल मजबूत बने हुए हैं और बाजार को नई ऊंचाई छूने में मदद कर रहे हैं। निफ्टी ने 2023 में अब तक 18 फीसदी का रिटर्न दिया है। मिडकैप और स्मॉलकैप में भारी तेजी देखी गई, निफ्टी मिडकैप100 में 44 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप100 में 54 फीसदी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएसयू, रियल्टी, ऑटो के साथ-साथ बिजली, रक्षा, शिपिंग, उर्वरक, ईएमएस जैसे कई प्रमुख सेक्टर में खरीददारी में भारी दिलचस्पी देखी गई। पीएसयू बैंकों ने निजी बैंकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया।

### एस्सार ने औद्योगिक कार्बन कैप्चर सुविधा के लिए भागीदार का किया चयन

# कार्बन उत्सर्जन 10 लाख टन कम करने का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एस्सार ऑयल यूके ने ब्रिटेन के स्टैनलो स्थित अपने संयंत्र में नियोजित ईईटी औद्योगिक कार्बन कैप्चर (आईसीसी) सुविधा के लिए दूसरे प्रमुख लाइसेंसकर्ता प्रौद्योगिकी प्रदाता कंपनी टॉपसो के चयन की घोषणा की है। टॉपसो इसके लिए अपनी पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ फ़्लू-गैस उपचार तकनीक स्नोक्सटीएम प्रदान करेगा। यह 20 लाख टन सीओ2 (95 फीसदी) उत्सर्जन को कम करके रिफाइनरी को डीकार्बोनाइज करने में एस्सार ऑयल यूके के 1.2 अरब डॉलर के निवेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे यह दुनिया की पहली कम कार्बन रिफाइनरी और कम कार्बन ईंधन । उत्पादक बन जाएगा। एस्सार ऑयल यूके के सीईओ दीपक माहेश्वरी ने कहा, हम एस्सार ऑयल यूके की डीकार्बोनाइजेशन रणनीति के अगले



चरण में प्रवेश के लिए तैयार हैं। कुल 1.2 अरब डॉलर के निवेश के साथ, हम दुनिया की पहली कम कार्बन उत्सर्जन वाली रिफाइनरी बनने की दिशा में बढ़ रहा है। हमारी आगामी हाइड्रोजन ईंधन स्विचिंग परियोजना के साथ मिलकर औद्योगिक कार्बन कैप्चर सुविधा रिफाइनरी के सीओ2 के उत्सर्जन को 95 प्रतिशत तक कम कर देगी। इस प्रयास में टॉपसो एक मूल्यवान भागीदार है। टॉपसो स्नोक्स तकनीक से हमें एक अच्छी तरह से परखा हुआ और अत्यधिक टिकाऊ ग्रिप-गैस उपचार मिल रहा है। एस्सार की समग्र डीकार्बोनाईजेशन रणनीति दो अत्याधुनिक परियोजनाओं के साथ रिफाइनरी उत्सर्जन को कम करने की योजना बना रही है:

1) नवंबर 2022 में स्टैनलो में घोषित औद्योगिक कार्बन कैप्चर (आईसीसी) का लक्ष्य 2028 तक चालू होना है। इस परियोजना के परिणामस्वरूप वार्षिक सीओ2 उत्सर्जन में 10 लाख टन कमी आएगी।

2) हाइड्रोजन ईंधन प्राकृतिक गैस से ईंधन स्रोत के रूप में हाइड्रोजन में बदल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप वार्षिक उत्सर्जन में 10 लाख टन सीओ2 की कमी आई है।

यह एस्सार ऑयल यूके को ब्रिटेन के ऊर्जा संक्रमण में अग्रण बनाता है, जिससे यूके की ऊर्जा सुरक्षा और लचीलेपन में रिफाइनरी की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित हो जाती है। टॉपसो और मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज के चयन के साथ, एस्सार ऑयल यूके ने अपने अधिकांश प्रौद्योगिकी भागीदारों की पहचान कर ली है और परियोजना फ्रंट-एंड इंजीनियरिंग डिजाइन (फीड) चरण में आगे बढ़ने के लिए तैयार है। लाइसेंस प्राप्त प्रौद्योगिकियों के लिए बुनियादी इंजीनियरिंग डिजाइन पैकेज (बीडीपी) का विकास पहले से ही जारी है। टॉपसो में सीसीओ एलेना स्कैल्ट्रिट्टी ने कहा, हम एस्सार ऑयल यूके के लिए प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ता के रूप में चुने जाने से रोमांचित हैं।

### विकासशील देशों के प्रति पारदर्शी और निष्पक्ष हों क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां

**नई दिल्ली।** फिच, मूडीज और एसएंडपी जैसी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों को अपनी रेटिंग प्रक्रिया में सुधार करने की जरूरत है। जो भारत जैसे विकासशील देशों के खिलाफ भारी है, इसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त फंडिंग लागत अरबों डॉलर में चल रही है। यह बात सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार, वी अनंत नागेश्वरन ने कही है। सीईए के कार्यालय द्वारा प्रकाशित री-एग्जामिनिंग नैरेटिव्सः ए कलेक्शन ऑफ एसेज नामक दस्तावेज में, नागेश्वरन ने कहा कि गैर-पारदर्शी और व्यक्तिपरक गुणात्मक कारकों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण क्रेडिट रेटिंग पद्धतियों में अपारदर्शिता भी बढ़ती है। बैंडवैगन प्रभाव और संज्ञानात्मक पूर्वाग्रह विभिन्न अध्ययनों में व्यापक रूप से परिलक्षित होते हैं, इससे क्रेडिट रेटिंग की विश्वसनीयता के बारे में चिंताएं पैदा होती हैं।

## जोमैटो ने की शिपरॉकेट के अधिग्रहण की पेशकश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑनलाइन फूड प्लेटफॉर्म जोमैटो ने घरेलू लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता शिपरॉकेट को करीब 2 अरब डॉलर (16,600 करोड़ रुपये से अधिक) में अधिग्रहण करने की पेशकश की है। मीडिया को गुरुवार को यह जानकारी दी गई। ब्लूमबर्ग ने घटनाक्रम से अवगत लोगों का हवाला देते हुए बताया कि जोमैटो ने कंपनी को खरीदने की पेशकश की है और सौदे पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। पिछले साल अगस्त में जोमैटो समर्थित शिपरॉकेट, जिसे इंफो एज, टेमासेक और लाइटरॉक का भी समर्थन प्राप्त था, ने 3.35 करोड़ डॉलर जुटाए, जिससे इसका मूल्यांकन लगभग 1.2 अरब डॉलर हो गया। जोमैटो ने उसी महीने, क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट (पूर्व में ग्रोफर्स) और उसके वेयरहाउसिंग और सहायक सेवा व्यवसाय का अधिग्रहण पूरा किया। जोमैटो के बोर्ड ने ब्लिंकिट के अधिग्रहण के




लिए 4,447 करोड़ रुपये के लेनदेन को मंजूरी दे दी। सहायक कारोबार 61 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। इस बीच, शिपरॉकेट कथित तौर पर यूएस-आधारित निवेश फर्म ट्राइब कैपिटल के नेतृत्व में 75-100 मिलियन तक फंड जुटाने के लिए शीर्ष वीसी फर्मों के साथ बातचीत कर रही है। सूत्रों के हवाले से पिछले हफ्ते टेकक्रंच की रिपोर्ट के मुताबिक, 'फंडिंग को लेकर बातचीत जारी है और शर्तें बदल सकती हैं।' ट्राइब कैपिटल और शिपरोकेट दोनों ने रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की। बेंगलुरु मुख्यालय वाले शिपरोकेट का लक्ष्य अगले 12 से 18 महीनों में आईपीओ के लिए तैयार होना है।

### भारत में काम करने के लिए केरल सबसे पसंदीदा राज्य : स्किल रिपोर्ट

**कोच्चि।** इंडिया स्किल्स रिपोर्ट-2024 हाल ही में प्रकाशित की गई है। जिसमें खुलासा हुआ है कि केरल के दो शहर कोच्चि और तिरुवनंतपुरम भारत में युवाओं के बीच काम करने के लिए सबसे पसंदीदा स्थान बनकर उभरे हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), गूगल और टैग्ड के सहयोग से प्रतिभा मूल्यांकन एजेंसी व्हीबॉक्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, केरल 18-21 आयु वर्ग के बीच सबसे अधिक रोजगार संसाधनों वाला दूसरा राज्य है। रिपोर्ट में देश भर में आयोजित राष्ट्रीय रोजगार परीक्षण के माध्यम से 3.88 लाख युवाओं का सर्वे किया गया। रिपोर्ट बताती है कि भारत में रोजगार क्षमता में सुधार हुआ है क्योंकि सर्वे में शामिल 51.25 प्रतिशत युवा जरूरी स्किल (कौशल) के साथ रोजगार योग्य हैं।

## एक नजर

### आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के सर्वाधिक आवेदन

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत सुलतानी गांव में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरा राउंड के आयोजन में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान अबुआ आवास में ग्रामीणों ने रूचि दिखाई और सबसे ज्यादा आवेदन जमा किया। एसबीआई के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार भगत ने बताया कि जिन किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है। वैसे सभी किसानों को केसीसी ऋण दिया जाएगा। शिविर में एक सौ शौचालय निर्माण, दिव्यांग व वृद्धा पेंशन सहित कई प्रकार के आवेदन ग्रामीणों ने जमा किया। शिविर में सीओ यामुन रविदास, मुखिया विनय कुमार सिंह, एमओ ब्रजेश कुमार, सीआई प्रगति प्रकाश, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के जिला अध्यक्ष सुजीत सिंह सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मी व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### जघासी व पचकेड़िया पहुंची विकसित भारत यात्रा

**पाटन।** केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को जघासी व पचकेड़िया में किशुनपुर पंचायत पहुंची। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। मौके पर मुखिया पिंकी देवी, समाज सेवी मुकेश सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य वशिष्ठ पांडे, निरंजन पासवान, श्याम देव सिंह, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, नोडल अधिकारी ब्रजेश कुमार, श्रीकांत तिवारी, अरविंद प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, संपति सिंह आदि मौजूद रहे। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा ड्रोन से खेतों में दवा छिड़काव का डेमो भी किया गया।

### सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला स्तर पर सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों के भेद्यता,मानचित्रण एवं अन्य निर्वाचन कार्यों के निष्पादन के संबंध में नियुक्त किये गये सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 26 दिसंबर तक चलेगा। स्थानीय समाहरणालय भवन (ब्लॉक-सी) के सभाकक्ष में एवं पुराना डीआरडीए भवन के सभाकक्ष में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 40-40 के बैच में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्य सम्पादित कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू, विजय केरकेट्टा, भूमि सुधार उप समाहर्ता छतरपुर अमर जान, उप समाहर्ता हुसैनाबाद सुरजीत कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर अनुराग तिवारी एवं देवदत्त पोद्दार अंचल पुलिस निरीक्षक सदर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। शुक्रवार को 75 पांकी एवं 76 डालटनगंज के 40-40 सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

---

मामला पथरा पंचायत के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय का

# एमडीएम का चावल गबन का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**प्रधानाध्यापक विद्यालय में रखे तीन क्विंटल चावल में से ढाई क्विंटल (पांच बोरा) चावल एक टेंपो पर लादकर ले गये : ग्रामीण**



विद्यालय में एमडीएम जांच करते मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा पंचायत के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कुशानारायणपुर के प्रधानाध्यापक शाने अहमद द्वारा एमडीएम का चावल शुक्रवार की सुबह स्कूल से बाहर भेजे जाने पर ग्रामीणों ने गहरी आपत्ति जताई है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान को दी। सूचना मिलते ही मुखिया ने विद्यालय पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 7: 30 बजे विद्यालय के प्रधानाध्यापक विद्यालय में रखे तीन क्विंटल चावल में से ढाई क्विंटल (पांच बोरा) चावल एक टेंपो पर लादकर ले गये हैं। इस संबंध में मुखिया द्वारा पूछे जाने पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि ज्यादा राशन आ गया था। उसे वापस करने जा रहे हैं। जबकि इस संबंध में बीईओ रामनरेश राम ने बताया कि विद्यालय के लिये 19 दिसंबर को ही तीन क्विंटल चावल का उठाव हुआ था। बीईओ ने बताया कि स्कूल 9 बजे खुलता है, तो सुबह में स्कूल में रखे अनाज को ले जाने की क्या जरूरत थी। इससे साफ जाहिर होता है कि हेडमास्टर और वेंडर की मिलीभगत से एमडीएम के राशन की कालाबाजारी की गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत पहले भी मिली है कि विद्यालय में हेडमास्टर प्रतिदिन लेट से आते हैं। बीईओ ने कहा कि हेडमास्टर से स्पष्टीकरण मांगते हुये वेतन पर तत्काल रोक लगा दी गईं है।

---

कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट अंतिम दौर में , चरम पर रोमांच

# सडे़या ने विश्वसीया को 2-0 से पराजित किया



टूर्नामेंट में प्रदर्शन करते खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वावधान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार का मैच पिछले वर्ष सेमीफाइनल खेलने वाली टीम सड़ेया बनाम विश्वसीया के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। खिलाड़ियों ने गोल करने के कई प्रयास किये। मध्यांतर तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। उसके बाद सड़ेया ने आक्रामक खेल खेलते हुए एक के बाद एक लगातार दो गोल कर विश्वासिया को चारो खाने चित कर दिया। टीम मैच को 2-0 से अपने नाम करने में सफल रही। सड़ेया की तरफ से गुंजन कुमार और विमलेश कुमार ने गोल किया। सड़ेया के युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहा। मैच से पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक गोवर्धन सिंह और जगदीश राम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों से संयम के साथ खेलने की अपील की। मैच के दौरान क्लब के सचिव मनोज शर्मा, निर्णायक सुदय सिंह, सगीर अहमद, अभय सिंह, तक्की रिजवी, अजय सिंह ,अभिमन्यु सिंह, प्रह्लाद ठाकुर, अजय सिंह, विजय सिंह, प्रेमचंद चौधरी, गोलू , रवि, सलमान उपस्थित थे। शनिवार का मैच बैरांव बनाम जपला के बीच खेला जायेगा।

---

# एमकेडीएवी में याद किये गये गणितज्ञ रामानुजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डा. जीएन खान ने वरिष्ठ एवं गणित शिक्षकों के साथ रामानुजन जी के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलन कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गणित सभी विषयों में सबसे कठिन मानी जाती है। किसी भी परीक्षा हेतु गणितीय ज्ञान परम आवश्यक है।



दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि

श्रीनिवास रामानुजन जैसे गणितज्ञों ने अपने ज्ञान एवं प्रतिभा के बल पर गणित को अत्यंत सुगम एवं सरल बनाया। गणित के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। ज्ञात हो कि आगामी शनिवार को पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप में गणित प्रश्नोत्तरी का भी कार्यक्रम रखा गया है। इससे पूर्व प्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां भी श्रीनिवास रामानुजन पर आधारित थीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजकिशोर राणा ने किया तथा संयोजक कन्हैया राय थे। वेद मंत्रोच्चार शिक्षक अरविंद कुमार एवं दिनेश दुबे ने किया।

---

सभी कागजात होने के बाद भी विवाद खड़ा करने का आरोप , 2022 में ही मिला है आवास

# दिव्यांग विधवा ने अंबेडकर आवास के लिए लगायी गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तूरी पंचायत की बरवादोहरी निवासी दिव्यांग विधवा फुलिया कुंवर ने अपनी ही विवादित जमीन पर अंबेडकर आवास निर्माण के लिये अंचल अधिकारी यामुन रविदास से गुहार लगायी है। मालूम हो की वर्ष 2022 में उक्त महिला को अंबेडकर आवास मिला था। जिसकी पहली किश्त 40 हजार रुपया भी उक्त महिला को मिल चुकी है। इसके बाद कुछ लोगों द्वारा उसकी जमीन पर विवाद खड़ा करते हुये उनका आवास नहीं बनने दे रहे हैं। महिला ने बताया कि खाता 10, प्लॉट 182, रकबा 110डी. में 55 डिस्मिल जमीन उनके हक में है। उक्त जमीन का 1988 में केवाला हुआ और 1990-91 में उसका दाखिल खारिज भी हो चुका है। उनके नाम से रसीद भी कटी है। महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त जमीन पर कुछ लोगों द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है। जबकि उपायुक्त पलामू के निर्देश पर एसडीओ द्वारा पिछले एक फरवरी को नोटिस जारी की जा चुकी है। जमीन के सभी जरुरी कागजात उनके पास उपलब्ध हैं। इसके बावजूद अबतक अम्बेडकर आवास बनाने नहीं दिया जा रहा है। सीओ ने बताया कि मामले की जांच कर समुचित कदम उठाया जायेगा।



अंबेडकर आवास बनाने की गुहार लगाते दिव्यांग महिला

---

पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने डीआरएम को भेजा पत्र

# पीटीआर से गुजरते समय लंबी हॉर्न बजाएं रेल चालक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने धनबाद रेलवे डिवीजन के डीआरएम को पत्र भेजकर अनुरोध किया है कि पलामू टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से गुजरते समय रेल चालक लंबी हार्न बजायें। साथ ही इस दौरान ट्रेन की अधिकतम गति सीमा 25 किमी प्रतिघंटा निर्धारित किया जाये। श्री जैना ने बताया कि 11 किलोमीटर रेलवे लाइन पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से गुजरती है। जिस पर रात और दिन मालगाड़ी ,पैसेंजर गाड़ी और एक्सप्रेस गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। जबकि कोर एरिया में हाथी, तेंदुआ सहित विभिन्न प्रकार के वन्य प्राणियों का वास है। ऐसे में वन्य जीवों की सुरक्षा के लिये उक्त गाइड लाइन का अनुपालन किया जाना निहायत जरूरी है। बताते चलें कि इस समय पलामू टाइगर रिजर्व में दो नर बाघ हैं। उनकी सुरक्षा को लेकर पीटीआर प्रबंधन विशेष सावधानी बरत रहा है। पीटीआर के अधिकारियों का कहना है कि दोनों नर बाघ बहुत ही एक्टिव है। अपना शिकार कर रहे हैं।



पीटीआर से गुजरती माल गाड़ी

---

# महिला ने दिया तीन बच्चों को जन्म, सभी स्वस्थ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कुदरत के करिश्मे के आगे किसी की नहीं चलती। कहते हैं जन्म व मरण ऊपर वाले के हाथ में है। शहर के पांकी रोड स्थित आशी केयर अस्पताल में प्रसूता द्वारा एक साथ तीन स्वस्थ बच्चों को जन्म देने की घटना से उक्त उक्ति अक्षरशः सत्य साबित हुई। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि नौडीहा प्रखण्ड-पड़वा से शकुंतला देवी प्रसव पीड़ा के साथ पहुंची तब तक मरीज व परिजनों को भी यही पता था कि महिला के गर्भ में जुड़वा बच्चे हैं, परंतु अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने जब प्रसव कराया तो पता चला कि 3 बच्चों का जन्म हुआ है। जन्म के समय तीनों का वजन क्रमशः 1.4-1.4 किग्रा व 800 ग्राम था। चिकित्सकों के अनुसार यह सामान्य नवजात से काफी कम है। प्रसव के बाद चिकित्सक व परिजन दोनों के लिए ही बड़ी चुनौती सामने खड़ी थी। एक और बड़ी समस्या तब सामने आई जब परिजनों ने बताया कि वो बच्चों के इलाज के लिए उन्हें बाहर ले जाने में बिल्कुल भी सक्षम नहीं हैं। तब नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डा. संतोष मेहता व आशी केयर की टीम तीनों नवजातों का जीवन बचाने में जी जान से लग गया। फलस्वरूप 20 दिसंबर को स्थिति सामान्य होने पर 3 में से 2 बच्चों की छुट्टी कर दी गई।

---

# यौन शोषण के आरोपी अध्यापक पर हो कार्रवाई : एबीवीपी



विरोध जताते एबीवीपी के कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर मंत्री रमाशंकर पासवान की अध्यक्षता में पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर नाबालिग के यौन शोषण के आरोपी अध्यापक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की गयी। नगर मंत्री ने आरोप लगाया कि निजी संस्थानों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के कोचिंग संचालन पर अविलंब रोक लगायी जाये। मामले में संबंधित स्कूल की मान्यता रद्द कर स्पष्ट गाइड लाइन तय की जाये। अन्यथा विद्यार्थी परिषद पुरजोर आंदोलन के लिये बाध्य होगी। उक्त अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे,प्रदेश का कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार रवि, राहुल कुमार चेरो, विवेक तिवारी, अभय वर्मा, राजन कश्यप, प्रकाश पांडे, नीतीश दुबे, कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# 235 आवेदनों का त्वरित निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** प्रखंड की माझिगावां पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ रविंद्र कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, प्रमुख आभा रानी, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, मुखिया बिंदा देवी, बीडीसी कृष्णा राम, उपमुखिया प्रतीक द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। इन्होंने उपस्थित लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉलों पर आवेदन लिये गये। इस दौरान 1362 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 235 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना का लाभ तत्काल दिया गया। मौके पर झामुमो नेता हिफाजत अंसारी, बिनोद यादव, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, बीपीओ कमलेश कुमार, जीपीएस उमेश कुमार, प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार, रवि कुमार, शिक्षा विभाग से बीआरपी राजेन्द्र गुप्ता, सीआरपी अर्चना कुमारी, बिजली विभाग से इंदल राम, लेखपाल अशानंदन राम, अंचल निरीक्षण मोजिब खान, कर्मचारी अमरेंद्र कुमार, अजमेरी अंसारी, पंचायत सचिव केश्वर सिंह, रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सतीश राम, ऑपरेटर मनीष मेहता, मोसाफिर साह, सचेत कुमार, मयंक विश्वकर्मा, रवि हुसैन, सुनील द्विवेदीआदि उपस्थित थे।

### 12 लोगों को जॉब कार्ड मिला, 40 लोगों के बीच कंबल का वितरण

**भवनाथपुर।** सिंदुरिया पंचायत के दुर्गा मंडप परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ नंदजी राम, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, बीससूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, मुखिया नंदलाल पाठक, बीडीसी संजू देवी ने की। जेएसएलपीएस समूह के आजीविका महिला सखी मंडल के बीच के चक्रीय निधि के तहत 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। वहीं 7 लोगों को पेंशन स्वीकृति पत्र, पांच छात्रों को साइकिल के लिए 4500 सौ का चेक, पांच छात्राओं को सावित्रीबाई फुले, 12 लोगों को जॉब कार्ड दिया गया। 40 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। शिविर में 477 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अबुआ आवास 220, जन्म प्रमाण पत्र 1, आयुष्मान कार्ड 15, पेंशन 15, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 33 आवेदन प्राप्त हुए।

### ज्ञान निकेतन, साउथ प्वाइंट वीएनटी क्वार्टर फाइनल में

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में आयोजित 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें दिन साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने एनटीसीए को एकतरफा मुकाबले में 111 रन से हराया। वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन स्कूल रेहला की टीम ने संत पॉल एकेडमी की टीम को छह विकेट से पराजित किया, जबकि तीसरे मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम ने जेपीएस स्कूल को हराकर क्वांटर फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे जूनियर वर्ग के मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की टीम ने टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 156 रनों का स्कोर खड़ा। टीम की ओर से अखिलेश ने 30 और प्रकाश ने 20 रन बनाए। एनटीसीए की ओर से सोनू ने दो विकेट प्राप्त किये।

---

## पेज एक के शेष

### लातेहार में हथियार-लेवी की...

छिपादोहर के हंसराज टोला में ग्रामीणों के मारपीट कर रहे हैं। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर छापामारी की। पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने लगे जिन्हें पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। छानबीन इनके पास से 71 हजार रुपए नगद और एक देसी बंदूक बरामद हुआ। गिरफ्तार लोगों से जब पूछताछ की गई तो पता चला कि सभी लोग नक्सली संगठन जेजेएमपी के नक्सली हैं। ये लोग हंसराज टोला में लेवी वसूलने और जमीन पर कब्जा करने आए थे। नक्सलियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुअनि रंजीत राम,काशी महली,विकाशेंदू त्रिपाठी, सअनि राजेश कुमार सहित जिला बल के जवान शामिल थे।

### भारत की जाति जनगणना...

के दौर में सरकारी नौकरियां कितनी बची हैं कि उसमें उसे रोजगार मिलेगा ? दूसरे ओबीसी समाज में बड़ा वर्ग व्यवसाय से जुड़ा है जिसे सरकारी नौकरी का झुनझुना नहीं व्यवसाय अनुकूल माहौल और बाजार चाहिए जिसकी झलक मोदी दिखा चुके हैं। मोदी जब राज्यों की तरह लोकसभा के चुनाव प्रचार में उतरेंगे तो अपने वैश्विक भारत और कांग्रेस की फ्लॉप योजनाओं का उदाहरण देकर उसे बैकफुट में लाने का प्रयास करेंगे। हालांकि इसके और भी पहलू हैं हिंदू वोट बिखरने से रोकने के लिए हाल में बनी राज्य सरकारों में भाजपा ने समीकरण फॉमूर्ला आजमा दिया है पर मालदार सरकारी नौकरी मतलब पावर सभी को चाहिए जबकि असलियत यह है कि राजनीतिक पहुंच से शक्तिशाली या संपन्न पिछड़ा या आरक्षित वर्ग अपने समुदाय के उन गरीबों का हक मारेगा जिसे सचमुच इसकी अवश्यकता है। जातीय आरक्षण से इस प्रकार एक और संभ्रांत वर्ग तैयार होगा जो सिर्फ किसी जाति विशेष में जन्म लेने के कारण नेतृत्व से लेकर नौकरी तक में सुविधाजनक हिस्सेदारी लेगा, जबकि आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग सदियों पुरानी है क्योंकि सैंकड़ों वर्ष पहले के राजे रजवाड़े या उनके मंत्री कारिंदे इस आधार पर सार्वजनिक धन से संचालित सुविधाओं या अवसर से इस आधार पर वंचित किए जा रहे हैं कि उनके पुरखों की जाति संपन्न और शक्तिशाली थी। संविधान की रचना इस मूल भावना के साथ की गई है जिसमें समतामूलक,बिना भेदभाव के समान अवसर के सिद्धांत निरूपित हैं और इसकी 50 प्रतिशत की सीमा भी तय की गई है। बाबा साहब जातिविहीन समतावादी समाज की बात करते थे और आज फिर से जाति को जीत का हथियार बनाने की तैयारी चल रही है।

### पुंछ की हेलीकॉप्टर-ड्रोन...

निगरानी हो रही है। जांच के दौरान सेना ने डेरा की गली से कुछ स्थानीय संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। यह ऑपरेशन 48 राष्ट्रीय राइफल्स की निगरानी वाले क्षेत्र में हो रहा है। इन दोनों सैन्य वाहनों पर आतंकियों ने राजौरी के थानामंडी इलाके में डेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर गोलीबारी की। भारतीय सैनिकों ने तुरंत गोलीबारी का जवाब दिया, जिसके बाद आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हुई। राजौरी, पुंछ और रियासी जिलों में इस साल मुठभेड़ों में अब तक 19 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए हैं और 28 आतंकवादी मारे गए हैं। इन मुठभेड़ों में कुल 54 लोग मारे गए हैं। इससे पहले अक्टूबर 2021 में वन क्षेत्र में आतंकवादियों के दो अलग-अलग हमलों में नौ सैनिक शहीद हो गए थे। चमरेर में 11 अक्टूबर को एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) सहित पांच सैन्यकर्मी शहीद हुए थे, जबकि 14 अक्टूबर को एक निकटवर्ती जंगल में एक जेसीओ और तीन सैनिकों ने जान गंवाई थी।

---

पलामू प्रमंडल के आयुक्त ने तीनों जिलों के परिवहन पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को धरातल पर उतारें: कमिश्नर

**योजना के संचालन में वित्तीय सहयोग के लिए बैंकों से समन्वय स्थापित कराने पर बल**

**मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर पलामू में 12 सड़क मार्ग (रूट) का निर्धारण कर लिया गया है : अनवर हुसैन**



बैठक करते आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमण्डलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने शुक्रवार को प्रमंडल क्षेत्र के पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के जिला परिवहन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के क्रियान्वयन को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने तीनों जिले के पदाधिकारियों से इस योजना में अबतक की प्रगति की अलग-अलग जानकारी ली। साथ ही योजना को मूर्त रूप देने में तत्परता दिखाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए सड़क मार्ग का चयन करते हुए अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। उन्होंने योजना की सफलता के लिए बैंकों से वित्तीय सहयोग के लिए वाहन मालिकों एवं बैंक पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कराते हुए वाहनों की खरीददारी कराने की सकारात्मक पहल करने का निर्देश दिया। बैठक में पलामू के जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर पलामू में 12 सड़क मार्ग (रूट) का निर्धारण कर लिया गया है। पांच बसों को तत्काल चालू कराने की तैयारी अंतिम चरण में है। वहीं लातेहार के जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार जिले में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर 21 रूटों का निर्धारण किया गया है। तीन वाहनों को तत्काल चलाने की तैयारी है। इसमें एक गाड़ी उपलब्ध भी हो गया है। इसके अलावा गढ़वा जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बताया कि उनके जिले में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर 11 रूट का निर्धारण किया गया है। तत्काल तीन गाड़ियों के परिचालन की तैयारी अंतिम चरण में है। आयुक्त श्री दास ने सभी जिला परिवहन पदाधिकारी को इस योजना को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के तहत धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। बैठक में आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क आनंद, पलामू के जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, गढ़वा के जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश एवं लातेहार के परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



**Facilities**
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

**CHAMBER**
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### एमपी के मुख्यमंत्री ने पीएम से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा के साथ शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए यह जानकारी दी। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई दिल्ली में आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर मध्य प्रदेश के विकास, प्रगति एवं जनहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### जेल में ही नया साल मनाएंगे सिसोदिया



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया को अदालत से कोई राहत नहीं मिली है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी कस्टडी टाइमिंग बढ़ा दी है। अब उनको 19 जनवरी 2024 तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल में ही रहना होगा। इस आदेश का मतलब है कि मनीष सिसोदिया अब जेल में ही नया साल मनाएंगे। दरअसल, आप नेता सिसोदिया की हिरासत पूरी होने के बाद शुक्रवार को उन्होंने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट में उनकी हिरासत 19 जनवरी तक बढ़ा दिया।

### वाशिंगटन में चोर बना रहे भारतीयों को निशाना



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य वाशिंगटन के बोथेल शहर में भारतीय-अमेरिकियों को निशाना बनाकर दिन के समय की जाने वाली चोरियों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी के बाद पुलिस ने लोगों को चेतावनी जारी की है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि चोरियां स्नोहोमिश काउंटी में 35वें एवेन्यू साउथईस्ट के साथ 180वीं स्ट्रीट साउथईस्ट और 228वीं स्ट्रीट साउथईस्ट में हो रही हैं। सिएटल स्थित कोमो टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, स्नोहोमिश काउंटी शेरिफ कार्यालय (एससीएसओ) ने बुधवार को तीन संदिग्धों की तस्वीरें जारी कीं और उनकी पहचान करने में सार्वजनिक सहायता मांगी।

### ईरानी और ओमानी विदेश मंत्रियों ने गाजा संघर्ष पर की चर्चा



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और उनके ओमानी समकक्ष सैय्यद बद्र हमद अल-बुसैदी ने फोन पर गाजा पट्टी के नवीनतम घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया और द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर चर्चा की। ईरानी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट की ओर से यह जानकारी दी गई है। ईरानी विदेश मंत्री ने गुरुवार को फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ इजरायली हमलों की निंदा की और इस बात पर जोर दिया कि इसके लिए अमेरिका भी जिम्मेदार है। समाचार एजेंसी शन्हुिआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने मई में ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और ओमानी सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद के बीच हुए समझौतों के कार्यान्वयन पर भी संतुष्टि व्यक्त की।

# उत्तरी गोलार्द्ध में साल की सबसे लंबी रात आज

**एजेंसी। भोपाल**

भारतीय समयानुसार, आज (22 दिसंबर) प्रातः 8 बजकर 57 मिनट पर सूर्य की किरणें मकर रेखा पर लबंवत होने के बाद यह कर्क रेखा की ओर अपनी वापसी यात्रा आरंभ कर रही है। इस कारण उत्तरी गोलार्द्ध के शहरों में आज दिन इस साल का सबसे छोटा और रात सबसे लंबी होगी। इस दौरान दिन की अवधि देश के अलग-अलग हिस्सों में 10 से 12 घंटे के बीच रहेगी, जबकि रात की अवधि 12 से 14 घंटे की रहेगी। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि आज विंटर सोलस्टिस का अवसर है, जिसमें अनेक खगोलीय तथ्य समाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि पृथ्वी के अपने अक्ष पर झुके हुए सूर्य की परिक्रमा करते रहने के कारण सूर्य किरणों का कोण किसी स्थान के लिए बदलता रहता है। उत्तरी गोलार्द्ध में अब तक सूर्य दक्षिण दिशा में जाता महसूस हो रहा था। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो आज 8 बजकर 57 मिनट के बाद सूर्य का उत्तरायण आरंभ हो चुका है। उन्होंने बताया कि विंटर सोलस्टिस की यह खगोलीय घटना 20, 21 ,22 या 23 दिसंबर को हो सकती है, लेकिन 20 या 23 दिसम्बर को यह कम ही होती है। यह घटना 23 दिसंबर को साल 2303 में होगी।



### कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ने पर दिन होता जाएगा छोटा

देश के नगर- सूर्योदय - सूर्यास्त - दिन की अवधि बढ़ते क्रम में

- अमृतसर - 07:26 - शाम 5:31 - 10 घंटे 05 मिनट 08 सेकंड
- शिमला - 07:15 - शाम 5:23 - 10 घंटे 07 मिनट 41 सेकंड
- नई दिल्ली - 07:09 - शाम 5:29 - 10 घंटे 19 मिनट 17 सेकंड
- गंगटोक - 06:21 - शाम 4:46 - 10 घंटे 24 मिनट 59 सेकंड
- आगरा - 07:03 - शाम 5:29 - 10 घंटे 25 मिनट 42 सेकंड
- जयपुर - 07:11 - शाम 5:38 - 10 घंटे 26 मिनट 52 सेकंड
- जोधपुर - 07:21 - शाम 5:50 - 10 घंटे 29 मिनट 32 सेकंड
- पटना - 06:31 - शाम 5:03 - 10 घंटे 32 मिनट 30 सेकंड
- अंबिकापुर - 06:34 - शाम 5:17 - 10 घंटे 42 मिनट 55 सेकंड
- कोलकाता - 06:12 - शाम 4:57 - 10 घंटे 45 मिनट 07 सेकंड
- द्वारका - 07:29 - शाम 6:15 - 10 घंटे 46 मिनट 31 सेकंड
- मुंबई - 07:07 - शाम 6:06 - 10 घंटे 59 मिनट 29 सेकंड
- चेन्नई - 06:26 - शाम 5:47 - 11 घंटे 21 मिनट 29 सेकंड
- बेंगुलरु - 06:37 - शाम 5:59 - 11 घंटे 21 मिनट 53 सेकंड
- कन्याकुमारी - 06:28 - शाम 6:07 - 11 घंटे 39 मिनट 22 सेकंड

## सांसदों के निलंबन के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, बोले खरगे

# सरकार ने लोकतंत्र को खत्म करने का काम किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में आईएनडीआईए घटक दलों के नेताओं ने शुक्रवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी और राजद सांसद मनोज झा सहित अन्य विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का नाम लिए बगैर कहा कि उन्हें यह जानकर बहुत धक्का लगा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग संसद में जाति का नाम लेकर कहते हैं कि उनका अपमान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोकतंत्र को खत्म करने का काम किया है।

उन्होंने शीतकालीन सत्र में 146 विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ जंतर-मतर पर आयोजित विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन में यह दावा भी किया कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के सभी नेता एकजुट हो गए हैं और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अकेले कुछ नहीं कर सकते। खरगे ने कहा, मुझे इस बात का बहुत धक्का लगा कि संवैधानिक पद पर बैठे लोग यह कहते हैं कि वो किसी जाति से संबंध रखते हैं और उनका अपमान किया गया।




### संसद सुरक्षा चूक के दौरान भाजपा के सांसद भाग गए : राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 13 दिसंबर को लोकसभा में दो लोगों द्वारा धुआं छिड़कने की घटना को देश में बढ़ती बेरोजगारी से जोड़ा। जंतर-मंतर पर शुक्रवार को 'लोकतंत्र बचाओ' विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान, राहुल गांधी ने संसद सुरक्षा चूक के बारे में कहा, दो युवक आए। उन्होंने दर्शक दीर्घा से छलांग लगाई और धुआं छिड़का। सभी भाजपा सांसद भाग गए। जो खुद को देशभक्त कहते हैं, हवा निकल गई उनकी। आप इसे टीवी पर नहीं देख सकते, लेकिन हमने देखा। यदि वे सिलेंडर ला सकते हैं तो कुछ भी ला सकते थे। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने ऐसा क्यों किया, ये जानना जरूरी है। बेरोजगारी। देश में बेरोजगारी है। युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं।


### राहुल ने संसद में घुसपैठ करने वालों का किया समर्थन : जोशी



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्षी दलों द्वारा सदन के अंदर और बाहर किए गए व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि 4 दिसंबर को जब संसद का सत्र शुरू हुआ था तब इन लोगों के पास वेल में आने का कोई बहाना नहीं था। राहुल गांधी पर राजनीतिक हमला जारी रखते हुए जोशी ने आगे कहा कि सबसे अधिक चिंता की बात तो यह है कि राहुल गांधी संसद की सुरक्षा में घुसपैठ करने वालों का समर्थन करते हैं। राहुल गांधी कहते हैं कि इन लोगों ने बेरोजगारी की वजह से ऐसा किया, उन्हें समझ ही नहीं आता कि वे क्या बोल रहे हैं।

### शीतकालीन सत्र में कुल 19 विधेयक पारित किये गये

संसद के शीतकालीन सत्र के समापन के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि इस सत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय न्याय संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 समेत कुल 19 विधेयक पारित किये गये। प्रह्लाद जोशी ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में कहा कि अनुच्छेद 370 से लेकर नई आपराधिक न्याय प्रणाली तक जो कुछ भी इन पांच वर्षों में हुआ वह ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि 4 दिसंबर को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हुआ था और 21 दिसंबर को संपन्न हो गया। इन 18 दिनों में 14 बैठकें हुईं और दोनों सदनों में 19 विधेयक पास किए गए। जोशी ने कहा कि जिस दिन संसद की सुरक्षा में चूक का मामला आया उस दिन भी संसद चली। इस दौरान कांग्रेस के सदस्य भी मौजूद थे, लेकिन अचानक विरोध शुरू हो गया जबकि इसके पहले स्पीकर ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी गंभीर घटनाएं घटीं और पिछली बार की तरह इस बार की घटना की भी जांच के आदेश दिये गये हैं।



## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 328 नए मरीज, एक की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 328 नए मरीज सामने आए हैं। इस दौरान एक संक्रमित व्यक्ति की मौत हो गई। देश के अन्य राज्यों के मुकाबले केरल की स्थिति गंभीर है। स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह साफ हुआ है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे में अकेले केरल में 265 नए मरीज सामने आए हैं। राष्ट्रीयस्तर पर नए मरीजों की संख्या में कुछ कमी आई है। कल 358 नए मरीज सामने आए थे। इस समय सक्रिय मरीजों की संख्या 2997 है। कोरोना का प्रकोप दक्षिण के राज्यों से ज्यादा है। उत्तर भारत के राजस्थान में तीन, उत्तर प्रदेश में एक, गुजरात में नौ, महाराष्ट्र में आठ, तमिलनाडु में 15, तेलंगाना में पांच और कर्नाटक में 13 मरीज सामने आ चुके हैं।

**छत्तीसगढ़: कोरोना के तीन नए मरीज मिले**

छत्तीसगढ़ में कोरोना ने एक बार फिर दस्तक दी है। पिछले 24 घंटे के भीतर कोरोना के 3 नए मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रायपुर, बिलासपुर और कांकेर जिले में एक-एक नए संक्रमितों की पुष्टि हुई है।

## महिला पहलवानों के साथ अन्याय के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार : कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि महिला पहलवानों के साथ अन्याय के लिए सीधे मोदी सरकार जिम्मेदारी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलवान बेटियों से यौन शोषण के मामले में आरोपित भाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह के सहयोगी संजय सिंह को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का नया अध्यक्ष चुने जाने के बाद साक्षी मलिक ने खेल से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। किसान की बेटी साक्षी मलिक ओलिंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला पहलवान हैं। सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार बेटियों की सुनने के बजाय अपने सांसद बृजभूषण का सहयोग कर रही है। यह भारत के खेल इतिहास का काला अध्याय है। यह दशार्ता है कि न्याय की आवाज उठाने वाली बेटियों को रिटायरमेंट के लिए मजबूर कर घर भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रजभूषण सिंह ने कुश्ती संघ के चुनाव के बाद कहा था कि दबदबा था, दबदबा रहेगा। यही नहीं, न्याय की गुहार लगा रही बेटियों को चिढ़ाते हुए एवं न्याय की उम्मीद कर रही देश की हर बेटी को साफ संदेश देते हुए ब्रजभूषण सिंह ने यह भी कह डाला कि जो पहलवान राजनीति करना चाहते हैं, वो राजनीति करें और जो कुश्ती करना चाहते हैं, वो कुश्ती करें। कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला ने कहा कि भारतीय कुश्ती संघ ही नहीं, बीसीसीआई से लेकर देश के सभी खेल संघों पर मोदी सरकार व भाजपा के नेताओं का कब्जा है। आज देश की बेटियां मोदी सरकार से सवाल पूछ रही हैं कि वो चुप क्यों है? संसद पहलवान बेटियों के अपमान पर चुप क्यों है? राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा-राज्यसभा के अध्यक्ष एवं सभापति, खेल जगत की नामी-गिरामी हस्तियां आज चुप क्यों हैं।

## इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में मिली जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एवं पार्टी उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में जमानत दे दी। दोनों को 10-10 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत को मंजूरी दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम मुख्य न्यायाधीश सरदार तारिक मसूद की तीन सदस्यीय पीठ ने सुनवाई के बाद जमानत को मंजूरी दी है। पीठ के दो सदस्यों में न्यायमूर्ति मंसूर अली शाह और न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह हैं। इससे पहले इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने जेल मुकदमे को शून्य घोषित कर दिया है। विशेष अदालत ने 13 दिसंबर को पीटीआई संस्थापक और उपाध्यक्ष को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 2023 के तहत सिफर मामले में दोषी ठहराया था। चैनल के अनुसार, दोनों नेताओं ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राजनयिक केबल के कथित दुरुपयोग से संबंधित अपराध में अपनी संलिप्तता के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान और कुरैशी के 23 अक्टूबर के अभियोग के खिलाफ याचिका पर भी सुनवाई की।

## राष्ट्रपति आज आएंगी जैसलमेर



### राष्ट्रपति की अगवानी के लिए राज्यपाल आज पहुंचेंगे जैसलमेर

**एजेंसी। जयपुर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को जैसलमेर के प्रवास पर रहेंगी। वे पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सेना के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। राष्ट्रपति मुर्मू की अगवानी के लिए राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को जैसलमेर पहुंचेंगे। राष्ट्रपति की जैसलमेर शहर में यात्रा के मद्देनजर प्रशासन व पुलिस की तरफ से खास तैयारियां की जा रही हैं। सेना के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में आयोजित राजीविका मिशन के महिला सहायता समूह लखपति दीदी के कार्यक्रम में शामिल होंगी और राजीविका की लाभार्थी महिलाओं से संवाद करेंगी। राज्यपाल कलराज मिश्र भी दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को जैसलमेर पहुंचेंगे। कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल मिश्र शनिवार, 23 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जैसलमेर पहुंचने पर उनकी अगवानी करेंगे। इसके बाद वे राष्ट्रपति के साथ पोकरण फील्ड फॉयरिंग रेन्ज और शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में होने वाले राजीविका मिशन के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

## केंद्र ने राज्यों को कर मद से अतिरिक्त 72,961 करोड़ रुपए जारी किए



नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार ने विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं और बुनियादी ढांचा विकास के वित्तपोषण के लिए राज्य सरकारों को 72,961.21 करोड़ रुपये की अतिरिक्त किस्त जारी करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि यह किस्त 10 जनवरी 2024 को राज्यों को देय कर हस्तांतरण किस्त और 11 दिसंबर 2023 को पहले ही जारी की गई 72,961.21 करोड़ रुपये की किस्त से अलग है।

## उपलब्धि स्वदेशी एयरोस्पेस प्लेटफॉर्म दुनिया की वायु सेनाओं के लिए विश्वसनीय विकल्प बने

# 'स्वदेशी रक्षा क्षमता ने निर्यात के दरवाजे खोले'

### ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को उठाने में भारत की सक्रिय भूमिका पर जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने शुक्रवार को कहा है कि भारत की बढ़ती स्वदेशी रक्षा क्षमता ने पहले से ही साझेदारी और निर्यात के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर और आकाश मिसाइल सिस्टम और रडार जैसे स्वदेशी एयरोस्पेस प्लेटफॉर्म दुनिया की वायु सेनाओं के लिए विश्वसनीय विकल्प बन गए हैं। इस कार्यक्रम में वायु सेना के दो अधिकारियों की पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी आज नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 20वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज ने 'भारत और वैश्विक दक्षिणः चुनौतियां और अवसर' विषय पर यह सेमिनार आयोजित किया गया था। एयर चीफ मार्शल ने अपने उद्घाटन भाषण में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को उठाने में भारत की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया।


एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी


उन्होंने वायु शक्ति की प्रासंगिकता, रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने और वैश्विक दक्षिण की सामूहिक उन्नति में योगदान देने के लिए भारतीय वायुसेना की आवश्यकता पर बात की।

उन्होंने कहा कि साझेदार देशों के साथ नियमित प्रशिक्षण गतिविधियों के दौरान भारतीय वायु सेना ने संचालन और रखरखाव में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया है। उन्होंने भारतीय सैन्य सलाहकार टीमों की भूमिका, भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से पेश किए गए पाठ्यक्रमों का भी उल्लेख किया, जिसने नागरिक और रक्षा दोनों क्षेत्रों में 2 लाख से अधिक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने का मार्ग प्रशस्त किया। सीएएस ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में भारतीय वायुसेना ने ग्लोबल साउथ के देशों से 5000 से अधिक विदेशी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि एलसीए, एलसीएच, आकाश मिसाइल सिस्टम और रडार जैसे स्वदेशी एयरोस्पेस प्लेटफॉर्म ग्लोबल साउथ की वायु सेनाओं के लिए प्रतिस्पर्धी और विश्वसनीय विकल्प प्रदान करते हैं, जिससे भारत के आर्थिक और तकनीकी दबदबे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बचाव एवं राहत कार्यों के संचालन में भारतीय वायुसेना की भूमिका को दोहराया, जिसने वैश्विक दक्षिण में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को और मजबूत किया है। इस कार्यक्रम में वायु सेना प्रमुख ने दो पुस्तकों का विमोचन भी किया। इनमें एयर मार्शल (डॉ.) दीप्तेंदु चौधरी (सेवानिवृत्त) की पुस्तक 'इंडियन एयर पावरः कंटेम्परेरी एंड फ्यूचर डायनेमिक्स' और एयर वाइस मार्शल सुरेश सिंह की 'एयरोइंजन फंडामेंटल्स एंड लैंडस्केप इन इंडियाः ए वे फॉरवर्ड' पुस्तक है।

फिल्म जगत

## रिलीज होते ही ऑनलाइन लीक हुई शाहरुख की नई फिल्म 'डंकी'




**वर्ष 2023** में बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कई फिल्में पायरेसी का शिकार हो हुई हैं। इस साल में अब तक 'द केरला स्टोरी', 'पठान', 'जवान', 'गदर-2' समेत कई बड़ी फिल्में रिलीज होते ही लीक हो चुकी हैं। इसके बाद भी इन फिल्मों की कमाई पर कोई असर नहीं पड़ा। लीक होने वाली फिल्मों की सूची में शाहरुख खान की नई फिल्म 'डंकी' का भी नाम जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' रिलीज होते ही एचडी प्रिंट में कई ऑनलाइन साइट्स पर लीक हो गई है। माना जा रहा है कि फिल्म के ऑनलाइन लीक होने से 'डंकी' की कमाई पर असर पड़ सकता है। इससे पहले भी कई फिल्में लीक हो चुकी हैं, लेकिन उनका फिल्मों की कमाई पर कोई खास असर नहीं पड़ा था। अब देखना होगा कि फिल्म 'डंकी' पर इसका कितना असर पड़ता है। 'सैक्निल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'डंकी' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर जोरदार शुरूआत की है।